चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 231, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 20 सितंबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

मोदी का विजन, नारी शक्ति वंदन...

संसद में नारी शक्ति वंदन विधेयक पेश...

'आधी आबादी' को मोदी का तोहफा...

27 साल का इंतजार, अब सपना साकार....

जी-20: पीएम मोदी का मुरीद हुआ व्हाइट हाउस

वाशिंगटनः इस साल भारत की अध्यक्षता में हुआ जी-20 शिखर सम्मेलन काफी सफल रहा। दुनियाभर में जी-20 की सफलता की प्रशंसा हो रही है। व्हाइट हाउस सम्मेलन के बाद से ही भारत और पीएम मोदी की तारीफों के पुल बांध रहा है। एक बार फिर अमेरिका ने जी-20 की अध्यक्षता के लिए भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया और कहा कि

राष्ट्रपति जो बाइडन दिल्ली में नेताओं के शिखर सम्मेलन से बहुत सकारात्मक और आशावादी महसूस कर रहे

राष्ट्रपति जो बाइडन दिल्ली में नेताओं के शिखर सम्मेलन से बहुत सकारात्मक और आशावादी महसूस कर रहे हैं। अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के रणनीतिक संपर्क समन्वयक जॉन किर्बी ने एक सवाल के जवाब में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि बाइडन जी-20 से आने के बाद से ही बेहद सकारात्मक और आशावादी महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेरा मतलब है कि जी-20 में जरूरी मुद्दों पर सफल बात हुई। इसलिए हम सभी जी-20 की सफल अध्यक्षता के लिए प्रधानमंत्री मोदी और भारत के आभारी हैं। किर्बी ने नौ और 10 सितंबर को दिल्ली में हुए शिखर सम्मेलन का जिक्र करते हुए कहा कि यह दो दिन बहुत ही सार्थक रहे। दरअसल, जॉन किर्बी संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78वें उच्च स्तरीय सत्र के लिए अमेरिका की।

पंजाब में बड़ा हादसाः सरहिंद नहर में गिरी निजी बस

मुक्तसर

पंजाब के मुक्तसर में कोटकपुरा रोड पर गांव झबेलवाली के पास एक निजी कंपनी की बस सरहिंद नहर में जा गिरी। पुलिस और प्रशासन मौके पर पहुंचा गया है। हादसे में पांच लोगों की मौत की सूचना है। हालांकि आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। वहीं करीब 10 से अधिक लोग घायल हैं। 40 यात्रियों का रेस्क्यू कर लिया गया है। हादसे के समय बस में 60-65 यात्री सवार थे। घटना दोपहर करीब एक बजे की है। हादसे के कारण का अभी पता नहीं चल पाया है। मौके पर एसएसपी हरमनबीर सिंह गिल और विभिन्न थानों की पुलिस मौजूद है। बस मुक्तसर से कोटकपूरा की तरफ जा रही थी। घटनास्थल पर हलका विधायक जगदीप सिंह काका बराड़ भी पहुंचे हैं। बताया जा रहा है कि हादसे के वक्त बस काफी रफ्तार में थी। बस नहर के किनारे लगी लोहे की ग्रिल को तोड़ते नहर में जा गिरी

है।

सीएम मान ने किया ट्वीट

मुक्तसर हादसे में सीएम भगवंत मान ने ट्वीट किया। उन्होंने लिखा कि मुक्तसर-कोटकपूरा रोड पर नहर में एक प्राइवेट बस के दुर्घटनाग्रस्त होने की दुखद खबर... प्रशासन की टीमें मौके पर मौजूद हैं... बचाव कार्य की पल- पल की जानकारी ले रहा हूं... भगवान आप सभी को अच्छा स्वास्थ्य प्रदान करें ... हम बाकी विवरण जल्द ही साझा करेंगे।

पुराने संसद भवन को संविधान सदन के रूप में जाना जाए: प्रधानमंत्री मोदी

नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आज हम यहां से विदाई लेकर संसद के नए भवन में जा रहे हैं लेकिन हमें पुराने भवन की भी प्रतिष्ठा बरकरार रखनी चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि पुराने संसद भवन को संविधान सदन के रूप में जाना जाए। प्रधानमंत्री मंगलवार को विशेष सत्र के दौरान संसद को नई इमारत में शिफ्ट करने से पहले सेंट्रल हॉल में सांसदों को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं दीं और कहा कि आज नए संसद भवन में हम सब मिलकर नए भविष्य का श्रीगणेश करने जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, हम भारत को एक विकसित राष्ट्र में बदलने के संकल्प और दृढ़ संकल्प के साथ नए संसद भवन की ओर बढ़ रहे हैं। पुराने संसद भवन को संविधान सदन

के नाम से पुकारे जाने का सुझाव देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, इस भवन को पुरानी संसद कहकर नहीं छोड़ना चाहिए। मैं उपराष्ट्रपति महोदय और स्पीकर महोदय से प्रार्थना करूंगा कि भविष्य में इसे संविधान सदन के रूप में जाना जाए। उन्होंने कहा कि आज नए संसद भवन में हम सब मिलकर, नए भविष्य का श्रीगणेश करने जा रहे हैं। आज हम यहां विकसित भारत का संकल्प दोहराने, संकल्पबद्ध होने और उसको परिपूर्ण करने के लिए जी-जान से जुटने के इरादे से नए भवन की तरफ प्रस्थान कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने सवाल किया कि क्या छोटे कैनवास पर बड़ी पेंटिंग बनाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि अपनी सोच का दायरा बढ़ाए बिना हम अपने सपनों का भव्य भारत नहीं बना सकते।

खबर संक्षेप

साहू कल्याण समिति यमुनापार की एक आवश्यक बैठक हुई

नैनी। नैनी साहू कल्याण समिति यमुना पार नैनी की एक आवश्यक बैठक ग्रीन गार्डेन गेस्ट हाउस नैनी में 2अक्टूबर राष्ट्र पिता महात्मा गांधी जयंती समारोह के संबंध में चर्चा हुई। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रयागराज के मेयर गणेश केसरवानी विशिष्ट अतिथि सर्व वैश्य चेतना समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरि ओम साहू साहू एकता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद साहू, कृष्ण कुमार साहू, दुर्गा प्रसाद साहू मिलन साहू होगे। समारोह की अध्यक्षता ओम प्रकाश साहू व संचालन राम सागर गुप्ता करेंगे। बैठक में के पी गुप्ता, डी डी गुप्ता, अमृत लाल साहू, सत्य नारायण गुप्ता, लाल बहादुर साहू राम सागर गुप्ता, कमलेश साहू श्याम देव साहू, रविंद्र गुप्ता अजीत साहू प्रेम चंद्र साहू, उमा शंकर साहू आदि लोगों ने विचार व्यक्त किया।

दूसरे दिन भी सीएचसी पहुंचीं तीन छात्राएं 2 की हालत ठीक, एक को किया रेफर

अखंड भारत संदेश

मेजा। सोमवार को मेजा कोतवाली क्षेत्र के गेदुराही स्थित गुलाब शंकर यादव इंटर कॉलेज के लगभग तीन दर्जन छात्राएं अचानक बीमार होकर सीएचसी मेजा पहुंचे थे, जिससे अस्पताल महकमा और स्थानीय प्रशासन में हड़कंप मच गया था।वहीं मंगलवार को दोपहर 3 छात्राएं इलाज के लिए सीएचसी पहुंची, जिससे एक बार फिर कुछ समय के लिए सीएचसी में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।बता दें कि तीनों बालिकाएं कल जी बीमार हुई थी।उनके।परिजनों ने मेजा निजी क्लीनिक में।इलाज कराकर घर चले गए।जहां सुबह होते ही उन्हें सांस लेने में समस्या हुई तो परिजन बच्चियों को लेकर सीएचसी पहुंच गए। गौरतलब है कि सोमवार को तीन दर्जन से अधिक छात्राएं घबड़ाहट, सर दर्द , सांस फूलना आदि की बीमारी से पीड़ित होकर कुछ सीएचसी मेजा पहुंचे थे और कुछ निजी अस्पताल में इलाज कराया। फिलहाल शाम तक सभी छात्रों को स्वास्थ्य बताकर घर भेज दिया गया था। सोमवार को ही स्कूल प्रबंधन ने कालेज को एक सप्ताह के लिए बंद कर दिया था। सीएचसी के सीनियर डॉक्टर शमीम अख्तर ने बताया कि रोशनी देवी पुत्री शिवनाथ सरोज (15) व तनु पुत्री राजबहादुर (14) सुबह और अंजली दोपहर बीमारी की अवस्था में हास्पिटल पहुंची थी, जिनमें तनु और अंजली को फस्टएड देकर घर भेज दिया गया। रोशनी की हालत में सुधार न होने पर परिजनों के कहने पर एसआरएन के।लिए रेफर कर दिया।दूसरे दिन भी बच्चियों की हालत बिगड़ने से स्कूल से संबंधित अभिभावक अपने बच्चों को लेकर भयभीत हैं।

कविता की वाचिक परम्परा में लोकसाहित्य को संजोने की जरूरत : अशोक बेशरम

करछना। हमारा लोक साहित्य अपने अनूठे युग बोध के साथ,अपनी माटी की महक से अनुरंजित शब्द शक्तियों का दस्तावेज है। काव्य साहित्य की विधा में आदिकाल से लेकर आधुनिक काल तक सर्वसमाज में व्याप्त अवधारणा और यथार्थ का पर्याय बने अपने लोकसाहित्य को मंचीय कविता और वाचिक परम्परा में अनवरत संजोये रखने की जरूरत है। एसआईटी साधुकुटी में यह बातें माटी के गीतों का लोकरंग बिषय पर शोध कर रहे आकाशवाणी दूरदर्शन कार्यक्रमों के संचालक और वरिष्ठ हास्य कवि अशोक बेशरम ने संस्थान से जुड़े नवोदित लेखकों के बीच कही। उन्होंने कहा कि हमारे लोक साहित्य में अपने गांव,गिरांव,घर-आंगन,खेत सिवान की प्रकृति के साथ-साथ अपनी लोक संस्कृति,संस्कार और सामाजिक परंपरा की अनुगूंज सुनाई देती है। लोकसाहित्य में समकालीन परिदृश्य,परिस्थितियों और संवेदनाओं की अभिव्यक्ति हमें अतीत एवं वर्तमान के बीच चिन्तन बोध से जोड़ती है तो वहीं मानवता और जीवन मूल्यों के प्रति प्रेरित करती हैं। लोक साहित्य में बोली-बानी का गहबर लोकरंग बसाये शब्द सर्जना का माध्यम बने गीत, कविता, गद्य, पद्य जैसे विविध रूपों में अपने कथ्य के साथ मंचों पर भी जीवन्त रहे,इसके लिए शब्दशिल्पियों को आगे आने की जरूरत है। आज के बदलते परिवेश में इस भीड़ से अलग और भी मजबूती के साथ पांव जमाये रहने की जरूरत है।

न्यूज झरोखा

सेंट पीटर्स स्कूल में बच्चों को दी गई अग्निशमन यंत्र संबंधित जानकारी

सावधानी एवं संयम से कैसे करे दुर्घटना का सामना : शिवानी खेड़ा सोनी

सिरसा। मेजा क्षेत्र विकास खण्ड उरुवा के अंतर्गत सेंट पीटर्स स्कूल छतवा सिरसा में सोमवार को अग्निशमन यंत्र और उससे संबंधित जानकारी स्कूल के बच्चों को अग्निशमन मेजा की टीम द्वारा स्कूल की प्रधानाचार्या शिवानी खेड़ा सोनी के संरक्षण में दी गई। जिसमे आग लगने पर सुरक्षा उपकरणों के बारे में विस्तार से बच्चों को जानकारी दी गई। बच्चों को आग लगने पर अग्निशमन यंत्र चलाने का प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्या शिवानी खेड़ा सोनी ने बताया कि बच्चों की जागरूकता के लिए यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया हैं। बच्चों को कई प्रकार की सावधानी एवं सुरक्षा के करतब कर के दिखाए गये ।जिसमें बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया और समस्या की गंभीरता को समझा और पर्यावरण को विनाशकारी अवांछित अग्नि को बुझाने या नियंत्रण कैसे करे उसके बारे में भी समझाया गया। मौके पर मौजूद रहे सभी शिक्षक गण और कर्मचारी लोग उपस्थित रहे।

सीएचसी रामनगर में किशोर स्वास्थ्य मंच का हुआ आयोजन

सिरसा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर प्रयागराज के अधीक्षक डॉक्टर नीरज सिंह पटेल एवं आशीष द्विवेदी ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक के प्रबंधन में किशोर स्वास्थ्य मंच का आयोजन किया गया पहला किशोर स्वास्थ्य मंच दिनांक 15 सितंबर को कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय बरी में मनाया गया एवं दूसरा किशोर स्वास्थ्य मंच आज दिनांक 19 सितंबर को श्रीमती धर्मशिला कन्या इंटर कॉलेज रामनगर में मनाया गया आरबीएस के टीम द्वारा कॉलेज के छात्रों का स्वास्थ्य चेक अप किया गया। आरकेएसके ब्लॉक कॉर्डिनेटर मनोज कुमार द्वारा छात्रों को स्वस्थ जीवन के बारे में जानकारी प्रदान की गई छात्राओं को पोषण व्यक्तिगत साफ सफाई व नशा वृद्धि मानसिक रोग आदि पर विस्तार पूर्वक बताया गया। छात्राओं द्वारा प्रदर्शित कला पर विजेता को पुरस्कार प्रदान किया गया। छात्राओं को सैनिटरी पैड प्रदान किया गया । किशोर स्वास्थ्य मंच कार्यक्रम में डॉ, अतिका खान, अंकित पांडे, रत्नेश राय डी एन राम,लवकुश यादव,आरपी सिंह एवं कालेज के प्रधानाचार्य एवं शिक्षक का भरपूर सहयोग से कार्यक्रम सफलपूर्वक संपन्न हुआ।

बरहुला प्रा. विद्यालय शिक्षक संकुल स्तरीय मासिक बैठक संपन्न

लालापुर। न्याय पंचायत मानपुर विकास खंड जसरा की शिक्षक संकुल स्तरीय मासिक बैठक प्राथमिक विद्यालय बरहुला के प्रांगण में पूर्ण निर्धारित एजेण्डे के अनुसार संपन्न हुई। बैठक का प्रारंभ प्रधानाध्यापक राघवेंद्र नाथ त्रिपाठी एवं प्रधानाध्यापक कनकलता द्वारा सरस्वती माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।तत्पश्चात मेजबान विद्यालय के बच्चो द्वारा सरस्वती वंदना और कविता गीत प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात नोडल शिक्षक संकुल अभिनव उपाध्याय द्वारा द्वारा वर्तमान समय में विभाग द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। तत्पश्चात निपुण लक्ष्य प्राप्ति हेतु शिक्षण तकनीकों एवं योजनाओं के बारे में एवं 10 पॉइंट टूल किट के बारे में बताया गया । बैठक की अगली कड़ी में शिक्षक संकुल अजय कुमार सितंबर माह में आयोजित नेट परीक्षा के अनुभव साझा किए गए, एवं परीक्षा में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के उपाय के विषय में चर्चा की गई। बैठक के अन्य बिंदुओ पर क्रमवार व विस्तार पूर्वक परिचर्चा की गई। सहायक अध्यापक सुनीता कनौजिया द्वारा शिक्षण कार्य करते समय टीएलएमके प्रयोग का सुंदर प्रस्तुतीकरण दिया गया। बैठक के अंत में मेजबान विद्यालय के प्रधान अध्यापक मनोज शुक्ल द्वारा उपस्थित प्रतिभागियो को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। आज के बैठक में मुख्य रूप से राघवेंद्र नाथ त्रिपाठी, देवशरण पांडे, कनक लता ,शिक्षक संकुल अजय कुमार ,लक्ष्मी नारायण पांडे, स्वाति सिंह , अंकिता शुक्ला एवं मानपुर संकुल के समस्त विद्यालयों के प्रधानाध्यापक ,सहायक अध्यापक ,शिक्षा मित्र उपस्थित रहे । बैठक का संचालन शिक्षक संकुल लक्ष्मी नारायण पांडे द्वारा किया गया।

भारत माता की जयकारे के साथ कोड़ापुर में निकली कलश यात्रा

फूलपुर। शासन के निर्देश पर वीर शहीदों की याद में मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत सोमवार को कोड़ापुर ग्राम पंचायत सचिवालय से कलश यात्रा निकाली गई। ग्राम प्रधान कोड़ापुर फूलकली रावत के नेतृत्व में वीर शहीद अमर रहे, वंदेमातरम ,भारत माता के जयकारे के साथ गांव के कई मोहल्ले में घूमी जहां घर घर लोगो ने अच्छत और मिट्टी कलश में डाल कर बीर शहीदों को नमन किया। इस दौरान प्रधानपति वरिष्ठ पत्रकार मौजी लाल रावत ने कहा की देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 9 वर्षो के कार्यकाल में देश का नाम विश्व पटल पर विख्यात करने का किया है। इस मौके पर ग्राम पंचायत विकास अधिकारी संतोष कुमार सिंह ने कहा कि भाजपा शासन काल में गांवो के विकास के लिए प्रशंसनीय काम हुआ है। मौके पर पंचायत सहायक रेनू भारतीय,कोटेदार फूलचंद्र पटेल,सफाई कर्मचारी राम प्रसाद ,रमा शंकर मौर्य,राम कैलाश मौर्य,जितेंद्र कुमार,मनीष कुमार,अमरनाथ गौतम,लालजी पटेल,बाबूजी पटेल,राम बाबू भारतीय,शकुंतला देवी,वर्षा,श्वेता रावत,फूलचंद्र यादव,जमुना प्रसाद वनवासी,शांति देवी,सुनीता ,कंचन देवी,देवी,बविता गुप्ता,माला गुप्ता,सुमित्रा गुप्ता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

फूलपुर विकास खण्ड में 22 सितम्बर को लगेगा दिव्यांग शिविर

फूलपुर। दिब्यांगो को विभिन्न सरकारी योजनाओं से लाभान्वित करने तथा दिव्यांग प्रमाणपत्र से वंचित दिब्यागों को प्रमाण पत्र देने के उद्देश्य से फूलपुर विकास खण्ड में 22 सितम्बर को दिव्यांग शिविर का आयोजन किया गया है। दिब्यांगो को कृत्रिम अंग/ सहायक उपकरण योजनान्तर्गत लगने वाले शिविर में दिब्यागों का चिकित्सकीय परीक्षण करने के बाद जहां उन्हें दिव्यांग प्रमाणपत्र मिलेगा वहीं उनका यूनिक डिसएबिलिटी कार्ड (यूडीआईडी) भी बनाने का काम किया जाएगा। दिब्यागों के हित में लगने वाला यह शिविर अलग- अलग तिथियों में जनपद के सभी विकास खण्डों में लगेंगे।

सीसीटीवी कैमरों से होगी गांवों की निगहबानी, सार्वजनिक स्थानों पर भी लगेंगे पब्लिक एड्रेस सिस्टम व सीसीटीवी कैमरे

फूलपुर। शहरों में अपराध नियंत्रण के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने की कवायद तो पुरानी है, मगर गांवों में तकनीकी के इस्तेमाल से अपराध रोकने की परिकल्पना सच साबित होगी। 'ऑपरेशन त्रिनेत्र' के तहत अब सम्पूर्ण गतिविधियों की जानकारी हेतु पंचायत भवन के अलावा अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भी सीसीटीवी कैमरे व पब्लिक एड्रेस सिस्टम लगवाए जाएंगे। वैसे तो गांव के पंचायत भवनों में सीसीटीवी कैमरे तो लगाए गए हैं परन्तु आए दिन चोरी की घटनाएं होती रहती हैं। अन्य स्थानों पर भी सीसीटीवी कैमरे लगने से निगहबानी को मजबूती मिलेगी। गांव में कैमरे लगने से आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने, पुलिस को मामले का खुलासा करने में आसानी हो,साथ ही महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के मकसद से सरकार ने इस पहल की शुरूआत की है। राज्य वित्त आयोग सहित अन्य मदो से लगने वाले सीसीटीवी कैमरों को लगाने के लिए सरकार जनप्रतिनिधियों सहित अन्य सामाजिक संगठनों, एनजीओ से भी गांवों में सीसीटीवी कैमरा लगवाने के लिए अपील करेगी। सीटीवी कैमरों की देखभाल की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत की होगी।

सड़क पार कर रहे अधेड़ को बाइक ने मारी टक्कर घायल, अस्पताल में भर्ती मुकदमा दर्ज

मऊआइम। सड़क पार कर रहे अधेड़ को माइक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिस से अधेड़ गम्भीर रूप घायल हो गया।जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के कहली कुशहरा गांव निवासी दिनेश कुमार का आरोप है कि उस के पिता बंशीलाल अपने घर से निकल कर सड़क पार कर रहे थे कि सामने से तेज रफ्तार से नशे में धुत आ रहे बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी ।जिस से बंशीलाल के सिर और कूहला में गम्भीर चोटे आई है। जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बंशीलाल के पुत्र दिनेश कुमार की तहरीर पर पुलिस ने बाइक चालक मनोज कुमार पुत्र रामबहादुर निवासी चक शेख उर्फ पूरे तोड़ी तेज पुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

करछना ब्लाक में 169 मुख्यमंत्री आवास के पात्र हुए लाभान्वित

अखंड भारत संदेश

विधायक पियूष रंजन ने सभी को मुख्यमंत्री आवास के लाभार्थियों को प्रदान किए प्रमाण पत्र

करछना। प्रयागराज विकासखंड करछना की 80 ग्राम पंचायतों से चयनित आदिवासी विकलांग ,कोल ,मुशहर आदि गरीब श्रेणी में आने वाले आवास के पात्र भारतीयों को विकासखंड करछना के सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम में 169 मुख्यमंत्री आवास के पत्र लाभान्वित हुए उक्त कार्यक्रम में विधायक पियूष रंजन निषाद ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि करछना कमलेश द्विवेदी चाका ब्लाक प्रमुख अनिल कुमार पटेल, खंड विकास अधिकारी धीरेश गुप्ता व अन्य पदाधिकारी के बीच सभी पात्र लाभार्थियों को मुख्यमंत्री आवास प्रमाण पत्र प्रदान किया इस अवसर पर उप जिलाधिकारी करछना राजेश श्रीवास्तव, प्रधान प्रतिनिधि सुरेश कुमार पांडे कमल मिश्रा समस्त पंचायत सचिव व प्रधान गण एवं पात्र लाभार्थी मौजूद रहे इस मौके पर विधायक ने कहा कि सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना को पटल पर लाने के लिए गरीबों को मदद के लिए प्रदेश एवं केंद्र सरकार हर संभव प्रयास गरीबों के लिए कर रही है तथा आगे भी करती रहेगी चाहे शौचालय हो चाहे आवास हो या अन्य योजना इस अवसर पर आंगनबाड़ी केंद्र की 1 वर्ष के छोटे बच्चों को विधायक ने अन्नप्राशन भी कराया इस अवसर पर प्रमुख लोगों में भाजपा के नवनियुक्त यमुना पार जिला अध्यक्ष विनोद कुमार प्रजापति, त्रिवेणी पांडेय, प्रधान संघ अध्यक्ष अवतार किशन सिंह एडवोकेट, महामंत्री धीतेश तिवारी प्रधान चनैनी चंद्र प्रकाश तिवारी कबरा, सचिव कमल सिंह,राम सकल, संजीव श्रीवास्तव, मनीष कुमार यादव, अमृत कुमार यादव, इंद्र कुमार यादव, आशीष कुमार, मनरेगा प्रभारी मनीष शुक्ला, आवास बाबू ब्रिजेश द्विवेदी महेंद्र कुमार यादव,सचिन यादव रोजगार सेवक दुष्यंत प्रताप सिंह, अतुल मिश्रा आदि बड़ी संख्या में ब्लाक कर्मी मौजूद रहे।

18 लाभार्थियों को मिले सपनो के घर की स्वीकृति पत्र

मेजा। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण और मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत वर्ष 2023-24 में स्वीकृत आवास के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन मेजा ब्लॉक के सभागार में किया गया। ब्लॉक प्रमुख मेजा गायत्री मिश्रा ने मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के 18 लाभार्थियों जिसमे 12 दिव्यांग,4 आदिवासी और 2 अन्य को स्वीकृति पत्र प्रदान किए। स्वीकृति पत्र पाकर लाभार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी सरिता सिंह ने योजना के आवास निर्माण कार्य को लेकर दिशा-निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान दोनों योजनाओं के लाभार्थियों को योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बीडीओ ने बताया कि विकास खंड मेजा अंतर्गत पीएम आवास योजना ग्रामीण 2023-24 के लिए कुल 586 लाभार्थी चयनित हुए हैं,जिसमें सामान्य वर्ग 572, अल्प संख्यक के 14 हैं,जबकि सीएम आवास योजना ग्रामीण के कुल 286 जिसमें 224,दिव्यांग 47 और अनुसूचित जाति के 15 लाभार्थी हैं। इस मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि गंगा प्रसाद मिश्र,पूर्व ब्लॉक प्रमुख मेजा मुन्नन शुक्ल,सहायक विकास अधिकारी(पंचायत)अखिलेश तिवारी,भाजपा मंडल मंत्री मेजा संजय तिवारी,भाजपा नेता गांधी जी आदि मौजूद रहे।

भगवान गणेश विघ्नहर्ता ज्ञान एवं बुद्धिमत्ता के देवता हैं : अंकिता खेड़ा

गणेश चतुर्थी पर सेंट पीटर्स स्कूल में आयोजित हुई गणेश मेकिंग प्रतियोगिता

अखंड भारत संदेश

मेजा। भगवान गणेश शिव जी छोटे पुत्र हैं इनकी लीला अपरम्पार है इनका वाहन चूहा है। किसी भी शुभ कार्य को करने के पूर्व सर्व प्रथम इनकी पूजा की जाती है। भगवान गणेश ज्ञान और बुद्धिमत्ता के सागर होने के साथ साथ बाधाओं का हरण करने वाले सर्वश्रेष्ठ देवता हैं। उक्त बातें सेंट पीटर्स को एजुकेशनल इंग्लिश मीडियम स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती अंकिता खेड़ा ने मंगलवार को गणेश चतुर्थी के अवसर पर स्कूल में आयोजित गणपति मेकिंग प्रतियोगिता के दौरान बच्चों को संबोधित करती हुई कहीं। उल्लेखनीय है कि गणेश चतुर्थी पर स्कूल की वरिष्ठ शिक्षक एवं शिक्षिकाओं संगीता सिंह बबिता सिंह जगदीश सिंह सन्नी द्विवेदी तथा हेमंत कुमार के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में आयोजित हुई गणपति मेकिंग प्रतियोगिता में स्कूल के नौनिहालों ने काफी बढ चढ कर भागीदारी किया। इस दौरान स्कूल के बच्चों ने भगवान गणेश की मिट्टी से आकर्षक प्रतिमा बनाकर अपने अपने हुनर का प्रदर्शन किया साथ ही साथ काफी जोश एवं उल्लास के साथ गणपति बप्पा मोरया मंगल मूर्ति मोरया का नारा भी लगाए। प्रतियोगिता में बच्चों का उत्साह वर्धन करती हुई प्रिंसिपल श्रीमती खेड़ा ने कहा कि यह पर्व भगवान गणेश को नई शुरूआत के देवता और बाधाओं को दूर करने के साथ साथ ज्ञान और बुद्धि मत्ता के देवता के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि भगवान गणेश माता पार्वती और शिव के छोटे पुत्र हैं इनकी महिमा अपार है इनकी पूजा करने से मानव की संपूर्ण बाधाएं न सिर्फ दूर होती है बल्कि वह धन धान्य से भी परिपूर्ण हो जाता है। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने स्कूल के सभी प्रतिभागी छात्र छात्राओं तथा शिक्षकों का आभार ब्यक्त करती हुई गणेश चतुर्थी की बधाई दिया।

गणेश चतुर्थी पर मूर्ति स्थापित कर पूजा पाठ के साथ गणेश महोत्सव शुरू

सहसों। नव दिवसीय चलने वाले गणेश महोत्सव पर विधिवत तैयारियों के साथ सहसों बाजार में व्यापारियों व ग्रामवासियों के सहयोग से केसरवानी धर्मशाला में मंगलवार को गणेश चतुर्थी पर आधुनिक विद्युत झालरों से सुसज्जित एवं तरह-तरह के फूल मालाओं से सजावट के साथ पूजा पंडाल में गणेश जी की प्रतिमा स्थापित कर आचार्य पंडित विमल कुमार शुक्ल द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार से विधि विधान पूर्वक विघ्नहर्ता, मंगल करता, भगवान गणेश जी का आवाहन करते हुए भक्तों ने भगवान गणेश जी की आराधना एवं पूजा पाठ किया। धूप दीप स्तुति एवं पूजा पाठ के उपरांत मुख्य यजमान विनय केसरवानी पत्नी मंजू देवी सहित सैकड़ों भक्तों ने महा आरती किया तत्पश्चात भक्तों में प्रसाद का वितरण कराया गया। इस अवसर पर जयेश केसरवानी सहित बाजार के आदि युवक, युवतियां तथा भक्तजन सहयोग करते हुए उपस्थित रहे।

आवास स्वीकृत पत्र पाकर लाभार्थी हुए खुश

सहसों। मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत मंगलवार को विकास खण्ड सहसों के सभागार में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक प्रवीण पटेल एवं जिला अध्यक्ष भाजपा गंगापार कविता पटेल के हांथो पात्र लाभार्थियों को मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत डिजिटल अंतरण व स्वीकृति प्रमाण पत्र दिया गया। अंतरण एवं स्वीकृति प्रमाण पत्र पाकर लाभार्थियों के चेहरे पर खुशी छा गई। मुख्य अतिथि ने कहा कि सरकार छत विहीन हर व्यक्ति को आवास उपलब्ध करा रही है इसके साथ-साथ सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक जरूर पहुंचेगी। जिला अध्यक्ष भाजपा गंगापार ने कहा सरकार सभी की प्रगति व उन्नति के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाएं चलाकर खुशहाल बनाने के लिए सतत प्रत्याशील है। मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत विकास खण्ड के वित्तीय वर्ष 2023 24 में कुल स्वीकृत 73 जिसमें दैवीय आपदा के 11 एवं दिव्यांगजन के 62 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र दिया गया। संचालन भाजपा नेता राकेश बहादुर सिंह ने किया। इस मौके पर उपस्थित पुष्कर सिंह, भूपेंद्र मिश्रा एवं वीरेन्द्र बहादुर सिंह ने क्षेत्रीय विधायक तथा भाजपा जिला अध्यक्ष गंगापार से विकास खण्ड में जिन गांवों को सम्मिलित होना है उन ग्राम पंचायतों को शासन स्तर से विकास खण्ड में सम्मिलित कराने का अनुरोध के साथ मांग किया। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी देव कुमार, परियोजना निदेशक अशोक मौर्य, जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार अनिरुद्ध सिंह पटेल, ग्राम प्रधान विजयलक्ष्मी सिंह चंदेल, प्रमुख प्रतिनिधि शिवनारायण सिंह गप्पू सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

पीएम के जन्मदिन पर युवाओं में जगाई शिक्षा, चिकित्सा व सामाजिक चेतना

अखंड भारत संदेश

कोरांव। नरेंद्र मोदी के जन्मदिन व भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री बीपी सिंह के पौत्र कुंवर दिवाकर प्रताप सिंह ने क्षेत्र के पैंतिहा गांव में युवाओं के साथ बैठक कर जहां केक काटकर उत्साह के साथ पीएम नरेंद्र मोदी का जन्मदिन मनाया वहीं महान शिल्पी भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान कुंवर दिवाकर प्रताप सिंह ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा पूरी दुनिया के शिल्पकार थे। इनके बाद देश के दूसरे शिल्पकार नरेंद्र मोदी जी हैं। वह बहुत ही सौभाग्यशाली थे कि दुनिया के शिल्पी भगवान विश्वकर्मा जयंती के दिन उन्होंने भी जन्म लिया और आज देश को उच्च शिखर पर ले जाने के लिए त्याग व समर्पण की भावना से आगे बढ़ रहे हैं। ज्ञातव्य हो कि पूर्व प्रधानमंत्री बीपी सिंह के पौत्र कुंवर दिवाकर प्रताप सिंह प्रयागराज संसदीय क्षेत्र से दावेदारी भी कर रहे हैं। जिसको लेकर के उपस्थित युवाओं ने उन्हें अपना जन समर्थन दिया। मौजूदा समय में कुंवर दिवाकर प्रताप सिंह प्रयागराज संसदीय क्षेत्र के प्रत्येक विधानसभाओं, ब्लॉकों, एवं गांवो में लोगों से जनसंपर्क स्थापित कर अपने लिए समर्थन मांग रहे हैं। एक अनौपचारिक वार्ता में उन्होंने बताया कि अगर क्षेत्र वासियों का सहयोग और सानिध्य रहा तो निश्चित तौर पर पार्टी के दिशा निर्देश के बाद अगर उम्मीदवार बना तो क्षेत्र के पिछड़े पान को दूर करने में कोई कमी नहीं करूंगा। इस दौरान भारी संख्या में युवा एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

प्रधान मंत्री जन्मदिन सेवा पखवाड़ा शिविर में पांच लोगों ने किया रक्तदान

करछना। प्रयागराज सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करछना पर भाजपा की ओर से प्रधानमंत्री जन्म दिवस सेवा पखवाड़ा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया आयोजन में भाजपा के नवनियुक्त यमुना पार जिला अध्यक्ष विनोद कुमार प्रजापति का शिविर में जोरदार स्वागत किया गया जिसमें ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी प्रधान प्रतिनिधि सुरेश पांडे व अन्य भाजपा नेताओं की उपस्थिति में सामुदायिक स्वास्थ्य करछना पर प्रधानमंत्री के जन्म दिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़ा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें पांच लोगों ने रक्तदान किया इस मौके पर राजकीय रक्त केंद्र तेज बहादुर सप्रू चिकित्सालय प्रयागराज की टीम द्वारा रक्तदाताओं से ब्लड डोनेट किए गए, रक्तदाताओं में सुशील तिवारी शिव तिवारी रवि शंकर साहू सत्यम द्विवेदी एवं राजीव तिवारी पांच लोगों ने रक्तदान किया कार्यक्रम में टीम के डॉक्टर डॉक्टर पंकज कुमार आलोक कुशवाहा डॉक्टर अनुराग जयसवाल डॉक्टर अभिनव कुमार डॉक्टर सुधीर यादव डॉक्टर ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह एवं रजत कुमार की टीम ने रक्तदान शिविर में सराहनी योगदान दिया इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक केबी सिंह कुशवाहा एव सौरभ कुमार सहित स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति में रक्तदान शिविर में सराहनी योगदान रहा।

स्थापति किए गए विघ्नहर्ता भगवान गणेश, लगे जयकारे

घूरपुर। गणेश चतुर्थी के पर्व को लेकर भक्तजनों में मंगलवार के काफी उत्साह देखा गया। भगवान गणेश की जयकारे से क्षेत्र गुंजायमान रहा। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बादलगंज गांव स्थित अपने आवास पर भाजपा के वरिष्ठ नेता रमाकांत विश्वकर्मा अपनी धर्म पत्नी गीता विश्वकर्मा के साथ पंडित के मंत्रोचार और विधि विधान पूर्वक विघ्न विनाशक प्रथम पूज्य गणेश जी की मूर्ति स्थापित की गई। गणेश मूर्ति स्थापना समारोह में राज किशोर, राजकुमार , मनोज कुमार, रिंकू, बबलू,दीपू आदि भक्तगण शामिल रहे।

सेवा पखवाड़ा : कार्यकताओं ने मरीजों को वितरित किया फल

जसरा। बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जसरा में भाजपा जिला मंत्री कमलेश त्रिपाठी की अगुआई में दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ मरीजों में फल वितरित किया गया। बता दें कि भारतीय जनता पार्टी देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को सेवा पखवाड़ा के रूप में मना रही है। इसी कार्यक्रम के दौरान जिला मंत्री कमलेश त्रिपाठी का जन्मदिन भी मनाया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सांसद प्रतिनिधि संत प्रसाद पांडेय, महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री आकांक्षा सोनकर, वरिष्ठ भाजपा नेता चंद्र प्रकाश त्रिपाठी, सीएचसी अधीक्षक जसरा डॉ अंकिता पांडे, जिला पंचायत सदस्य सुरेंद्र सिंह पटेल, मंडल अध्यक्ष जसरा जगत नारायण शुक्ला, राजाबाबू पाठक, मंडल महामंत्री नीरज केसरवानी व भूपेंद्र पाठक, जसरा प्रधान आशीष सोनकर, राकेश पाठक, वीरेन्द्र पाठक, अवध बिहारी मिश्रा, प्रवीण मालवीय, राहुल पाल, स्वतंत्र शुक्ला, हिमांशु शुक्ला, अर्जुन विश्वकर्मा, पंकज मिश्रा, सीमा सिंह आदि रहे।

खबर संक्षेप

चाका में प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत कार्यक्रम

नैनी। नैनी ब्लॉक मुख्यालय चाका में प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत कार्यक्रम में कुल 21 लाभार्थी उपस्थित हुए जिसमें 14 दिव्यांग व 6 सामान्य श्रेणी के थे। उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए विधायक करछना पियूष रंजन निषाद ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में जाति पांती व धार्मिक भेदभाव से ऊपर उठकर समाज के हर वर्ग के समुन्नत विकास के लिए प्रयास हो रहा है। उन्होंने अधिकारियों को आगाह किया कि सरकारी निर्देशों के अनुरूप अपने कार्यों में सुचिता बनाए रखें अन्यथा की स्थिति में जांचोंपरांत परिणाम गलत होगा। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि भगवत कुशवाहा ने कहा की चाका ब्लाक के रुके हुए विकास कार्यों को गति देने का कार्य सांसद रीता बहुगुणा जोशी दीदी द्वारा किया जा रहा है। यह सौभाग्य का विषय है कि चाका ब्लॉक का दो तिहाई हिस्सा नगर निगम के अधिकार क्षेत्र में आ गया है। इसके विकास की पैमाइश चल रही है निकट भविष्य में ट्रिपल इंजन की सरकार के द्वारा चाका ब्लॉक पूर्णतया शहरी संस्कृति में तब्दील हो जाएगा। ब्लॉक प्रमुख चाका अनिल सिंह पटेल ने सभी का स्वागत किया तथा ब्लॉक पर सभी सरकारी योजनाओं से अवगत कराया। संचालन प्रभारी बीडियो चाका सुशील कुमार आभार प्रदर्शन अजय कुमार राणा ने किया। इस अवसर पर विकास पांडे, श्रद्धा सिंह, प्रेम नारायन भारतीय,आकाश सोनकर, मुन्ना पांडे, संजय बिंद, नीरज यादव, शिवा द्विवेदी, शांति देवी,अनिल कुमार, संजय कुमार गौड़, आशीष कुमार आदि रहे।

महाकुंभ 2025 को दिव्य एवं भव्य बनाने को लेकर मण्डलायुक्त ने कई कार्यों का किया निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

शहर के विभिन्न स्थानों पर वन विभाग द्वारा किए जा रहे पौध रोपण के कार्य की समीक्षा करते हुए सभी जगह मौसम के अनुरुप पौधे लगाने के निर्देश दिए

लो०नि०वि० द्वारा बनायी जा रही सड़कों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के दृष्टिगत मुख्य अभियन्ता से संबंधित अवर अभियन्ता, सहायक अभियन्ता अथवा अधिशासी अभियन्ताओं से इन्स्पेक्शन रिपोर्ट अनिवार्य रूप से प्रेषित करने के निर्देश दिए

प्रयागराज। महाकुम्भ 2025 को दिव्य एवं भव्य बनाने के दृष्टिगत क्रियान्वित किए जा रहे कार्यों की अद्यतन स्थिति एवं गुणवत्ता की जांच हेतु मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत ने आज संबंधित अधिकारियों के साथ विभिन्न कार्यों का निरीक्षण किया। सर्वप्रथम अलोपीबाग स्थित लो०नि०वि० की पान्टून वर्कशाप का निरीक्षण करते हुए वहां हो रहे कार्यों का अवलोकन किया। पान्टून बनाने की पूरी प्रक्रिया को समझते हुए उन्होंने आ रही समस्याओं को सुना तथा विभागीय अधिकारियों को सभी कार्यों को जून 2024 तक पूर्ण कराने के निर्देश देते हुए इसके दृष्टिगत एक कार्ययोजना एवं मैटेरियल प्रक्योरमेंट प्लानिंग प्रेषित करने को कहा। साथ ही इस संबंध में मासिक प्रगति रिपोर्ट भी उपलब्ध कराते रहने के निर्देश दिए। तत्पश्चात झूंसी गारापुर मार्ग के चौड़ीकरण संबंधित कार्यों का निरीक्षण किया जिसके दौरान मार्ग पर गढ्ढा खुदवाकर वहां लगाये गये मैटेरियल की सैम्पलिंग करायी गयी। सैम्पलिंग कराने पर प्रयोग किये गये मैटेरियल की थिकनेस एवं अनुपात में कुछ कमी पाई गई जिसे शीघ्र ठीक कराकर संबंधित अधिकारी को सचेत करने के निर्देश दिए गए। डम्पिंग जोन में रखे मैटेरियल की भी गुणवत्ता की जांच की गयी तथा जिस मिक्सिंग प्लांट से मैटेरियल उपयोग हेतु लाया जा रहा है उसका कैलेबरेशन भी संबंधित अधिकारियों को कराने के निर्देश दिए गए।

हेतापट्टी पर 132 के0वी0ए0 ट्रांसमिशन हेतु कराये जा रहे कार्यों का भी निरीक्षण किया गया जिसके अन्तर्गत वहां बनायी जा रही बाउन्ड्री तथा प्रयोग में लाये जा रहे मैटेरियल का अवलोकन कर थर्ड पार्टी द्वारा सैम्पलिंग कराकर वहाँ के मैटेरियल की जांच के निर्देश दिए गए। अगरापट्टी सम्पर्क मार्ग के चौडीकरण के कार्यों का भी निरीक्षण किया एवं वहां पर भी रैण्डम सैम्पलिंग कराकर थर्ड पार्टी इन्स्पेक्शन कराने के निर्देश दिए।निरीक्षण के पश्चात मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों द्वारा कियान्वित की जा रही परियोजनाओं की भी समीक्षा की गयी जिसमें जहां भी अभी तक कार्य प्रारम्भ नहीं हो सके हैं उनकी टेण्डर प्रक्रिया सुचिता पूर्वक शीघ्र पूर्ण कर कार्य प्रारम्भ करने के निर्देश दिए गए। शहर के विभिन्न स्थानों पर वन विभाग द्वारा किए जा रहे पौध रोपण के कार्य की समीक्षा करते हुए सभी जगह मौसम के अनुरूप पौधे लगाने के निर्देश दिए। साथ ही स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल में भीड़ को देखते हुए एक अतिरिक्त मार्ग बनाने के सुझाव पर भी चर्चा की गयी। लो०नि०वि० द्वारा बनायी जा रही सड़कों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के दृष्टिगत मुख्य अभियन्ता से संबंधित अवर अभियन्ता, सहायक अभियन्ता अथवा अधिशासी अभियन्ताओं से इन्स्पेक्शन रिपोर्ट अनिवार्य रूप से प्रेषित करने के निर्देश दिए गए।

एसओजी व कीडगंज पुलिस ने 2 वाहन चोर को किया गिरफ्तार

चोरी की 6 मोटरसाइकिलें, एक स्कूटी बरामद

प्रयागराज। कीडगंज व एसओजी की संयुक्त टीम ने मंगलवार को शातिर वाहन चोर गिरोह के दो सदस्यों को दबोचा है। इनके कब्जे से 6 मोटरसाइकिलें और एक स्कूटी बरामद की गई है।पकड़े गए अलीम पुत्र कल्लन निवासी ग्राम मंदर मोड़ पुरामुफ्ती प्रयागराज और अलमान पुत्र परवेज अहमद निवासी मंदर मोड़ पुराफुफ्ती प्रयागराज ने बताया कि वे मिनटों में सार्वजनिक स्थानों पर खड़े दो पहिया वाहनों की चाबी बना लेते हैं। उनके पास मास्टर की होती है, जिससे आसानी से कोई भी गाड़ी खुल जाती है। इससे वाहनों में पलक झपकते गायब कर देते हैं। बाहर जाकर इन वाहनों के फर्जी रजिस्ट्रेशन कराकर बेच देते हैं।यह गिरोह कई शहरों में फैला है। प्रयागराज से वाहन चोरी करने के बाद इन्हें फर्जी रजिस्ट्रेशन पर मध्य प्रदेश और बिहार में बेच दिया जाता है।फिलहाल पुलिस ने इन वाहन चोर गिरोह के सदस्यों को पूछताछ के बाद जेल भेज दिया है।

नई झूंसी से पुरानी झूंसी को जोड़ने वाले मार्ग को आज से बंद कर दिया जाएगा, रेलवे अंडर पास निर्माण व सड़क चौड़ीकरण का चलेगा कार्य

झूंसी। 2025 में लग रहे महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं के सुगम यातायात के लिए शास्त्री ब्रिज के पास से पुरानी जीटी रोड का चौड़ीकरण होना है अब इसी मार्ग पर बने रेल अंडरपास व रेल लाइन को भी रेलवे चौड़ा करने का काम आज से शुरू करने जा रहा है। जिसकी वजह से रास्ते को पूरी तरह बंद कर दिया जाएगा। रास्ता बंद होने से नई झूंसी में रहने वाले हजारो लोगों को काफी मुशीबत का सामना करना पड़ेगा। नई झूंसी से पुरानी झूंसी जोड़ने वाले मार्ग व पुरानी जीटी रोड पर होने वाले चौड़ीकरण की वजह से नई झूंसी के साथ मुंशी का पूरा, बदरा, सोनवटी, ढोल बाजवा, सहसो गारापुर तक जाने वाले को असुविधा होती अब रेलवे अंदर पास चौड़ीकरण की वजह से रास्ते को पूरी तरह से बंद कर दिया जाएगा। जिसकी वजह से लोगों को अंदावा से घूम कर आना जाना पड़ेगा। इस्तियाक अहमद ने बताया कि रेलवे फाटक केवटाना व टीकर माफी वैकल्पिक मार्ग है पर पानी बढ़ने पर टीकर माफी मार्ग डूब जाता है और रेलवे फाटक केवटाना बंद होने पर अक्सर जाम लगा जाता है। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष पति उमेश अग्रवाल का कहना है कि रेलवे अंडर पास बंद होने से नई झूँसी की और रहने वाले 50 हजार से अधिक लोगों को परेशानी उठानी पड़ेगी सबसे ज्यादा परेशानी स्कूल के बच्चों व ऑफिस जाने वाले लोगों को होगी।

बाल गणेश के विभिन्न रूपों ने गणपति महोत्सव में बिखेरी मनोहारी छटा

अखंड भारत संदेश

नैनी। नैनी सार्वजनिक गणपति उत्सव मंडल, नैनी, प्रयागराज एवं आभा ग्रामीण विकास सेवा संस्थान, नैनी, प्रयागराज द्वारा श्रमिक बस्ती, नैनी में आयोजित यमुनापार विशाल सांस्कृतिक गणपति महोत्सव मे मंगलवार को कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ नरेंद्र सिंह गौड़ एवं विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता रईस शुक्ला ने लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक एवं स्व. मधुकर लक्ष्मण मंगरुलकर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया` अतिथियों ने भगवान गणेश की पूजा अर्चना एवं आरती की` समिति के पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि का माल्यार्पण कर स्वागत किया` इस अवसर पर बोलते हुए मुख्य अतिथि डॉ. नरेंद्र सिंह गौड़ ने कहा कि लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने जनजागृति करने के लिए महाराष्ट्र में गणेश उत्सव सप्ताह भर मनाना प्रारंभ किया। इस त्योहार के माध्यम से उन्होंने जनता में देशप्रेम और अंग्रेजों के अन्यायों के विरुद्ध संघर्ष का साहस उत्पन्न किया। भाजपा नेता रईस शुक्ला ने नैनी निवासियों को गणेश उत्सव की बधाई देते हुए कहा कि तिलक जी का भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण योगदान है` कार्यक्रम के संयोजक महेश मधुकर मंगरुलकर ने कहा कि लोकमान्य तिलक ने सबसे पहले पूर्ण स्वराज की मांग उठाई` वह एक भारतीय राष्ट्रवादी, शिक्षक, समाज सुधारक, वकील और एक स्वतन्त्रता सेनानी थे। बाल गणेश बनो प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के 6 वर्ष उम्र तक के बच्चों ने हिस्सा लिया` छोटे-छोटे बच्चों द्वारा गणेश जी के विभिन्न रूप धारण कर बाल गणेश की मनोहारी झांकी प्रस्तुत की गई` बच्चों के इस मनमोहक प्रदर्शन को देखकर पंडाल में उपस्थित दर्शक भाव - विभोर हो तालियां बजाने लगे` गणेश बनो प्रतियोगिता में माधव ज्ञान केंद्र, बी एल पब्लिक स्कूल, ज्ञान भारती इंटर कॉलेज, मां शारदा विद्या मंदिर, कमला स्मारक इंटर कॉलेज, बलापुर, निशा ज्योति संस्कार भारती विद्यालय, सरस्वती बाल विद्या मंदिर, शकुन विद्या निकेतन, सुमन विद्या निकेतन आदि विद्यालयों के बच्चों ने भाग लिया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महेश मधुकर मंगरुलकर, राजकुमार त्रिपाठी, अनिल विश्वकर्मा, रवि करण सिंह, आरके शुक्ला, अभिषेक पांडेय, बालकृष्ण मिश्रा, सुमन पाठक, अतुल सिंह, रजत दुबे, अनंता राखे, पुष्पेंद्र प्रताप सिंह, तीर्थ प्रकाश तिवारी, आनंद शर्मा, राजेश सिंह, राजेश मिश्रा पूर्व सभासद नीलम यादव, उषा पांडेय, ज्योति मंगरुलकर, रेखा श्रीवास्तव चंद्रकांत मंगरुलकर आदि रहे।

मंडी परिषद में 2.44 करोड़ का गबन, दो अफसरों समेत चार नामजद

अखंड भारत संदेश

निर्माण खंड प्रयागराज में 12 जुलाई 2022 तक कार्यरत रहे वरिष्ठ सहायक मंजीत सिंह, वर्तमान तैनाती निर्माण खंड झांसी ने गबन की रकम अपनी पत्नी व चार निकटतम संबंधियों के खाते में जमा कराई

प्रयागराज। मुंडेरा स्थित मंडी परिषद के निर्माण खंड प्रयागराज में 2.44 करोड़ के गबन का मामला सामने आया है। राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद के आदेश पर सहायक उपनिदेशक की ओर से इस मामले में दो अफसरों समेत चार पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। सहायक उपनिदेशक कुलभूषण वर्मा ने तहरीर देकर बताया है कि निदेशक, राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद की ओर से पत्र भेजकर बताया गया है कि निर्माण खंड मंडी परिषद प्रयागराज में दो करोड़ 44 लाख 37 हजार 327 रुपये का गबन किया गया। विभागीय जांच में रवेंद्र सिंह, प्रभारी उपनिदेशक (निर्माण) मंडी परिषद प्रयागराज, संजीव कुमार गंगवार तत्कालीन लेखा एवं सम्परीक्षाधिकारी, मैकूलाल तत्कालीन लेखा एवं सम्परीक्षा अधिकारी का उत्तरदायित्व निर्धारित किया गया है। साथ ही यह भी पाया गया कि निर्माण खंड प्रयागराज में 12 जुलाई 2022 तक कार्यरत रहे वरिष्ठ सहायक मंजीत सिंह, वर्तमान तैनाती निर्माण खंड झांसी ने गबन की रकम अपनी पत्नी व चार निकटतम संबंधियों के खाते में जमा कराई। धूमनगंज पुलिस ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है।

सर्पदंश से महिला की मौत, घर में मचा कोहराम

उतरांव। हंडिया थाना क्षेत्र के खेरुवा नेवादा में घास काटने गई महिला को सर्प डंक मारने से महिला की मौत हो गई।वहीं घर में कोहराम मच गया। खेरुवा नेवादा थाना हडिया निवासी दिनेश चंद पासी जो मजदूरी करता है। मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। वही उसकी पत्नी निर्मला देवी सुबह खेत में घास काटने गई थी। जहां सर्प ने काट लिया। वह घर जाकर बताई और बेहोश हो गई। परिजनों ने आनंन-फानन में हंडिया के एक निजी अस्पताल में ले गए जहां डॉक्टरों ने हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं जिला अस्पताल में इलाज के दौरान निर्मला देवी की मौत हो गई। पुलिस ने सव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद जब घर पर निर्मला देवी का शव पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया। मृतका के दो बेटे हिमांशु कुमार प्रियांशु तथा दो बेटियां दिव्या गरिमा है। वही मृतिका निर्मला देवी की मौत से पति बेटा बेटी समेत परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

न्यूज झरोखा

जिलाधिकारी ने मुण्डेरा मण्डी स्थित वेयर हाउस का किया निरीक्षण

प्रयागराज। जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल मंगलवार को मुण्डेरा स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट के वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ईवीएम एवं वीवीपैट का भण्डारण सुरक्षित ढंग से पाया गया। उन्होंने वहां पर सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता, सुरक्षा व्यवस्था तथा बारिस के दृष्टिगत कक्षों की स्थिति के बारे में जानकारी ली तथा उन्होंने वेयर हाउस में सभी आवश्यक व्यवस्थायें चुस्त-दूरूस्त बनाये रखने का निर्देश दिया है। निरीक्षण के दौरान एडीएम प्रशासन हर्षदेव पाण्डेय, चकबन्दी विभाग के अधिकारी सहित निर्वाचन से सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

कवि सम्मेलन में कवियों की कविता से श्रोता हुए आनंदित

सहसों। हिन्दी पखवाड़ा के अवसर पर यसएलवीपी पब्लिक स्कूल कसेरूआ कला में अभिषेक कोचिंग क्लासेज व सारथी परिवार के संयुक्त तत्वावधान में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य तिथि क्षेत्रीय विधायक प्रवीण पटेल के द्वारा दीप प्रज्वलन कर कवि सम्मेलन प्रारम्भ किया गया। कवि सम्मेलन का आगाज रीवां से पधारी कवयित्री क्रांति पांडेय के सुमधुर वाणी से मां सरस्वती वंदना से हुई। कवि सम्मेलन में प्रथम कवि के रूप में हास्य कवि धनंजय शाश्वत ने पढ़ा कि - हमने सिखाई गिनती जिन्हे मेहनत से लगन से, वो ही प्यारे हमको पहाड़ा पढ़ा रहे हैं। कविता की लड़ियों को पिरोते हुए रायबरेली से पधारे गीतकार गोविंद गजब ने बेटियों पर गीत पढ़कर वाहवाही लूटी। इसी कड़ी में हास्य कवि अखिलेश द्विवेदी ने अपनी हास्य की रचनाओं से लोगों को खूब गुदगुदाया। मखदूम फूलपुरी ने पढ़ा कि- दुलार करती हों चिड़िया जब अपने बच्चों को, तो ऐसे वक्त पर कभी उनका शिकार मत करना। कवि सम्मेलन में श्रोताओं से ठहाके लगवाते हुए कवि लवलेश यदुवंशी व कवि अमित आभास की देश प्रेम की रचनाओं पर श्रोताओं ने भारत माँ के जयकारे लगाते हुए आनंदित हो उठे। कवि सम्मेलन के अंतिम पड़ाव पर कवित्री क्रांति पांडेय व सुजीत जायसवाल की रचनाओं ने भी खूब वाहवाही लूटी। इस अवसर पर विद्यालय के संस्थापक पारस नाथ बिन्द ने आए हुए अतिथियों के प्रति आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। तथा विद्यालय के प्रबंधक अर्पित बिन्द ने इस मौके पर प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा० सुभाष मिश्र व सफल संचालन रीवां के हास्य कवि अमित शुक्ला ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रुप से पार्षद सियाराम मौर्य, सचिन केसरी, अंकित केसरी, आर बी बिन्द, लल्लू यादव सहित सैकड़ो की संख्या में श्रोता मौजूद रहे।

वित्तविहीन शिक्षकों के जिवकोपार्जन हेतु सरकार से वेतन दिलाना प्राथमिकता : डॉ. बाबूलाल

अखंड भारत संदेश

खीरी के बदामा देवी इंटर कालेज में शिक्षक विधायक का हुआ भव्य स्वागत

मेजा। शिक्षकों की समस्याओं के समाधान हेतु मैं हमेशा आगे रहूंगा विद्यालयों की जो समस्याएं है उसके लिए सदैव तत्पर रहूंगा और शिक्षकों के लिए मेरा दरवाजा हमेशा खुला रहेगा। वित्तविहीन शिक्षकों के लिए सम्मानजनक मानदेय सरकार से दिलाना हमारी प्राथमिकता होगी। उक्त उदगार शिक्षक विधायक डॉ बाबूलाल तिवारी ने बीते 18 सितंबर को खीरी के बदामा देवी इंटर कालेज में आयोजित कार्यक्रम के दौरान ब्यक्त किया। कार्यक्रम में उपस्थित मेजा और कोरांव के लगभग दो दर्जन से अधिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यो एवं शिक्षकों का आभार ब्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विद्यालयो की जो भी समस्याएं हैं उसके निदान के लिए मैं हमेशा आगे रहूंगा। शिक्षकों के लिए मेरे घर का दरवाजा हमेशा खुला रहेगा साथ ही साथ वित्तविहीन शिक्षकों के जीविकोपार्जन हेतु प्रदेश सरकार से सम्मानजनक मानदेय की ब्यावस्था भी कराना हमारी प्रथम प्राथमिकता होगी। इसी क्रम में भाजपा नेता तथा अंतरराष्ट्रीय ज्योतिष आचार्य हरी कृष्णा शुक्ला ने भी उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यमुनापार के विद्यालयों की जो भी मूलभूत समस्याएं हैं उसके निदान के लिए शीघ्र ही प्रयास किया जाएगा। श्री शुक्ल ने आगामी 2024 के चुनाव को लेकर भी चर्चा किया और कहा कि 2024 में मोदी और योगी के नेतृत्व में भाजपा पुनः पूर्ण बहुमत में सरकार बनाएगी इस चुनाव में बुद्धिजीवी वर्ग का काफी बड़ा योगदान होगा। उन्होंने कार्यक्रम में भाजपा की नीतियों का जमकर बखान किया। इसके पूर्व दोनों अतिथियों का खीरी के उक्त विद्यालय में जोरदार स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि पंकज तिवारी राधेश्याम शुक्ला हौसला तिवारी राजू तिवारी डॉ अमरेश तिवारी डॉ0 गिरीश दुबे अशोक दुबे विपिन तिवारी डॉ0 सुनील शुक्ला अनिल मिश्रा विश्वनाथ प्रताप सिंह परविंदर सिंह अनिल पांडेय विष्णु मिश्रा गांधी पांडेय पी पी सिंह लक्ष्मी नारायण पाल दिलीप सिंह कमलेश सिंह नरेंद्र तिवारी दुर्गेश मिश्रा इंद्रजीत सिंह विभव मिश्रा हरिश्चंद्र सिंह तथा वीरेंद्र प्रताप सिंह आदि के अलावा कई अन्य लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने मरीजों को बांटे फल

नवाबगंज। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस पर पार्टी द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम सेवा पखवाड़ा सप्ताह के अंतर्गत मंगलवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने सी एच सी कौड़िहार में भर्ती व दवा लेने आए मरीजों व उनके परिजनों को फल वितरित किया। मुख्य अतिथि के रुप में मौजूद विधायक गुरु प्रसाद मौर्या ने कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी खुद गरीब घर में पैदा हुए हैं इसलिए वो गरीबों का दर्द जानते हैं आज देश के हर गरीब तक सरकार की सभी योजनाएं पहुंच रही हैं सभी गरीब आदमी को इलाज के लिए हर वर्ष मुफ्त 5 लाख रूपए दिए जा रहे हैं सबको पक्का मकान देने के लिए प्रधान मंत्री लगातार प्रयास कर रहे हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से सी एच सी प्रभारी अनुराग तिवारी, पूर्व प्रमुख तुलसी राम सरोज, राजू पाल, राजेन्द्र मिश्रा, बिनोद ओझा, धीरेन्द्र मिश्रा, पंकज पांडेय,भाजपा नेता सांसद मीडिया प्रभारी उमेश तिवारी, आलोक तिवारी,गुड्डू राजा, अंकित मिश्रा, शिवम त्रिपाठी, गोलू पाण्डेय, आदि मौजूद रहे।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है के भारतीय जीवन बीमा निगम की पॉलिसी संख्या 313 742108 में भुलवश ज्ञानमती पत्नी शिव मूरत लिख गया है जो गलत है सही नाम मैकी पत्नी शिव मूरत निवासी कयामुद्दीन पर गौसपुर चायल जनपद कौशांबी है।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को किया गया जागरूक

अखंड भारत संदेश

राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा लगाया गया कैंप

सोरांव। मंगलवार को सोरांव विकास खंड में राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा एक कार्यक्रम किया गया। नमामि गंगे ग्रामीण जलापूर्ति विभाग जल जीवन मिशन हर घर जल के अंतर्गत विकास खंड सोरांव में मौजूद सभी अधिकारी और कर्मचारी को विभाग द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगो को जल जीवन मिशन के बारे में एक प्रदर्शनी के माध्यम से बताया गया। तथा वि०ख० के समस्त ग्राम पंचायत मे इसी प्रकार नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगो को जागरूक किया जायेगा। साथ ही ग्राम पंचायत में सामाजिक मानचित्रण , प्रदर्शनी, स्वच्छता मेला, आदि कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। उसमे जल संरक्षण, दूषित पानी से बचाव, दूषित पानी से होने वाली बीमारियों के विषय मे आम जन मानस मे व्यवहार परिवर्तन कराने व जन जागरुकता का कार्यक्रम किया जा रहा है। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख प्रदीप पासी, खंड विकास अधिकारी सुनील पटेल, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) विजय बहादुर यादव, कंप्यूटर ऑपरेटर आनन्द यादव, एडीओ कॉपरेटिव आलोक कटियार, संग समस्त अधिकारी और कर्मचारी गण उपस्थित रहे। तथा ब्लॉक प्रमुख प्रदीप कुमार पासी एवं खंड विकास अधिकारी सुनील कुमार पटेल द्वारा जल जीवन मिशन की टीमो को हरी झंडी दिखाकर ग्राम पंचायतो के लिए रवाना किया एवं स्वछता मेला, प्रदर्शनी, सोशल मैपिंग आदि का अवलोकन भी किया।

विद्युत कर्मी को पीटा, पुलिस से शिकायत

झूंसी। थाना क्षेत्र के हवेलिया में मरम्मत कार्य में जुटे एक बिजली को कुछ युवको ने पीट दिया। अवर अभियंता कोहना ने मामले की लिखित शिकायत पुलिस से की है। अवर अभियंता जयप्रकाश पाठक ने पुलिस से लिखित शिकायत करते हुए बताया कि क्षेत्र में जर्जर तारों को बदलने का कार्य चल रहा है। मंगलवार को हवेलिया में तारों को बदला जा रहा था तभी वहां बाइक से गुजर रहा एक युवक गिर गया। जिससे वह विधुत कर्मी पर ही आग बबूला हो गया और अपने कुछ साथियो को बुला कर विद्युत कार्य में लगे विद्युत कर्मी राहुल यादव की पिटाई कर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कार्यालय ग्राम पंचायत भनेवरा वि0ख0 फूलपुर प्रयागराज

अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भनेवरा में SLWM/15वां वित्त/ मनरेगा/ एसबीएमसीजी/के अंतर्गत कराए जाने वाले कार्यों हेतु (सामग्री श्रम सहित) शील बंद निविदा दिनांक 20.09.2023 से 04.10.2023 तक सुबह 12:00 तक कार्यालय कार्य दिवस में आमंत्रित की जाती है तथा दिनांक 04.10.2023 को 3 बजे उपस्थित निविदा दाताओं के समक्ष अधोहस्ताक्षरी के द्वारा गठित कमेटी के समक्ष खोली जाएगी ।

क्र० सं०	कार्य का नाम	संख्या	योजना	अनुमानित लागत	कार्य की अवधि
1.	सामुदायिक नाडेप (कम्पोस्टपिट)	10 नग	SLWM	56500	2 माह
2.	सामुदायिक वर्मी कम्पोस्टिंग	1 नग	SLWM	29300	2 माह
3.	कचरा वाहन	1 नग	SLWM	160000	2 माह
4.	एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र (R.R.C.)	1 नग	SLWM	5.80लाख	2 माह
5.	सामुदायिक एवं संस्थागत	1 नग	SLWM	15000	2 माह
	इन्सिनरेटर	1 नग	SLWM		
6.	सामुदायिक एवं संस्थाओं हेतु सोकपिट	8 नग	SLWM	119560	2 माह

नियम व शर्ते - (1) फर्म/ आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स विभाग में रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य है।(2) कार्य की लागत प्राक्कलन/ स्वीकृत के अनुसार घट बढ़ सकती है ।(3) कार्य की पूर्ति निश्चित समय सीमा में मानक के अनुसार किया जाना है तभी भुगतान संभव है। (4) गुणवत्ता/मानक में कमी पाए जाने पर धनराशि नियमानुसार कटौती कर ली जाएगी । (5) टेंडर फॉर्म के साथ 2% अर्नेस्ट मनी के रूप में जमा करना होगा ।(6) निविदा स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार बिना कारण बताएं अधोहस्ताक्षरी मे में पूर्णताः निहित होगा।

अजीत कुमार पटेल
(ग्राम प्रधान)
ग्राम पंचायत भनेवरा
वि0 ख0 फूलपुर प्रयागराज

महेश कुमार
(सचिव)
ग्राम पंचायत भनेवरा
वि0 ख0 फूलपुर प्रयागराज

पत्रांकः मोमो/ओडी फेज-2/2023-24 दिनांक 19.09.2023

मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को स्वीकृत पत्र वितरण किया गया

कालाकांकर सभागार कक्ष में आयोजित हुआ कार्यक्रम

अखंड भारत संदेश

परियावां, प्रतापगढ़। विकास क्षेत्र कालाकांकर के ब्लाक मुख्यालय के सभागार कक्ष मे मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में पांच आवास लाभार्थी जोखू प्रसाद, निवासी आलापुर, गुलाम हुसैन निवासी परियावां, शशिकला निवासी जाजूपुर, शिवशंकर निवासी रानीमऊ व श्रीराम ऐठू निवासी को मुख्यमन्त्री आवास स्वीकृति पत्र वितरित किया गया।

इसमें खण्ड विकास अधिकारी प्रवीन कुमार श्रीवास्तव,ब्लाक प्रमुख रमेश सरोज, सहायक विकास अधिकारी पंचायत संतोष कुमार शुक्ल, पशुचिकित्साधिकारी ओ0पी0 यादव व ब्लाक कर्मी एवं लाभार्थी मौजूद रहे। कार्यक्रम का आयोजन विकास खण्ड कालाकाकर के कम्प्यूटर ऑपरेटर आवास मंदीप कुमार साहू, लाभम कुमार सोनकर, ग्राम प्रधान अनिल कुमार मौर्य, सियाराम(ग्राम प्रधान) कनिष्ठ सहायक, धर्मवीर एवं आवास लिपिक/लेखाकार श्रीनाथ प्रजापति द्वारा सकुशलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। आवास लाभार्थियों के चेहरे पर खुशी की झलक देखने को मिली ग्राम पंचायत सचिव ने सभी आवास लाभार्थियों को अपनी शुभकामनाये दी जिसमे पंचायत सचिव रविशंकर सोनकर, ब्यासकुमार मौर्य, रामप्रताप यादव, आफताब अहमद, प्रभांशु पांडे, अनुराग यादव, शशि कांत सिंह, ज्योति, उर्मिला, सुशील जायसवाल, अभिषेक शुक्ला रहे।

मुख्यमंत्री आवास लाभार्थियों के साथ बीडीओ व एसडीओ।

लाभार्थियो को निःशुल्क उपलब्ध होगा जई/बरसीम

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा0 बिरजू सिंह यादव ने बताया है कि राज्य योजना के अन्तर्गत अतिरिक्त चारा विकास कार्यक्रम संचालित कराये जाने हेतु उत्तर प्रदेश शासन से वित्तीय स्वीकृति निर्गत किये जाने अनुरोध किया गया है जो कि अपेक्षित है। कार्यक्रम के अन्तर्गत रबी मौसम हेतु 10 किग्रा0 जई/बरसीम 2.5 किग्रा0 (0.1 हेक्टेयर क्षेत्रफल हेतु) प्रति लाभार्थी को निःशुल्क उपलब्ध कराया जाना प्रस्तावित है जिसके अन्तर्गत जनपद को कुल 50 हेक्टेयर के प्रस्तावित क्षेत्र पर 500 लाभार्थियों के लिये भौतिक लक्ष्य प्राप्त कराया गया है। उन्होने अतिरिक्त चारा विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष 2023-24 हेतु लाभार्थियों के चयन के मापदण्ड के सम्बन्ध में बताया है कि लाभार्थी कम से कम 02 दुधारू पशु पालता हो तथा चारा उत्पादन हेतु इच्छुक हो।

योजनान्तर्गत लघु/सीमान्त कृषकों/पशुपालकों को चयन में वरीयता दी जायेगी। न्यूनतम 0.1 हेक्टेयर एवं अधिकतम 0.5 हेक्टेयर भूमि पर चारा उत्पादन हेतु इच्छुक लाभार्थियों का चयन किया जाये। लाभार्थी के पास सिंचाई की पर्याप्त सुविधा उपलब्ध हो अथवा चारा फसल की सिंचाई आसानी से की जा सके। लाभार्थी के पास स्वयं की जोत हो जिसका सत्यापन खसरा/खतौनी से कर लिया जाये। इस योजना से पूर्व में लाभान्वित किये गये लाभार्थियो को पुनः चयनित नहीं किया जायेगा। पात्र लाभार्थियों का चयन पशुपालन विभाग द्वारा गठित समिति द्वारा किया जायेगा। लाभार्थियों का चयन करते समय यह प्रयास किया जाय कि जिस प्लॉट में चारा फसल बोई जानी है, वह सड़क/चकरोड के आस-पास हो अर्थात जहां पर वह सरलता से प्रदर्शित हो सके तथा अधिक से अधिक कृषक/पशु पालक अवलोकन कर सके। अनुसूचित जाति एवं जनजाति, महिला एवं अल्पसंख्यक लाभार्थियों को नियमानुसार चयन में वरीयता दी जाये। पी0सी0डी0एफ0 के अन्तर्गत संचालित प्राथमिक दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियां के सदस्यों का भी चयन किया जायेगा।

पड़ोसी आरोपियों ने हमला कर दी जान से मारने की धमकी

पट्टी, प्रतापगढ़। घर के ऊपर विद्युत तार जाने के विवाद को लेकर पड़ोसी ने अराजक तत्वो को बुलाकर पीड़ित को जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने इस संबंध में आसपुर देवसरा थाने में शिकायती पत्र देकर इंसाफ की गुहार लगाई है। पट्टी तहसील क्षेत्र के आसपुर देवसरा थाना अंतर्गत सेमरादीह गांव के रहने वाले राजकुमार अग्रहरि ने बताया कि उनके घर के ऊपर से पड़ोसी विद्युत तार लेकर गया है। तार जर्जर होने के कारण कई बार करंट उतर आता है। इस बात की जब उलाहना दी गई तो पड़ोसी को बात नागवार गुजरी और अपने रिश्तेदारों को बुलाकर के पीड़ित को जान से मारने की धमकी देते हुए रोक लिया। इस संबंध में आसपुर देवसरा थाने में शिकायती पत्र देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की गई है।

नाबालिग से छेड़खानी पर चार साल का कारावास

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश आलोक द्विवेदी ने नाबालिक के साथ छेड़खानी व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में दोषी पाते हुए देवेंद्र कुमार दुबे निवासी थाना लालगंज को 4 वर्ष के कारावास तथा पन्द्रह हजार रूपया अर्थ दंड से दंडित किया है। वादी मुकदमा के अनुसार उसकी नाबालिक लड़की के साथ देवेंद्र कुमार छेड़खानी किया करता था तथा घर वालों से बताने से मना करता था। 30 नवंबर 2015 समय करीब 5 बजे उसकी पुत्री पीड़िता उम्र 12 वर्ष अन्य बच्चों के साथ घर के पास में खेल रही थी तभी मौके का फायदा उठाकर देवेंद्र कुमार ने अन्य बच्चों को भगा दिया तथा उसकी नाबालिक लड़की के साथ अवैध रूप से छेड़खानी करने लगा। राज्य की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक देवेश चंद्र त्रिपाठी व अशोक त्रिपाठी ने की।

साहित्यकार सम्मान समारोह में निलय को मिलेगा बाल कथा भूषण श्री सम्मान

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। 9वें अंतरराष्ट्रीय साहित्यकार सम्मान समारोह 2023 में राजकीय हाई स्कूल सराय आनादेव प्रतापगढ़ के विज्ञान शिक्षक एवं साहित्यकार अनिल कुमार निलय को बाल कथा भूषण श्री सम्मान से सम्मानित किया जायेगा।सम्मान समारोह का आयोजन के०बी० हिंदी सेवा न्यास द्वारा 19 नवम्बर 2023 को आर०के० इंटरनेशनल स्कूल बदाऊँ उत्तर प्रदेश में किया जायेगा।सम्मान की सूचना न्यास के अध्यक्ष डॉ० सतीश चंद्र शर्मा सुधांशु ने दी। अनिल कुमार निलय के तीन बाल कहानी संग्रह लॉकडाउन पॉजिटिव,स्टूडेंटनामा एवं साइंस वाइंस प्रकाशित हो चुके हैं।लॉकडाउन पॉजिटिव एवं स्टूडेंटनामा को हिन्दुस्तानी एकेडेमी प्रयागराज उत्तर प्रदेश द्वारा युवा लेखन सम्मान राज्य पुरस्कार 2020 व 2021 तथा साइंस-वाइंस को विज्ञान परिषद् प्रयाग द्वारा श्री तुरशन पाल पाठक विज्ञान पुरस्कार 2023 प्राप्त हो चुका है। सम्मान हेतु चयनित किये जाने पर सरदार सिंह जिला विद्यालय निरीक्षक, वरिष्ठ साहित्यकार डॉ० दयाराम मौर्य रत्न, वरिष्ठ समाजसेवी रोशनलाल ऊमर वैश्य, आनंद मोहन ओझा, राजीव आर्य, प्रेम त्रिपाठी प्रेम, कुंजबिहारी काकाश्री, श्रीनाथ मौर्य सरस, राधेश्याम दीवाना, अमरनाथ गुप्ता बेजोड़ आदि ने निलय को बधाई दी। समस्त विद्यालय परिवार ने इस उपलब्धि पर अपार हर्ष व्यक्त किया।

कीटनाशी रसायन के डीलरों एवं वितरकों को किया जायेगा प्रशिक्षित

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जिला कृषि रक्षा अधिकारी अशोक कुमार ने समस्त कीटनाशी विक्रेताओं/डीलरों को सूचित किया है कि खुदरा विक्रेताओं अथवा डीलरों जो कीटनाशी (दूसरा संशोधन) नियम 2017 के प्रारम्भ की तारीख 01.02.2017 की स्थिति के अनुसार निर्धारित अर्हता के बिना वैध अनुज्ञप्ति धारक है के कीटनाशी प्रशिक्षण हेतु निदेशक राष्ट्रीय वनस्पति स्वास्थ्य प्रबन्धन संस्थान हैदराबाद के माध्यम से राज्य कृषि प्रबन्धन संस्थान रहमानखेड़ा लखनऊ द्वारा 12 दिवसीय सीसीआईएम प्रशिक्षण हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया है। इस कार्यक्रम में कीटनाशी रसायन के डीलरो एवं वितरकों को प्रशिक्षित किया जायेगा। लाभार्थियों के चयन हेतु जनपद में प्रशिक्षण से अवशेष डीलर एवं वितरकों के प्राप्त आवेदनों ह्यह्यप्रथम आवक-प्रथम पावकह्लह्ल के आधार पर 40 प्रशिक्षार्थियों के वैचों का संचालन किया जायेगा। प्रशिक्षण सप्ताह में एक दिन (निर्धारित दिवस) 03 माह में कुल 12 दिवस में चलाया जायेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम होने के उपरान्त सर्टीफिकेट भी एन0आई0पी0एच0एम0 हैदराबाद के माध्यम से दिया जायेगा। उन्होने यह भी बताया है कि जिन विक्रेताओं/डीलरों के पास डिप्लोमा/डिग्री की आर्हता नही होगी उनके कीटनाशी लाइसेंस 31.12.2023 के पश्चात वैध नही रहेगें। वैधता स्वतः समाप्त हो जायेगी। 40 प्रशिक्षार्थी से अधिक संख्या होने पर दूसरा बैच तैयार किया जायेगा, जिसमें अवशेष बचे लाभार्थियों को प्रशिक्षित किया जायेगा। अधिक जानकारी के लिये जिला कृषि रक्षा अधिकारी प्रतापगढ़ कार्यालय से सम्पर्क कर सकते है।

तीन वांछित अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में थाना मानिकपुर के उ0नि0 श्याम सुन्दर गिरि मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त/विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 216/2023 धारा 376डी, 365 328, 120बी भादवि से संबंधित वांछित अभियुक्त शिवम साहू पुत्र अशोक साहू नि0ग्राम बेसी का पुरवा मनार थाना मानिकपुर जनपद प्रतापगढ़ को थानाक्षेत्र मानिकपुर के चैरही तिराहा के पास से गिरफ्तार किया गया। उधर थाना उदयपुर के थानाध्यक्ष उ0नि0 निकेत भारद्वाज मय हमराह उ0नि0 राजेश कुमार द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त/विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत संबंधित वांछित अभियुक्त पंकज पुत्र राकेश नि0ग्राम बहादुरपुर मुस्तफाबाद थाना उदयपुर जनपद प्रतापगढ़ को गांव से गिरफ्तार किया गया।

किशोरी सदन में होने वाली रामकथा के लिये हुआ भूमि पूजन

सदर विधायक, नपाध्यक्ष व जनप्रतिनिधि रहे मौजूद

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जिले के किशोरी सदन में 22 से 29 सितंबर तक आयोजित श्री राम कथा के भव्य आयोजन हेतु भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन कथा स्थल पर किया गया। पंडित आलोक मिश्र के मार्गदर्शन में भूमि पूजन का कार्य वरिष्ठ व्यवसायी, समाजसेवी सियाराम जी द्वारा किया गया।

इस अवसर पर संयोजक डॉ. सौरभ पांडेय ने बताया कि 22 सितंबर को सायं 3 बजे सभी श्रीराम भक्त व कलश पूजन एवं कलश यात्रा में सहभाग करने के लिए मातृशक्ति श्री गोपाल मंदिर में एकत्रित होंगें। कलश पूजन के पश्चात मातृशक्ति के निर्देशन में भव्य कलश यात्रा श्री गोपाल मंदिर से निकल कर कथा स्थल किशोरी सदन पहुंचेगी। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक प्रवेश, सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य, नगर पालिका अध्यक्ष हरि प्रताप सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, सांसद प्रतापगढ़ संगमलाल गुप्त के अनुज समाजसेवी दिनेश गुप्त, संरक्षक डॉ. शक्ति कुमार पांडेय, संयोजक डॉ. सौरभ पांडेय, सह संयोजकगण गोविंद खंडेलवाल, शिवशंकर सिंह, भूपेश त्रिपाठी, शिशिर खरे, शरद केशरवानी, रेखा खंडेलवाल, शिवानी मातनहेलिया, गिरजा शंकर मिश्र, नितेश खंडेलवाल, प्रेम खंडेलवाल, शकुंतला खंडेलवाल, रामजी मिश्र, अनामिका उपाध्याय, रेखा खंडेलवाल, क्षमा खंडेलवाल, दिनेश अग्रहरि, अशोक शर्मा, सुनील दुबे, सुमन खंडेलवाल, पंकज मिश्रा, ऋषि उपाध्याय, देवराज नंदन ओझा आदि उपस्थित रहे।

भूमि पूजन करते सदर विधायक व नपाध्यक्ष।

मुख्य अतिथि का स्वागत करते आयोजकगण।

लायंस क्लब प्रतापगढ़ हर्ष ने पूरे अंती में लगाया जागरुकता कैंप

पशुपालकों को दी गई जानकारी

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। लायन्स क्लब प्रतापगढ़ हर्ष के तत्वाधान में पशुपालकों हेतु जागरूकता कैंप का आयोजन ग्राम सभा चैखड़ पूरे अंती में किया गया जिसमें पशु चिकित्सकों द्वारा लंपी बीमारी, थनैला, सर्रा व मौसमी बीमारियों के बारे में तथा अन्य पशुपालन संबंधी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। डा. रत्नेश तिवारी पशु चिकित्सा अधिकारी छतरपुर प्रतापगढ़ ने लंपी बीमारी के बारे में बताते हुए कहा कि यह मच्छर मक्खी जनित वायरस रोग है जो एक से दूसरे जानवर में फैलता है लेकिन यह मनुष्य को प्रभावित नहीं करता। आपने विभिन्न घरेलू इलाज से ग्रामीणों को अवगत करवाया जिससे गो वंश को बचाया जा सके। डा0 अशोक वर्मा पशु चिकित्सा अधिकारी ने ग्रामीण पशुपालकों को सरकार द्वारा चलाए जा रही विभिन्न योजनाओं से अवगत कराया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राजकुमार यादव राजू ने ग्रामीणों से आग्रह किया वह अपने पशुओं की बेहतर देखभाल करें,उन्हें खुला ना छोड़ें। इस अवसर पर लायंस क्लब प्रतापगढ़ हर्ष के अध्यक्ष कुंवर बहादुर सिंह ने चिकित्सकगण डा. रत्नेश तिवारी, डा0 अशोक वर्मा, रीता यादव प्रधान को कार्यक्रम में विशेष सहयोग हेतु सम्मानित किया। इस अवसर पर लायंस क्लब के निदेशक लालजी चौरसिया, डिस्ट्रिक चेयरपर्सन क्षितिज श्रीवास्तव, संतोष भगवन, अनूप पांडे, आलोक पांडे, हरकेश यादव, कमलेश यादव सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने सहभागिता की।

भयहरण नाथ धाम में हरि तालिका तीज में निर्जला ब्रती महिलाओं की रही भारी भीड़, मेला व मन्दिर सामितियां व पुलिस रही सक्रिया

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। प्रसिद्ध पांडव कालीन भय हरण नाथ धाम मे हरि तालिका तीज के अवसर पर भारी भीड़ हुई। मन्दिर व मेला व्यवस्था व सेवा समितियां सक्रिय रह कर सभी व्यवस्थाओ मे अपनी भूमिका निभाते रहे। चौकी कटरा गुलाब सिंह के सिपाही कंट्रोल रूम से मन्दिर व मेला क्षेत्र में अपनी भूमिका निभाई। धाम के महासचिव समाज शेखर ने बताया की दोपहर २ बजे से धाम मे महिलाओ का आगमन शुरू हुआ जो देर रात्रि 9 बजे तक चलता रहा। थोड़ी रिमझिम बारिश की वजह से दूर ग्रामो की महिलाएं घर गाँव मे ही पूजन की। लगभग 7 हजार महिलाओ ने भगवान भोले नाथ का पूजन अर्चन किया। इस अवसर पर धाम के अध्यक्ष राज कुमार शुक्ल, मुख्य मन्दिर के पुजारी भोला नाथ तिवारी, मेला प्रबन्धक व उपाध्यक्ष प्रशासन बबन सिंह, मन्दिर व्यवस्था के उप संयोजक महेश्वरी प्रसाद पांडेय, मेला संयोजक कमला कांत मिश्र, सचिव अनिल मिश्र, सदस्य गण सुरेंद्र सिंह, शत्रुघन सिंह, हरि ओम पांडेय, तेज बहादुर सिंह, कार्यालय प्रभारी नीरज मिश्र, सेवा समिति के रामू तिवारी, भानू सिंह, प्रदीप सिंह, विश्व दीपक तिवारी, चंदन तिवारी आदि ने सराहनीय भूमिका निभाई। वर्षो से मेला मे अपनी भूमिका निभाने वाले संरक्षक गण देवी प्रसाद मिश्र, लालता प्रसाद मिश्र तथा अशोक मिश्र ने सभी का मार्ग दर्शन किया।

दोपहर २ बजे से धाम मे महिलाओ का आगमन शुरू हुआ जो देर रात्रि 9 बजे तक चलता रहा। थोड़ी रिमझिम बारिश की वजह से दूर ग्रामो की महिलाएं घर गाँव मे ही पूजन की। लगभग 7 हजार महिलाओ ने भगवान भोले नाथ का पूजन अर्चन किया।

रेलवे कालोनी में मौत की छत के नीचे कर रहे जिंदगी का सफर!

रेलवे क्वार्टरों की जर्जर हालत, कभी भी हो सकता है हादसा, लखनऊ में रेलवे कालोनी में आवास ढहने से हो चुकी है मौतें

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। हाल ही में लखनऊ रेलवे कालोनी में जर्जर क्वार्टर ढहने से उसमें रहने वाले कई लोगों की मौत हो चुकी है। इस घटना ने रेल प्रशासन में खलबली मचा दी है। प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन कालोनी के क्वार्टरों की स्थिति लखनऊ से जुदा नहीं है। यहां क्वार्टरों में रहने वाले मौत की छत के नीचे जिंदगी के सफर पर हैं। छत कब ढह जाएगी इनको भी पता नहीं है। खास बात यह है कि क्वार्टरों की हकीकत से जिम्मेदार अधिकारी अच्छी तरह से वाकिफ है। लखनऊ की तरह एक और घटना की पुनरावृत्ति न हो। इस दिशा में रेल प्रशासन की ओर से कोई पहल नहीं हुई है। अगर जर्जर क्वार्टर जमीदोज होते हैं काफी लोग जिंदा दफन होंगे। इसका जिम्मेदार कौन होगा। इसे बताने की जरूरत नहीं है। बता दें कि यहां की कालोनियों में करीब 70 क्वार्टर फाइन में कंडम घोषित किए गए हैं। कुछ को छोड़ दया जाए तो बाकी में घुसपैठिए हैं। जो रेल कर्मचारियों की सरपरस्ती में रह रहे हैं। यह अलग बात है कि अधिकारियों ने कई बार अभियान चलाकर इन्हें बाहर खदेड़ा लेकिन फिर घुस आते हैं। बता दें कि जिन क्वार्टरों को आवंटित किया गया है। जिसमें स्टाफ रह रहा है, वो भी जर्जर हालत में है। कर्मचारियों का आरोप है कि दर्जन भर क्वॉर्टर ऐसे हैं जिनकी छतें और दीवारें फटी हैं। बारिश में पानी की धार नीचे गिरती है। इसमें परिवार संग रहने वाले रेल कर्मी की फरियाद नेताओं और अधिकारियों की फाइलों में दफन है। नाम न छापने की शर्त पर कर्मियों ने बताया कि मजबूरी में रह रहे हैं। क्वार्टर की हालत नाजुक हैं।

जर्जर रेलवे कालोनी का हाल।

नेताओं ने खोला मोर्चा......

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। मेंस यूनियन और मजदूर यूनियन के नेताओं ने जर्जर क्वार्टर को लेकर अधिकारियों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। मेंस के शाखा सचिव अनिल शुक्ला का कहना है कि क्वॉर्टर गिरने से कोई हादसा होता है तो अधिकारी जिम्मेदार होंगे। उन्होंने दोनों को बता भी दिया है। मजदूर के शाखा अध्यक्ष मोहम्मद अफजल खान ने आरोप लगाया कि कालोनी में रहने वाले बाहरी लोगों को अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त है।

क्या कहते हैं अधिकारी?

प्रतापगढ़। इस बारे में कार्य निरीक्षक (आईआईडब्लू) एसके पाल का कहना है कि अभियान चलाकर बाहरी लोगों को खदेड़ा जायेगा। आवंटित क्वार्टरों में समस्या नहीं है। रेल स्टाफ से जो भी शिकायतें मिली हैं, उसका समय पर निस्तारण किया गया है।

बेटियों के आगे बढ़ने से समाज भी बढ़ेगाः श्यामलाल विश्वकर्मा

परियावां, प्रतापगढ़। डेरवा बाजार निवासी शिक्षक अशोक सोनी की बेटी सोनाली सोनी सिविल जज के पद पर चयनित हुई हैं। ऐसे में उनके घर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। इसी क्रम में विश्वकर्मा विकास परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विश्वकर्मा मंदिर मानिकपुर के संरक्षक श्यामलाल विश्वकर्मा की अगुवाई में पदाधिकारियों ने उनके घर पहुंचकर पिता पुत्री को बधाई देते हुए माल्यार्पण व अंगवस्त्रम से सम्मानित किया। श्याम लाल विश्वकर्मा ने कहा कि वर्तमान में बेटियां बेटों से कम नहीं हैं। बेटियां एक नहीं बल्कि दो-दो घरों को शिक्षित करती हैं। बेटियां जितनी आगे बढ़ेंगी, समाज भी उतना ही तरक्की करेगा। इसलिए बेटियों की शिक्षा में कोई कमी ना छोड़े। उन्हें बेहतर से बेहतर शिक्षा दिलाएं। उन्होंने कहाकि सोनाली के सफलता से परिवार ही नहीं पूरे क्षेत्र के लोग काफी खुश हैं। विश्वकर्मा मंदिर मानिकपुर के अध्यक्ष रामलखन विश्वकर्मा, हौदेश्वरनाथ धाम मेला प्रबंधक व बजरंग दल के संयोजक जुगनू विश्वकर्मा, विनोद गुरूजी, कुलदीप कुमार, स्वास्तिक विश्वकर्मा व सत्यम आदि ने जज बनी सोनाली को बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की।

जूबाए चुनाव की कार्यकारिणी के लिये अधिवक्ताओं ने किया नामांकन

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जूनियर बार एसोसिएशन पुरातन प्रतापगढ़ के चुनाव में कार्यकारिणी का नामांकन करते हुए अरुण सिंह, राजू, राहुल, श्याम गुप्ता, शिवम सिंह, राजकुमार मिश्रा ने अपना पर्चा दाखिल किया। इस मौके पर मुक्कु ओझा, जेपी मिश्रा, अंजनी सिंह बाबा, दिवाकर सिंह, आशीष श्रीवास्तव, दिग्विजय सिंह, मनोज कुमार, अमजद खान, राघवेंद्र प्रताप सिंह, सद्दाम अली, नसीम खान, विक्रम सिंह, अमित सिंह, अनिल तिवारी, विवेक दत्त पाली, अरुण पासवान उपस्थित थे।

जूबाए चुनाव की कार्यकारिणी के लिये नामांकन करने जाते अधिवक्तागण

जैन धर्म पर्युषण पर्व दस लक्षण धर्म का हुआ शुभारंभ

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। शहर के बाबागंज जैन मंदिर में जैन धर्म के पर्वराज पर्युषण पर्व का शुभारंभ 108 कलशों से महामस्तकाभिषेक से किया गया। दसलक्षण धर्म के प्रथम व्रत उत्तम क्षमा का पूजन किया गया। इस दसलक्षण धर्म के 10 अणुव्रतों में पहला अणुव्रत उत्तम क्षमा है। मस्तकाभिषेक के बाद विश्व की शांति के लिए शांति धारा किया गया जिसमे समाज के लोगों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। पर्युषण पर्व के पहले दिन मंदिर में सुबह से ही समाज के लोगों की भीड़ इकट्ठा होने लगी। इस दौरान रतन जैन, आनंद जैन, अरविंद जैन, मिश्री लाल जैन, दिपेश जैन, आकर्ष जैन, रवि जैन, नगीना जैन, सिताब जैन, मंजू जैन, राजेश्वरी जैन, पद्मावती जैन, पूनम जैन, रेखा जैन, सोनम, बेबी, नेहा आदि मौजूद रहे।

आधा बैठकर आत्महत्या करने का कौशांबी में बढ़ा प्रचलन

अखंड भारत संदेश

टेडीमोड कौशाम्बी। इन दिनों जिले में आधा बैठकर आत्महत्या करने का प्रचलन तेजी से बढ़ गया है डिजिटल इंडिया के युग में आत्महत्या के भी तौर तरीके कौशांबी में बदल गए हैं पुलिस इस गंभीर मामले में गंभीरता से जांच कर घटना के तथ्यों पर नहीं जाना चाहती है मंगलवार को फिर कोखराज थाना क्षेत्र के शहजादपुर गांव में एक अधेड़ व्यक्ति ने आधा बैठ कर आत्महत्या कर लिया है परिजनों द्वारा इसे आत्महत्या घोषित किया गया है पुलिस ने भी इसे आत्महत्या मान लिया है लेकिन गांव के लोग आत्महत्या मानने को तैयार नहीं है डोरी से बंधे अधेड़ का शव जमीन पर पैर के घुटने के बल टिके शव ने फिर तमाम सवाल छोड़ दिए हैं। जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के शहजादपुर गांव निवासी नाथू उम्र लगभग 50 वर्ष पुत्र लंबू ने गांव के बाहर खेत में घर बनवाकर अपने बड़े बेटे लव कुश के साथ रहता था कुछ महीने से किसी बात को लेकर बेटे से विवाद चल रहा था बीती रात परिजन खाना-पीना खाकर सो गए सुबह जब उठकर देखा तो रस्सी के सहारे अधेड़ का शव बंधा हुआ है पैर के दोनों घुटने मुड़कर जमीन पर रखे हुए हैं शव को देखते ही परिजनों ने अधेड़ के आत्महत्या की बात प्रचारित कर दी जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया स्थानीय पुलिस का कहना है कि अधेड़ ने आत्महत्या कर लिया है आखिर मोदी सरकार के डिजिटल इंडिया के बाद आखिर कौन सी नई तकनीक उत्पन्न हो गई है जिससे जमीन में बैठकर भी फंदा लगाकर आत्महत्या किया जा सकता है यह बात लोगों के समझ में नहीं आ रही है लेकिन स्थानीय पुलिस आत्महत्या के इस आधुनिक तकनीक को भली-भांति समझ रही है आधुनिक तकनीक से आत्महत्या किए जाने के मामले में स्थानीय पुलिस की लापरवाही और मनमानी पर पुलिस अफसर मामले को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं शहजादपुर गांव में अधेड़ की मौत ने अपने पीछे तमाम सवाल छोड़ दिए हैं जो सूक्ष्म जांच का बड़ा विषय है इसके पहले भी आधुनिक तकनीक से जमीन में आधा बैठकर आत्महत्या किए जाने के कई मामले कोखराज थाना क्षेत्र सहित विभिन्न थाना क्षेत्र में पहले भी आ चुके हैं।

डोरी से बंधे अधेड़ के शव ने फिर छोड़े स्थानीय पुलिस पर तमाम सवाल, हत्या-आत्महत्या के बीच उलझी तस्वीरों को अफसरो के गंभीरता से न लेने से मनमानी पर उतारू है थाना पुलिस

संदिग्ध दशा में गांव के बाहर पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटकता मिला युवक का शव

दो वर्षों पूर्व संदिग्ध परिस्थितियों में पत्नी की भी हो चुकी है मौत

अखंड भारत संदेश

करारी कौशाम्बी। करारी थाना क्षेत्र के तैय्यबपुर गुवारा में मंगलवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियो में गांव के बाहर पेड़ पर लटकता हुआ युवक का शव मिलने से सनसनी मच गई,सुबह खेतो की तरफ गए ग्रामीणों ने देखा तो हड़कंप मच गया,ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई। बताया जाता है कि दो वर्षों पूर्व पत्नी की भी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो चुकी है। जानकारी के मुताबिक करारी थाना क्षेत्र के गुवारा गांव निवासी अर्जुन लोधी उम्र 35 वर्ष पुत्र स्व छीतानी अपने ससुराल देवाना गांव में रहता था,अभी तीन दिन पहले ही अपने गांव गुवारा रहने के लिए आया था गांव के बाहर उसका खेत है और वहीं पर भैरव बाबा के पास नीम के पेड़ पर मंगलवार की सुबह उसका शव लटकता हुआ मिला है।ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मामले की जानकारी मिलते ही मौके पर तमाम लोगों की भीड़ लग गई है परिवार के लोग भी पहुंच गए हैं पहले पत्नी की मौत बाद में पति की मौत ने तमाम सवाल छोड़ दिए हैं जो बड़ी चर्चा और जांच का विषय है।

नई रेलवे लाइन के पास संदिग्ध अवस्था में मिली युवक की लाश

अखंड भारत संदेश

किसी बालिका के प्रेम के चलते गांव छोड़कर भरवारी में रहने की है चर्चा

भरवारी कौशांबी। मंझनपुर थाना क्षेत्र के दीवार गांव के एक युवक की लाश सोमवार की रात कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी कस्बे के नई रेल लाइन परसरा के पास मिली है युवक के मुंह से झाग निकला हुआ है आशंका जताई जा रही है कि जहर से युवक की मौत हुई है सूचना पाकर मौके पर लोगों की भीड़ लग गई मामले की सूचना पुलिस को दी गई सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की जानकारी मृतक युवक के परिजनों को दे दी है। जानकारी के मुताबिक मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के दीवर गांव निवासी राहुल कोरी उम्र लगभग 25 वर्ष पुत्र फूलचंद्र उर्फ कल्लू बीते कुछ समय से भरवारी में रह रहा था सोमवार की रात्रि में उसका शव परसरा के पास नई रेल लाइन के पास मिला है मृतक के मुंह से झाग निकला था सूचना पाकर लोगों की भीड़ लग गई पुलिस को सूचना दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को सूचना दी और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है बताया जाता है कि मृतक का भरवारी क्षेत्र की एक बालिका से प्रेम संबंध थे लोगों के बीच तमाम चचाएं हैं कि युवक ने जहर खुद खाया है या फिर प्रेम संबंधों के बीच बाधक बने लोगों द्वारा उसे जहर खिलाकर रास्ते से हटा दिया गया है यह बड़ी जांच का विषय है।

बारिश के दौरान गिरी आकाशीय बिजली एक बच्ची की मौत तीन अन्य झुलसे

कौशाम्बी। बारिश के दौरान सोमवार को आकाशीय बिजली गिर गई आकाशीय बिजली की चपेट में आने से पेड़ के नीचे खेल रही एक दस साल की बच्ची की मौत हो गई,जबकि टीन लोग झुलस गए है,घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया,घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहा उनका इलाज किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक सराय अकिल थाना क्षेत्र के छेकवा गांव में एक ही परिवार के चार लोग खेत में चरी काटने गए थे, जहां पर तेज बारिश होते देख सभी लोग एक टाली के नीचे बारिश से बचने के लिए घुस गए उसी समय आकाशीय बिजली गिरा गई,आकाशीय बिजली की चपेट में आने से 10 साल की बालिका विद्या की मौत हो गयी,जबकि श्रवण तिवारी उम्र 37 वर्ष,सत्यम उम्र 15 वर्ष, देवा उम्र13 वर्ष गंभीर झुलस गए है जिन्हे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

ट्रेन के आगे कूदकर वृद्ध व्यक्ति ने दी जान

बेटी के ससुराली जनों पर प्रताड़ना का लग रहा आरोप

अखंड भारत संदेश

भरवारी कौशाम्बी। कोखराज थाना क्षेत्र के हावड़ा दिल्ली रेल लाइन के भरवारी रेलवे स्टेशन के पास मंगलवार की सुबह भरवारी कस्बे के रहने वाले वृद्ध व्यक्ति ने ट्रेन के आगे कूद कर आत्महत्या कर लिया है आत्महत्या की जानकारी मिलते ही मोहल्ले आसपास और परिवार के लोग घटना स्थल पर पहुंचे हैं मामले की सूचना पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया बताया जाता है कि मृतक की बेटी के ससुराल वाले बेटी को प्रताड़ित करते थे मारपीट उसे घर से भगा दिया है जिससे बेटी का पिता वृद्ध व्यक्ति तनाव में रहता था इसी तनाव के चलते उसने आत्महत्या कर लिया है घटना के बाद से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना के टीकरडीह गांव के रहने वाले राम आसरे पाल उम्र लगभग 65 वर्ष बीते 13 वर्षो से भरवारी कस्बे के लखन लाल कॉलोनी मेहता रोड में मकान बनाकर परिवार सहित रहते हैं उनकी एक बेटी प्रयागराज शहर के मुंडेरा में एक स्कूल प्रबंधक के साथ ब्याही थी लेकिन बीते कुछ दिनों से स्कूल प्रबंधक उनकी बेटी के साथ मारपीट अत्याचार कर रहा था जिससे बेटी की परेशानी से वृद्ध चिंतित रहने लगा एक सप्ताह पूर्व उनकी बेटी को प्रबंधक ने मारपीट कर घर से भगा दिया जिससे बेटी भरवारी आकर रहने लगी बेटी के ऊपर प्रताड़ना से उसका पिता राम आसरे पाल सदमे में आ गया और मंगलवार की सुबह हावड़ा दिल्ली रेल लाइन के भरवारी स्टेशन के पास ट्रेन के आगे कूदकर उसने आत्महत्या कर लिया है मामले की जानकारी जैसे ही मृतक के घर पहुँची परिवार में कोहराम मच गया मोहल्ले वालों को जानकारी मिली तो पूरे मोहल्ले में मातम छा गया मामले की सूचना पुलिस को मिली सूचना पाकर मौके पर पहुँची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है बताया जाता है कि ट्रेन हादसे से मृतक के शरीर के चीथड़े उड़ गए हैं और उसका शरीर काफी दूर तक घसीटता हुआ चला गया है स्थानीय जीआरपी पुलिस पर आरोप है कि घटना की सूचना दिए जाने के घंटो बाद भी मौके पर जीआरपी पुलिस नहीं पहुँच सकी है पुलिस की इस लापरवाही से लोगों में आक्रोश व्याप्त है जानकारी मिलने के बाद मृतक के परिजनों से मिलने पूर्व विधायक संजय गुप्ता पहुंचे हैं और मृतक परिजनों को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया है।

प्रेम प्रसंग में युवती ने जहर खाकर दे दी जान

सुसाइड नोट लिखकर प्रेमी और उसके परिजनों पर लगाया आरोप

कौशाम्बी। जिले में प्रेमी की बेवफाई से तंग आकर एक युवती ने जहरीला पदार्थ खा लिया परिजनो ने उसे इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहाँ इलाज के दौरान युवती की मौत हो गई हैं, युवती के पास से एक सुसाइड नोट भी मिला है।जिसमे उसने प्रेमी और उसके परिजनों पर आरोप लगाया है युवती के सुसाइड नोट में उसने अपनी मौत के जिम्मेदार प्रेमी महेंद्र पटेल और उसके तीन परिवार वालो को जिम्मेदार ठहराया हैं।मौके से मिले सुसाइड नोट में युवती ने लिखा है कि मैं अपने होश हवास में यह लिखती हूं कि मेरे गांव का लड़का महेंद्र पटेल जो मुझसे प्यार करता था। वह 15 साल से मेरे साथ था। मेरे साथ उसने सब कुछ किया जो एक पति-पत्नी करते हैं। मुझे बोला करता था कि मैं तुमसे ही शादी करूंगा। जब भी मैं उसे शादी के लिए बोलती थी तो वह बहाने बनाता था। युवती ने लिखा है कि प्रेमी के पास मेरी कुछ आपत्तिजनक तस्वीर भी थी। जिस पर वह मुझे धमकाता था कि अगर मुझसे शादी करने का दबाव बनाएंगी तो मैं तस्वीर फेसबुक पर डाल दूंगा। उसके परिवार वाले भी मुझे तरह-तरह की धमकियां देते थे।मैं शादी के लिए अपना एक मंगलसूत्र भी बनवा कर रखा थी। जो मेरे घर की अलमारी में रखा हुआ हैं।मैं महेंद्र और उसके परिजनों के प्रताड़ना से तंग आकर जहर खाकर अपनी जान दे रही हूँ। वहीं पुलिस ने इस मामले में मृतका के पिता की तहरीर पर आरोपी प्रेमी महेंद्र पटेल समेत चार लोगों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज कर तफ्तीश शुरू कर दी हैं। घटना सैनी कोतवाली क्षेत्र के सिराथू कस्बे की है। सीओ सिराथू अवधेश विश्वकर्मा ने बताया सैनी कोतवाली क्षेत्र के सिराथू कस्बे में एक युवती ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली हैं। इस संबंध में उसके परिजनों ने तहरीर के साथ एक सुसाइड नोट भी दिया है। जिसके आधार पर केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

जिला जज ने जूस पिलाकर समाप्त कराया आमरण अनशन

अखंड भारत संदेश

हापुड़ के अधिवक्ताओं पर लाठी चार्ज के विरोध में बीते 6 दिनों से आमरण अनशन कर रहे थे अधिवक्ता नर नारायण मिश्रा

कौशाम्बी। हापुड़ जनपद के अधिवक्ताओं पर लाठी चार्ज के बाद दोषी पुलिस अधिकारियों पर कार्यवाही न होने पर कौशांबी जनपद के वरिष्ठ अधिवक्ता मॉडल डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष नर नारायण मिश्र ने 6 दिनों पूर्व आमरण अनशन शुरू किया था खाना पानी त्याग कर नर नारायण मिश्रा कौशाम्बी कचहरी के अधिवक्ता हाल में बैठ गए और बीते 6 दिनों से वह अपनी बात शासन प्रशासन तक पहुंचाने की जिद पर अड़े रहे। इस बात की जानकारी जैसे ही हापुड़ जनपद के अधिवक्ताओं के अध्यक्ष एनुल हक और पूर्व अध्यक्ष अजीत चौधरी को लगी वह अपने तमाम समर्थकों के साथ सोमवार की रात्रि में कौशांबी आए और उन्होंने आमरण अनशन कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता नर नारायण मिश्र से मुलाकात कर उनको काफी समझाते बुझाते हुए कहा कि अधिवक्ताओं की इस लड़ाई में आमरण अनशन का पहला अधिकार हापुड़ जनपद के अधिवक्ताओं को है उन्होंने नर नारायण मिश्रा से कहा कि अधिवक्ताओं के हित को लेकर अपने आमरण अनशन कर जो लड़ाई लड़ी है इसके लिए बधाई के पात्र हैं। मंगलवार को जनपद एवं सत्र न्यायाधीश बृजेश कुमार मिश्रा ने आमरण अनशन समाप्त करने की अपील अधिवक्ता नर नारायण मिश्रा से किया और उन्हें जूस पिलाकर आमरण अनशन समाप्त कराया। इस दौरान अपर जिला जज प्रथम नीरज कुमार सहित मॉडल जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अधिवक्ता राकेश जयसवाल इंद्र नारायण पांडे ज्ञानेंद्र शुक्ला पूर्व अध्यक्ष मनु देव त्रिपाठी पूर्व महामंत्री तुषार तिवारी महामंत्री लक्ष्मीकांत त्रिपाठी सूर्य प्रकाश द्विवेदी शिवेंद्र द्विवेदी शेष कुमार त्रिपाठी ओम देव त्रिपाठी बलराम त्रिपाठी जय प्रकाश वर्मा मानसिंह सुनील कुमार गुप्ता कौशल किशोर द्विवेदी अभिषेक त्रिपाठी मिलेश पाल बालेंद्र धर द्विवेदी आशुतोष द्विवेदी अंकित त्रिपाठी तिलक नारायण पांडे मंदीप अवस्थी धर्मेंद्र दुबे अजय विश्वकर्मा अशोक कुमार मिश्रा ब्राह्मी भूषण मिश्र सत्यम पांडे विमल कुमार मिश्रा सूरज पांडेय शशि प्रकाश त्रिपाठी विकास मिश्रा विजय शर्मा सहित तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे हड़ताल समाप्त किए जाने के बाबत जब महामंत्री लक्ष्मीकांत त्रिपाठी से बात की गई तो उन्होंने कहा कि बुधवार को 48 खंबा में बैठक करने के बाद अधिवक्ताओं से विचार विमर्श के बाद इस पर निर्णय किया जाएगा।

तिहरे हत्याकांड ने खोल दी त्वरित एवं गुणवत्ता पूर्ण शिकायतों के निस्तारण की पोल

अधिकारियों के चौखट पर माथा रगड़ने के बावजूद त्वरित, गुणवत्ता पूर्ण एवं समय अंतर्गत शिकायतों का नही हो पाता निस्तारण

कौशाम्बी। संदीपन घाट थाना क्षेत्र में बीते शुक्रवार 15 सितम्बर को तिहरे हत्याकांड के बाद झूठे बयान जारी करने वाले अधिकारियों का चारो तरफ मजाक उड़ाया जा रहा है। शासन को गुमराह करने में राजस्व और पुलिस विभाग को बड़ी महारत हासिल है। सरकार के निदेर्शानुसार थाना दिवस और तहसील दिवस इसलिए आयोजित किया जाता है कि थाना दिवस और तहसील दिवस में प्राप्त शिकायती पत्र का राजस्व और पुलिस विभाग के समन्वय से त्वरित, गुणवत्तापूर्ण एवं समय अंतर्गत निस्तारण किया जाए तथा इसके बाद शासनस्तर से थाना दिवस और तहसील दिवस का जवाब तलब होता है। थाना दिवस और तहसील दिवस में सही तरीके से शिकायतों का निस्तारण हो या ना हो किसी को न्याय मिले या ना मिले फजीहत होने से बचने के लिए अधिकारियों का रटा रटाया शब्द त्वरित, गुणवत्तापूर्ण एवं समय अंतर्गत शिकायतों का निस्तारण किया गया बयान जारी कर शासन को झूठी रिपोर्ट भेजकर अपने ही हांथ अपनी पीठ थपथपाने का यह खेल लंबे समय से चल रहा है बीते दिन संदीपन घाट थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद को लेकर ट्रिपल हत्याकांड ने पुलिस और राजस्व विभाग के द्वारा त्वरित, गुणवत्तापूर्ण एवं समय अंतर्गत शिकायतों का निस्तारण किए जाने की पूरी पोल खोलकर रख दी है। त्वरित, गुणवत्तापूर्ण एवं समय अंतर्गत शिकायतों का निस्तारण का दंभ भरने वाले अधिकारी यदि त्वरित, गुणवत्तापूर्ण एवं समय अंतर्गत शिकायतों का निस्तारण किए होते तो एक साथ तीन निर्दोष दलित लोगों की हत्या न होती और किसी का परिवार उजड़ने से बच जाता। ट्रिपल हत्याकांड के बाद शासन को झूठी रिपोर्ट भेजकर गुमराह करने वाले अधिकारियों पर अभी तक ठोस कार्यवाही नही हुई। एक साथ तीन दलित लोगों की हत्या के बाद त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और समय अंतर्गत शिकायतों का निस्तारण किए जाने का बयान जारी करने वाले अधिकारियों के निष्ठा पर गंभीर प्रश्नचिन्ह लग रहे हैं।

तिहरे हत्याकांड के पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए समाजसेवियो ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मोहिउद्दीनपुर गौस के तिहरे हत्याकांड के पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए 6 सूत्रीय ज्ञापन दलित समाजसेवियों ने राज्यपाल को जिला आधिकारी के माध्यम से सौंपा है समजसेवी संगठन के लोगो ने पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मुहिम छेड़ दिया है। गौरतलब है कि मंगलवार की सुबह समाजसेवी मंजरपुर के डाइट मैदान में एकत्रित हुए और बैठक किया उसके बाद डीएम कार्यालय तक जमकर नारे बाजी करते हत्या में शामिल नामजद 8 लोगों की गिरफ्तारी की मांग से संबंधित ज्ञापन जिला अधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को भेजा। हमलावरों के विरुद्ध थाना संदीपन घाट में मुकदमा पंजीकृत हुआ है और हत्यारो ने साजिश के तहत अपने घरों में आग लगा दिया है प्रदर्शन कर रहे लोगों ने कहा कि पीड़ित परिवार को पांच सशस्त्र लाइसेंस दिया जाएगा मुख्यमंत्री सहायता राहत कोष से एक करोड रुपए दिया जाएगा पीड़ित परिवार को पांच-पांच बीघा जमीन पट्टा दिया जाएगा। हत्या आरोपियों के खिलाफ एमएससी की कार्रवाई की जाएगी पीड़ित परिवार को एक सरकारी नौकरी और परिवार को निशुल्क आजीवन सुरक्षा प्रदान की जाये थाना अध्यक्ष संदीपन घाट को तत्काल निलंबित किए जाने वा चौकी इंचार्ज आलम चंद्र वा सिपहियो को बर्खास्त किए जाने की मांग की है इस मौके पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख पंचूराम सरोज के नेतृत्व में मनका प्रसाद सरोज धनंजय पासी विक्रम सिंह पासी मक्खन भारती अमित पासी लाखन सिंह राजपासी ओमप्रकाश पासी रमेश पासी सत्य शिरोमणि सरोज मंजय पासी शक्ति प्रकाश राम विलास पासी प्रदीप पासी राजकुमार वर्मा आशुतोष पासी नागेंद्र भारती सरमन सरोज महेन्द्र कुमार पासी राजकुमार संतोष शिवकुमार अजीत कुमार मनीष पासी शैलेन्द्र राजपासी सहित तमाम सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

स्वास्थ्य विभाग किसी बड़े हादसे का कर रहा इंतजार!

चायल क्षेत्र के कई गांवों में घर-घर बुखार से पीड़ित हैं लोग

अखंड भारत संदेश

ब्लड जांच के नाम पर चायल क्षेत्र में लूट सुविधा के नाम कुछ भी नहीं पर चार्ज बतानुकूलित जैसा

चायल कौशाम्बी। चायल तहसील क्षेत्र के कई गांवों में घर घर इस समय लोग बुखार से पीड़ित है किसी को बुखार आने से चलने में दिक्कत तो किसी को हफ्तों से बुखार है चायल क्षेत्र में चल रही निजी नर्सिंग होम में इलाज के नाम पर लूट का सिलसिला जारी है चायल में स्वास्थ्य विभाग की टीम इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है क्या स्वास्थ्य विभाग किसी बड़े हदसे के इंतजार में है या उन्हें निजी नर्सिंग होम से माहवारी मिलती है जिससे अभी तक टीम गांवों में जाकर लोगो का इलाज नहीं कर रही है और निजी नर्सिंग होम इलाज कराने जाएं। तीमारदारों को ब्लड जांच के लिए अपने ही चहेतों के जाच केंद्र में लिख दिया जाता है और उनसे मनमाने तरीके से वसूली की जाती है जिससे उनका भी हिस्सा बना रहे। वैसे यदि यह कह लिया जाए कि इलाज को लेकर निजी नर्सिंग होमों में ठगी का बड़ा आलम है तो शायद यह गलत नहीं होगा।

अकेले चायल क्षेत्र की बात करें तो सैकड़ा भर से अधिक अवैध नर्सिंग होम संचालित हैं। वह बात अलग है कि रजिस्ट्रेशन सीएमओ कार्यालय से है या फिर नहीं, और है भी तो क्लीनिक मतलब पूछताछ केंद्र का, या फिर पॉली क्लीनिक का, या फिर नर्सिंग होमा का, लेकिन कुछ भी हो रजिस्ट्रेशन के विषय में जिले का विभाग कितना जांच पड़ताल करता है यह तो नहीं स्पष्ट किया जा सकता, लेकिन इतना जरूर है कि इन अस्पतालों के बाहर लगे बोर्ड जरूर मरीज के तीमारदारों को इंट्री लेने के लिए विवश कर देते हैं। वह बात अलग है कि बोर्ड में लिखे डाक्टर साहब अंदर मिलेंगे या फिर वह सिर्फ बोर्ड तक ही सीमित है और इलाज कोई झोलाछाप जैसा ही करेगा। खैर यह सब किसके रहमो करम पर हो रहा है, यह जांच का बड़ा विषय है। बात करें तो चायल क्षेत्र के तिल्हपुरमोड़, मीरपुर, सराय अकिल चरवा, चायल बबुरा मोड़ मनौरी सैय्यद सरावा आदि ऐसे कस्बे और बाजार है जहाँ पर आपको ऐसी अस्पतालें मालूम पड़ेंगी जहां के अस्पताल संचालक ने यदि रजिस्ट्रेशन कराया है तो किसी बड़े डिग्री प्राप्त चिकित्सक के नाम पर है बड़ी बात यह है कि अस्पताल के बाहर लगे बोर्ड में भी उन्हीं बड़े साहब का नाम भी लिखा मिलेगा, लेकिन अंदर का रहस्य आपको तब पता चलेगा जब आप अपने गंभीर मरीज को इलाज के लिए भर्ती करा देंगे। फिर शुरू होगा धनादोहन। अब यदि मरीज ठीक हो गया तो बेहतर है, और यदि गंभीर हो गया तो फिर आपको किसी और बड़ी अस्पताल का पता बता देंगे। इतना ही नहीं यदि आप उनके बताए गए अस्पताल में पहुंचे तो फिर वहां भी इनका कमीशन फाइनल हो गया। इस तरह से इलाज के नाम पर ज्यादातर निजी नर्सिंग होमों में ठगी का बड़ा आलम है। सबसे बड़ी बात इन क्लीनिकों व नर्सिंग होमों में एएनएम जेएनएम का कोर्स करने वाली लड़कियों के भरोसे प्रसव एव एबार्शन की जिम्मेदारी होती है। इसमें मोटी रकम की कमाई भी होती है। अब सवाल इस बात का उठ रहा है कि कमाई के बाद हिस्सा विभागीय बाबुओं व अफसरों को जाता है या फिर नहीं लेकिन जिस तरह से खुला ठगी का यह आलम चल रहा है और इनकी तरफ कोई जिम्मेदार कार्यवाही भरी निगाह से नहीं देख रहा उससे चर्चा होना स्वाभाविक है इसमें कितनी सच्चाई है यह तो अफसरों के जांच के बाद स्पष्ट होगा। लेकिन जिस तरह से जिले में इलाज के नाम पर ज्यादातर निजी अस्पतालों में ठगी का आलम है, उससे कहीं न कहीं गरीब जनता हैरान परेशान जरूर है इस ओर जिलाधिकारी सुजीत कुमार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए लोगो ने संचालित निजी नर्सिंग होमों की हकीकत की जांच कराकर दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही कराए जाने की मांग किया है।

न्यूज झरोखा

शिक्षक विधायक ने अस्पताल का फीता काटकर किया शुभारंभ

कौशांबी। जनपद मुख्यालय मंझनपुर के न्यू नगर पालिका कार्यालय के सामने ओसा रोड पर संचालित वंदना फार्मा क्लीनिक का उद्घाटन मंगलवार को फीता काटकर शिक्षक विधायक डॉ बाबूलाल शुक्ला ने किया है अस्पताल उद्घाटन करते समय शिक्षक विधायक डॉ बाबूलाल शुक्ला ने कहा कि इस अस्पताल में योग्य चिकित्सकों द्वारा मरीजों को सस्ता और सुलभ इलाज मिलेगा उन्होंने अस्पताल संचालक से कहा कि योगी सरकार के निदेर्शानुसार मरीजों को स्वास्थ्य लाभ दिया जाए अस्पताल उद्घाटन के बाद उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं का बखान किया इस मौके पर उनके प्रतिनिधि संतोष शुक्ला अस्पताल संचालक अभिषेक शुक्ला बीरेंद्र फौजी अध्यक्ष रोहित मिश्रा गौरव करवरिया सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

ठेला वालों ने तिराहे पर किया अतिक्रमण

कौशांबी। मूरतगंज महेवाघाट रोड के टेवा तिराहा धाता रोड पर दोनों तरफ ठेला गोमती लगाकर लोगों ने अतिक्रमण कर लिया है टेवा तिराहा पर अतिक्रमण किए जाने से मूरतगंज महेवाघाट रोड पर आने वाले वाहन धाता रोड से आने वाले लोगों को दिखाई नहीं पड़ते हैं जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं और लोग चोटिल होते हैं लेकिन उसके बाद भी तिराहे पर अतिक्रमण करने वालों को प्रशासन ने नहीं हटाया है तिराहे पर अतिक्रमण करने वालों को यदि समय रहते नहीं हटाया गया तो कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है

झूलती विद्युत तार दे रही हादसे को दावत

कौशांबी। मंझनपुर तहसील के अंतर्गत ग्राम सभा चकथाभा के मजरा सेवकूपुर ग्राम में विद्युत तार काफी नीचे झूल रही है जिससे हादसे की संभावनाएं बनी रहती हैं कई बार ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों से कहा लेकिन झूलती विद्युत तार में सुधार नहीं हो सका जमीन से केवल 10 फीट ऊंचाई पर लटक रहे विधुत तार के चलते कुछ भी अनहोनी हो सकती है बिजली विभाग के लापरवाही का आलम यह है कि ट्रांसफार्मर एक तरफ झुका हुआ है कभी भी तेज हवा में वह गिर सकता है जिससे बड़े हादसे की संभावना है इसी ट्रांसफार्मर से गांव की सप्लाई है यदि कभी ट्रांसफार्मर गिरा तो विद्युत सप्लाई बाधित के होने के साथ-साथ हादसे की भी प्रबल संभावना है लोगों ने अधिकारियों का ध्यान इस और आकृष्ट कराया है।

नेशनल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य ने हाई स्कूल परीक्षा 2023 की छात्राओं का किया सम्मान

भरवारी कौशाम्बी। नेशनल इंटर कॉलेज भरवारी के प्रधानाचार्य कलीम अहमद द्वारा दिनांक 19 सितम्बर को कस्तूरबा गांधी कन्या इंटर कॉलेज भरवारी की हाई स्कूल परीक्षा 2023 में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा सोनम राजपूत (91%) को एक साइकिल प्रदान कर सम्मानित किया' हाई स्कूल परीक्षा 2023 में द्वितीय स्थान कलश वर्मा-89.5% तथा तृतीय स्थान आयुषी त्रिपाठी 89.3% प्राप्त करने वाली छात्रा को नेशनल इंटर कॉलेज भरवारी के वरिष्ठ शिक्षक भुवनेश्वर तिवारी एवं प्रवक्ता श्रीमती माया तिवारी ने कलाई घड़ी देकर सम्मानित एवं उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर कस्तूरबा गांधी कन्या इंटर कॉलेज भरवारी की प्रधानाचार्या श्रीमती नीलम ने सम्मान प्राप्त करने वाली छात्राओं को बधाई दी इस अवसर पर कस्तूरबा गांधी कन्या इंटर कॉलेज के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

पांच अभियुक्तों को चोरी के समान के साथ गिरफ्तार

कौशांबी। सैनी थाना क्षेत्र में मोबाइल टावर की बैटरी चोरी करने की जांच पड़ताल में लगी सैनी पुलिस के हाथ एक बड़ी सफलता मिली है पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से चोरी के सामान बरामद किए हैं पकड़े गए आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा लिखकर पुलिस ने अदालत में पेश किया है। जानकारी के मुताबिक लोहंदा मोड़ के पास लगे मोबाइल टावर में बैटरी चोरी हुई थी पुलिस इसी मामले की जांच कर रही थी 19 सितंबर को साढो जाने वाले मार्ग के पास सैनी कोतवाली पुलिस ने आर्टिका कार के साथ नट बोल्ट डुप्लीकेट चाबी टूल्स आदि समान के साथ शेर सिंह लुकिया विपिन यादव बड़हरी अरविंद तिवारी बड़हरी आनंद दुबे साढो शनि मिश्रा जगदीशपुर को गिरफ्तार किया है और लिखा पढ़ी करने के बाद आरोपियों को पुलिस ने अदालत में पेश किया।

गांजा के साथ अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

कड़ा कौशांबी। मंझनपुर कोतवाली पुलिस ने गांजा के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है पुलिस सूत्रों से मिले जानकारी के मुताबिक मु.अ. स. 357/23 के अभियुक्त सरताज आलम पुत्र स्व जुबैर निवासी हजरतगंज कस्बा वा थाना मंझनपुर को 1 किलो 100 ग्राम अवैध गांजे के साथ उपनिरीक्षक सुनील कुमार चौकी प्रभारी सिविल लाइन और कांस्टेबल सौरभ प्रताप द्वारा गिरफ्तार किया गया है लिखा पढ़ी के बाद पुलिस ने अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

किसान दिवस की बैठक आज

कौशाम्बी। किसान दिवस की बैठक दिनांक 20 सितम्बर को पूर्वान्ह 11:30 बजे किसान कल्याण केन्द्र, मंझनपुर के सभागार में आहूत किया जायेगा। यह जानकारी उप कृषि निदेशक ने देते हुए बताया कि बैठक में जनपद के किसानों की समस्याओं का निराकरण किया जायेगा।

संपादक की कलम से

बौखलाहट है सनातन धर्म की बीमारी से तुलना

लोकसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आते जा रहे हैं, विभिन्न राजनीतिक दलों एवं उनके नेताओं की बौखलाहट बढ़ती जा रही है। इसी बौखलाहट का नतीजा है सनातन धर्म की बीमारी से तुलना करना। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे और खेल मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने विवादास्पद बयान में सनातन धर्म की तुलना डेंगी, मच्छर, मलेरिया, और कोविड से करते हुए असंख्य सनातनधर्मियों की आस्था पर कुठाराघात किया है। उनकी ही पार्टी डीएमके के सांसद ए राजा ने तो हदें ही लांघ दी है, वे कहते है कि हिंदू धर्म ह्यन सिर्फ भारत बल्कि पूरी दुनिया के लिए अभिशाप है ॥ इन डीएमके नेताओं के बयानों से जब विवाद संभला नहीं तो उन्होंने सफाई दी, लेकिन अपनी बात पर अड़े रह कर उदयनिधि ने कहा कि उन्होंने सनातन धर्म की बुराइयों को खत्म करने की बात कही है, न कि इसे मानने वालों को। जब कोई विवाद खड़ा किया जाता है, तो उसका व्यापक असर होता है, जनभावनाएं आहत एवं लहूलुहान होती है। फिर ऐसी स्थितियों में डॉ. भीमराव आंबेडकर जैसे महापुरुषों को आधार बनाकर अपनी कहीं बातों से किनारा पाने की कुचेष्ठा भी होती है, ये स्थितियां भारतीय राजनीति की विडम्बना एवं विसंगति है। राजनीतिक स्वार्थों एवं संकीर्णताओं के चलते भारत की हजारों साल पुरानी संस्कृति एवं परम्परा को धुंधलाने एवं झुठलाने के ये षड़यंत्र राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता की बड़ी बाधा है। असल में लोकतांत्रिक समाज में राजनीतिक दलों को हमेशा ऐसे संवेदनशील एवं भावनात्मक मुद्दों की तलाश रहती है, जिससे बड़े पैमाने पर वोटरों को प्रभावित किया जा सके। धार्मिक मुद्दे इस पैमाने पर बिल्कुल ठीक बैठते हैं। लेकिन ऐसा भी नहीं है कि धार्मिक मुद्दों का हमेशा राजनीतिक फायदा हो ही, कभी -कभी लाभ की जगह नुकसान भी झेलना पड़ जाता है। ताजा सनातन मामला अब न्यायालय में विचाराधीन है, सनातन धर्म को लेकर जारी विवाद के बीच मद्रास हाईकोर्ट ने एक अहम टिप्पणी में कहा है कि सनातन धर्म शाश्वत कर्त्तव्यों का समूह है जिसमें देश के प्रति कर्त्तव्य, राजा का कर्त्तव्य, राजा के जनता के प्रति कर्त्तव्य, माता-पिता और गुरुओं के प्रति कर्त्तव्य और गरीबों की देखभाल और कई अन्य कर्त्तव्य हैं। कोर्ट ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जब धर्म को लेकर कोई टिप्पणी की जाती है तो उसमें ध्यान रखना चाहिए कि उससे किसी की भावनाएं आहत नहीं होनी चाहिए। हाईकोर्ट ने यह भी कहा है कि संविधान में बोलने की आजादी मिली हुई है लेकिन बोलने की आजादी नफरत में नहीं बदलनी चाहिए। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता घृणित भाषण नहीं हो सकती। यदि इसे नजरंदाज किया जाता है तो किसी भी बहस की दिशा पटरी से उतर जाएगी और इसके पीछे का उद्देश्य अपना महत्व खो देगा। अभियव्यक्ति की स्वतंत्रता निष्पक्ष और स्वस्थ सार्वजनिक बहसों को प्रोत्साहित करती है तो इससे समाज को आगे बढ़ने में मदद मिलेगी। जो कुछ भी चल रहा है उस पर चिंता व्यक्त करते हुए न्यायालय इस पर अपने विचार व्यक्त करने से खुद को रोक नहीं सकता। सनातन धर्म पर विवाद निरर्थक है। हम को सब समाज में व्याप्त बुराइयों को खत्म करने के लिए संकल्प लेकर चलना होगा ताकि उन बुराइयों का उन्मूलन किया जा सके और सामाजिक न्याय का सपना साकार हो सके। वोट बैंक के लिए आक्रामक भाषा का इस्तेमाल देश के लिए अच्छा नहीं होता। न्यायमूर्ति शेषशायी ने 15 सितंबर को पारित एक आदेश में लिखा यह न्यायालय सनातन धर्म के समर्थक और विरोधी पर बहुत मुखर और समय-समय पर होने वाली शोर-शराबे वाली बहसों के प्रति सचेत है। इसने मोटे तौर पर सनातन धर्म को शाश्वत कर्तव्यों के एक समूह के रूप में समझा है, और इसे किसी एक विशिष्ट साहित्य से नहीं जोड़ा जा सकता है, लेकिन इसे कई स्त्रोतों से इकट्ठा किया जाना चाहिए, जो या तो हिंदू धर्म से संबंधित हैं, या जिन्हें हिंदू जीवन शैली का पालन करने वाले लोग स्वीकार करते हैं।

वास्तव में देखा जाये तो सनातन एक शाश्वत धर्म है, जीवन का सत्य है।

एक राष्ट्र, एक चुनाव व्यापक बहस की जरूरत

इस प्रस्ताव को लागू कैसे किया जा सकता है उसके लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के नेतृत्व में गठित एक उच्चस्तरीय समिति में विपक्ष के नेता के रूप में शामिल किये गये कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने समिति के संदर्भ की शर्तों की आलोचना की है। अधीर रंजन चौधरी की राय में, यह प्रस्ताव राजनीति से प्रेरित है तथा 'आधारभूत रूप से गैर-व्यवहार्य और तार्किक रूप से कार्यान्वित नहीं हो सकने वाला' है। दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप नेता अरविंद केजरीवाल अपनी आलोचना में एक कदम और आगे बढ़ गये हैं। उनके मुताबिक, 'अगर एक राष्ट्र, एक चुनाव लागू हो गया तो वे (भाजपा नेता) पांच साल तक अपना चेहरा नहीं दिखायेंगे।' चुनाव सुधार बनाम राजनीतिक मकसद की बहस ने निश्चित रूप से हमारे सार्वजनिक बहस में महत्वपूर्ण योगदान दिया है

-हरिहर स्वरूप

चुनाव सुधार बनाम राजनीतिक मकसद की बहस ने निश्चित रूप से हमारे सार्वजनिक बहस में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। चुनाव, जिसे हमेशा हमारी राजनीतिक व्यवस्था का एक सुलझा हुआ मुद्दा माना जाता रहा है, लोकतंत्र का एक खुला और अनसुलझा प्रश्न बनकर उभरा है। सटीक रूप से, इसी कारण से, संविधान की ओर वापस जाने की आवश्यकता है जो लोकतंत्र की एक स्पष्ट, निरंतर विकसित होने वाली अवधारणा की परिकल्पना करता है। इस अर्थ में, संविधान को एक राष्ट्र, एक चुनाव प्रस्ताव के पुनर्मूल्यांकन के लिए एक महत्वपूर्ण संदर्भ बिंदु के रूप में लिया जा सकता है। एक राष्ट्र, एक चुनाव' पर बहस दो संबंधित विषयों - तकनीकी व्यवहार्यता और राजनीतिक उद्देश्यों - के इर्द-गिर्द घूमती हुई प्रतीत होती है। इस मकसद के समर्थक कई तकनीकी मुद्दों को उठाते हैं -जैसे चुनाव की बढ़ती लागत, प्रशासनिक तकनीकी समस्याएं और भ्रष्टाचार की संभावनाएं, शासन पर लगातार चुनावों का नकारात्मक प्रभाव और नीतिगत पहल का चुनाव-केंद्रित होना। ये चिंताएँ बिल्कुल नयी नहीं हैं। चुनाव सुधारों पर विभिन्न आधिकारिक रिपोर्टों, जिनमें विधि आयोग की 170वीं रिपोर्ट भी शामिल है, जिसका हाल ही में जारी सरकारी अधिसूचना में प्रमुखता से उल्लेख किया गया है, ने कई मौकों पर इन महत्वपूर्ण तकनीकी प्रशासनिक सवालों को उठाया है। इस तथ्य से कोई इनकार नहीं कर सकता कि ये मुद्दे हमारी लोकतांत्रिक राजनीति के कार्यात्मक पहलुओं को प्रभावित करते हैं। 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' थीसिस के विरोधी भाजपा के राजनीतिक उत्साह पर सवाल उठाते हैं।

सरकार द्वारा गठित उच्च स्तरीय समिति को एक सोची-समझी राजनीतिक चाल के रूप में देखा जा रहा है। इस प्रस्ताव को लागू कैसे किया जा सकता है उसके लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के नेतृत्व में गठित एक उच्चस्तरीय समिति में विपक्ष के नेता के रूप में शामिल किये गये कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने समिति के संदर्भ की शर्तों की आलोचना की है। अधीर रंजन चौधरी की राय में, यह प्रस्ताव राजनीति से प्रेरित है तथा 'आधारभूत रूप से गैर-व्यवहार्य और तार्किक रूप से कार्यान्वित नहीं हो सकने वाला' है। दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप नेता अरविंद केजरीवाल अपनी आलोचना में एक कदम और आगे बढ़ गये हैं। उनके मुताबिक, 'अगर एक राष्ट्र, एक चुनाव लागू हो गया तो वे (भाजपा नेता) पांच साल तक अपना चेहरा नहीं दिखायेंगे।' चुनाव सुधार बनाम राजनीतिक मकसद की बहस ने निश्चित रूप से हमारे सार्वजनिक बहस में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

चुनाव, जिसे हमेशा हमारी राजनीतिक व्यवस्था का एक सुलझा हुआ मुद्दा माना जाता रहा है, लोकतंत्र का एक खुला और अनसुलझा प्रश्न बनकर उभरा है। सटीक रूप से, इसी कारण से, संविधान की ओर वापस जाने की आवश्यकता है जो लोकतंत्र की एक स्पष्ट, निरंतर विकसित होने वाली अवधारणा की परिकल्पना करता है। इस अर्थ में, संविधान को एक राष्ट्र, एक चुनाव प्रस्ताव के पुनर्मूल्यांकन के लिए एक महत्वपूर्ण संदर्भ बिंदु के रूप में लिया जा सकता है। विशेष रूप से, हमें एक बहुत ही बुनियादी प्रश्न की जांच करने की आवश्यकता है- औपनिवेशिक भारतीय संदर्भ में संवैधानिक लोकतंत्र और चुनावों के बीच क्या संबंध है? हमें याद रखना चाहिए कि भारतीय संविधान एक राजनीतिक आंदोलन का परिणाम है। हमारा राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम, विशेष रूप से, महात्मा गांधी के नेतृत्व में इसका प्रमुख संघर्ष, केवल उपनिवेशवाद विरोधी नहीं था, यह सामाजिक परिवर्तन के व्यापक उद्देश्य को प्राप्त करने में लोगों की भागीदारी के विचार के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध था। यह राजनीतिक कल्पना उन संसाधनों में से एक थी जिसने संविधान सभा में विचार-विमर्श को प्रभावित किया।

संविधान ने अंततः संसदीय लोकतंत्र को न केवल सरकार के एक रूप के रूप में, बल्कि भविष्य के भारत में राष्ट्रीय आंदोलन की आकांक्षाओं को साकार करने के एक साधन के रूप में भी अपनाया। इस अर्थ में, संविधान हमें समानता और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों द्वारा निर्देशित एक धर्मनिरपेक्ष राजनीति बनाने के लिए लोकतंत्र का भविष्य-उन्मुख अर्थ प्रदान करता है ।हालाँकि, संविधान एक कानूनी-प्रशासनिक दस्तावेज भी है। इसे उस तंत्र का वर्णन करना होगा जिसके द्वारा लोकतंत्र की इस आदर्श कल्पना को वास्तविक रूप से कार्यान्वित किया जा सके। यह चुनाव के विचार को बहुत प्रासंगिक बनाता है। अनुच्छेद 324-327 को ध्यान से पढ़ने पर पता चलता है कि चुनाव को स्पष्ट रूप से धर्मनिरपेक्ष अर्थों में नागरिकों की प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करने के एक उपकरण के रूप में देखा जाता है।

\ संविधान सरकार को यह याद दिलाता प्रतीत होता है कि लोकतंत्र एक राजनीतिक गुण है, जिसे बीआर अंबेडकर द्वारा संवैधानिक नैतिकता कहे जाने वाले सिद्धांत को विकसित करके पूरी तरह से महसूस किया जाना चाहिए; और इस तर्क के अनुसार, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराना राजनीति को उत्तरदायी और लोकतांत्रिक बनाने का सबसे महत्वपूर्ण साधन है।

संविधान सर्वोच्च विधायी निकाय, संसद को इस लोकतंत्र-चुनाव संतुलन को मजबूत करने के लिए भविष्य के कानून बनाने का अधिकार देता है। साथ ही, यह अपेक्षा की जाती है कि न्यायपालिका जन-आधारित कानूनी व्याख्याओं को विकसित करके इस संवैधानिक जनादेश की फिर से रक्षा करे। बुनियादी संरचना सिद्धांत इस संबंध में एक अच्छा उदाहरण है।

इतिहास से कटने और अलग दिखने की कवायद

देश के ऐतिहासिक संसद भवन में बुलाये गये अंतिम सत्र का पहला व आखिरी दिन अनुमानों के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 'वन मैन शो' ही रहा। सत्र प्रारम्भ होने के पहले मीडिया के समक्ष जिस प्रकार से मोदी ने सकारात्मक नोट से अपनी बातें प्रारम्भ कीं तथा लोकसभा के भीतर अपने उद्बोधन में भी कुछ अच्छी बातें करके लोगों को कुछ समय के लिये चकित किया, उससे लगा कि मोदी भारतीय लोकतंत्र की गौरवशाली परम्परा का निर्वहन करते हुए यहां से बिदाई चाहते हैं।

होना वही चाहिये था परन्तु अपनी तासीर के मुताबिक उन्होंने वे नकारात्मक बातें भी आखिरकार कह ही डालीं जो कम से कम ऐसे मौकों पर नहीं कहनी चाहिये थीं। बहरहाल, करीब 100 वर्ष पुराना यह संसद भवन, जो महान नेताओं के भाषणों, चचाओं, आरोप-प्रत्यारोपों, स्पष्टीकरणों, बयानों, अविश्वास प्रस्ताव लाने और विश्वास मत जीतने, प्रधानमंत्री समेत विभिन्न मतों की सरकारों के बनने व गिरने की अनेकानेक गाथाएं लेकर हमेशा के लिये बन्द हो रहा है। यह भी देखना होगा कि आगे इस भवन का इस्तेमाल किस तरह से मोदी सरकार करती है क्योंकि उनकी विचारधारा के विपरीत वैचारिकी व सैद्धांतिकी का प्रवर्तन करने वाली सारी इमारतों को वे ऐसा रूप देना चाहते हैं कि इतिहास उनका पीछा छोड़ दे। यहां का सारा माल-असबाब अब नये संसद भवन में तो चला जायेगा लेकिन देखना होगा कि क्या नया संसद भवन लोकतंत्र को वैसा ही मजबूती प्रदान करेगा, जैसा इस भवन के दोनों सदनों- लोकसभा व राज्यसभा ने किया है? देखना यह भी होगा कि क्या प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू द्वारा स्थापित असहमति के भी सम्मान की उज्ज्वल परम्परा का निर्वाह नयी संसद कर पायेगी? हालांकि पिछले 9 वर्षों से अधिक समय से देश तो असहमति के कुचलने के ही दृष्टांतों का साक्षी रहा है- संसद के भीतर ही नहीं बल्कि बाहर भी। लोकसभा का चुनाव अगले साल के मध्य में निर्धारित है। मोदी इसके पहले ऐसा भवन बनवा लेना चाहते थे जिस पर उनका नाम ऐसा लिखा हो जो मिटाया न जा सके। सम्भवतः इसलिये कोरोना के वक्त इसका शिलान्यास हुआ और ढाई-तीन वर्षों की रिकार्ड गति से इसे पूरा कर लिया गया। यह वही समय था जब असंख्य लोग कोविड-19 की पहली और दूसरी लहर की चपेट में आकर आक्सीजन, एंबुलेंसों, अस्पताल में बिस्तरों की कमी से परेशान थे। श्मशान घाटों में लम्बी कतारें लगी थीं और मृत शरीर या तो नदियों में बहाये जा रहे थे अथवा नदी किनारे रेतों में दबाये जा रहे थे। दुनिया भर में जब सारी सरकारें अपने सारे वित्तीय संसाधनों का इस्तेमाल लोगों के बचाने में कर रही थीं, मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट सेंट्रल विस्टा निर्बाध रूप से साकार हो रहा था। संसद लोगों के लिये होती है परन्तु यह भवन लोगों की जान की परवाह किये बगैर पूरा हो रहा है जिसमें प्रथम प्रधानमंत्री के रूप में बैठने का गौरव मोदी मंगलवार को प्राप्त करेंगे। एक धर्मनिरपेक्ष देश की सर्वोच्च पंचा?त का उद्घाटन एक धर्म विशेष के आराध्य की पूजा-अर्चना के साथ होना साफ संदेश है कि मोदी एक धर्म विशेष को वरीयता देते हैं। सबसे अच्छी बात यह होती कि इसमें सभी धर्मगुरु आमंत्रित होते। ऐसा हो तो बहुत अच्छा है।

मोदी ने आश्चर्यजनक ढंग से ऐसे अनेक नामों का उल्लेख किया जिनका उच्चारण करने से वे कतराते हैं या उनकी सार्वजनिक आलोचना करते हैं। ऐसे लोगों में कांग्रेस के प्रधानमंत्रीगण नेहरू व लालबहादुर शास्त्री से लेकर मनमोहन सिंह तक शामिल हैं। उन्होंने संसद भवन की महत्ता व शक्ति को अनेक सन्दर्भों एवं उदाहरणों से स्थापित तो किया परन्तु यह समझाने में वे असफल रहे कि अगर यह भवन इतना महत्वपूर्ण है तो उसे छोड़कर नया भवन क्यों अपनाया जा रहा है जबकि सच्चे लोकतांत्रिक देशों के सांसद अपनी ऐतिहासिक इमारतों में ही बैठकर जनसेवा करते हैं। उनका बार-बार यह कहना कि नये भवन में नयी ऊर्जा, नये संकल्पों और नये विश्वास के साथ काम होगा, कहीं से इतने बड़े निर्णय को तर्कसंगत नहीं ठहराता क्योंकि ऊर्जा, संकल्प और विश्वास का सम्बन्ध तो मन से है।

भला सीमेंट और सरियों से बनी इमारत से उसका क्या लेना-देना है? आखिरकार वर्ष 1947 में 14 व 15 अगस्त की रात को नेहरू ने जो अपना महान भाषण 'नियति से साक्षात्कारइ (ट्रिस्ट विद डेस्टिनी) को पढ़ा था, वह भी तो अंग्रेजों की बनवाई इसी इमारत के इसी हाल में पढ़ा था जहां खुद मोदी ने 9 वर्षों से अधिक शासन किया और कई फैसले लिये हैं।

यह अलग बात है कि वे सारे असफल सिद्ध हुए जिन्होंने देश को बदहाल व विभाजित ही किया है। सम्भवतः अपनी इन्हीं नाकामियों से पीछा छुड़ाने के अलावा इतिहास से खुद के साथ तमाम भावी पीढ़ियों को काटने के लिये मोदी नयी इमारत का रुख कर रहे हैं। शायद यह भवन उन्हें उदात्त लोकतांत्रिक मूल्यों और संसदीय मयार्दाओं की बारम्बार याद दिलाता होगा। भारत के जिन महान आदर्श पुरुषों की वे आलोचना करते हुए भी उनके समकक्ष होना चाहते हैं, उन्होंने मोदी को इस भवन की चारदीवारियों के बीच सहज नहीं होने दिया होगा। इतिहास से वे अलग दिखना चाहते हैं, इसलिये वे इससे बचकर अपने लिये अलग शरणस्थली निर्मित कर चुके हैं, जहां दूसरे दिन की कार्रवाई होगी, इस सत्र के तहत 22 सितम्बर तक होगी और आगे भी होती रहेगी। शायद मोदी सोचते होंगे कि नये भवन में जाने से इतिहास नये सिरे से लिखा जायेगा जिसमें उनकी नापंसदगी के लोग व घटनाएं नहीं होंगीं और अकेले वे ही होंगे, तो वे भूल कर रहे हैं। पते बदल जाने से इतिहास नहीं बदलता।

विशेष सत्र, मोदी जी की वाहवाही के लिए!

राजेन्द्र शर्मा

मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्रित्व या यूपीए-1 के दौर में वामपंथ के दबाव में बने सूचना का अधिकार, वनाधिकार, शिक्षा का अधिकार तथा ग्रामीण रोजगार अधिकार कानूनों और यहां तक कि लोकपाल कानून के रूप में, आम जनता को अधिकारसंपन्न करने के पहलू से हुई प्रगति के तो, नरेंद्र मोदी जैसे सैद्धांतिक रूप से ही खिलाफ हैं। उनका मानना तो यह है कि अधिकारों के शोर से देश यानी जनता को ''कर्तव्यों'' की ओर ले जाने की जरूरत है। संसद के रहस्यमय विशेष सत्र का रहस्य, इस सत्र की पहली बैठक से ही काफी हद तक खुल गया लगता है। ऐसा नहीं है कि तमाम संसदीय नियम-कायदों तथा जनतंत्र के तकाजों के विपरीत, मोदी मंडली ने अब भी सांसदों से भी इसकी जानकारी छुपाने की कोशिश खत्म कर दी हो कि पांच दिन के इस विशेष सत्र में, आखिर विशेष क्या होगा? हैरानी की बात नहीं है कि विशेष सत्र से ठीक पहले, संसद में प्रतिनिधित्व-प्राप्त सभी पार्टियों की बैठक के बाद भी, राज्य सभा में आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह, बहुत मुखर होकर इसकी शिकायत कर रहे थे कि इस बैठक तक में, विभिन्न पार्टियों के नेताओं को यह नहीं बताया गया कि सत्र में ठीक-ठीक, क्या-क्या होने जा रहा है। दोनों सदनों के संदर्भ में जिन कतिपय विधेयकों के लिए जाने की जानकारी आयी है, उनके अलावा भी कुछ है जो अभी नहीं बताया जा रहा है, इस धारणा को मोदी मंडली अब भी सायास बल दे रही है। और तो और, सत्र शुरू होने के ऐन पहले, संसद के बाहर मीडिया के लिए अपने एकालापी संबोधन में, प्रधानमंत्री ने जिस तरह, विशेष सत्र के 'समय में छोटा' किंतु 'ऐतिहासिक निर्णयों' से भरा होने की बात कही है, उसने भी सत्र के 'छुपे एजेंडा' की अटकलों को कुछ बल ही दिया है। इसके बावजूद, इस विशेष सत्र की लोकसभा की पहली बैठक की शुरूआत से इस संभावना को बहुत बल मिला है कि शायद इस विशेष सत्र की मुख्य विशेषता, इसका प्रधानमंत्री की मोदी की वाहवाही का विशेष अवसर बनाया जाना ही हो।

देश की आधी आबादी को न्याय मिलने की उम्मीद जगी

अशोक भाटिया

इस बात की लगातार संभावना जताई जा रही थी कि सरकार कहीं ना कहीं इस विशेष सत्र में कोई बड़ा कदम उठा सकती है। अब यह सही साबित होता दिखाई दिया रहा है। महिला आरक्षण विधेयक को लेकर लगातार मांग उठाई जा रही थी। अगले साल लोकसभा चुनाव को लेकर इसे काफी अहम माना जा रहा है। बिल को मंजूरी मिलने के बाद इसे लोकसभा में पेश किया जाएगा। इस विधेयक में लोकसभा और विधानसभा की 33 फीसदी यानी कि एक तिहाई सेट को आरक्षित करने का प्रस्ताव है। इस विधेयक को लेकर लगातार राजनीतिक चर्चाएं तो जारी रहती ही है। यह विधेयक पिछले 27 सालों से पेंडिंग था। इस विधेयक पर आखिरी बार 2010 में कदम उठाया गया था। विधायक को मंजूरी मिलने के बाद केंद्रीय मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने लिखा कि महिला आरक्षण की मांग को पूरा करने का नैतिक साहस मोदी सरकार में ही था।

वहीं इससे पहले रविवार को हुई सर्वदलीय बैठक के दौरान कुछ क्षेत्रीय दलों और कांग्रेस सांसदों ने इस विधेयक को संसद में पारित करने की मांग की थी। हालांकि, सरकार ने उनकी मांग पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी थी।

महिला आरक्षण बिल पर जिस तरह प्रतिक्रियाएं आईं हैं उससे आम राय से इसके पारित होने की उम्मीद जगी है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर पोस्ट में लिखा, बिल को कैबिनेट से मंजूरी मिलने की खबर का हम स्वागत करते हैं। हालांकि इस पर इतनी गोपनीयता बरतने के बदले संसद के विशेष सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक में अच्छी चर्चा और आम राय बनाने की जरूरत थी।रमेश ने कहा कि कांग्रेस कार्यसमिति ने हैदराबाद में अपनी बैठक में इसी सत्र में महिला आरक्षण विधेयक पारित कराने की मांग की थी। कांग्रेस की ओर से नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने खुद राज्यसभा में यह मांग उठाई थी । खरगे ने कहा था कि संसद के दोनों सदनों में महिला जनप्रतिनिधियों की संख्या सिर्फ 14 फीसदी है जबकि विधानसभा में यह संख्या महज 10 फीसदी है। ऐसे में विधायिका में महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण लागू किया जाना चाहिए। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की एमएलसी के. कविता ने महिला आरक्षण विधेयक को मंजूरी देने के केंद्रीय मंत्रिमंडल के फैसले का स्वागत किया है। कविता ने कहा, मैं उत्साहित हूं, मैं बहुत खुश हूं, लेकिन थोड़ी चिंतित भी हूं। क्योंकि विधेयक के प्रारूप क्या होगा, अभी हमें पता नहीं। उन्होंने कहा कि इस बात पर भी कोई स्पष्टता नहीं है कि यह विधेयक कब पेश किया जाएगा। यह वही विधेयक है, जो 2008 में राज्यसभा में पारित हुआ था या एक पूरी तरह से अलग विधेयक पेश किया जाएगा।

ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट के सांसद बदरुद्दीन अजमल ने कहा कि हम इसका समर्थन करेंगे। जदयू सांसद रामनाथ ठाकुर ने कहा कि हम मंगलवार को नए संसद भवन में जाएंगे, क्यों नहीं विधेयक वहां पेश किया जाए और उसे पूर्ण समर्थन से पारित कराया जाए। तृणमूल कांग्रेस के सुदीप बंद्योपाध्याय ने भी कहा कि नए संसद भवन में सरकार को बिना किसी देरी के विधेयक पेश करना चाहिए। सपा ने भी समर्थन किया और कहा इस पर वह अपने पुराने रुख पर कायम है। सपा सांसद प्रोफेसर राम गोपाल यादव ने कहा कि वह इसमें ओबीसी, एससी और एसटी का आरक्षण चाहते हैं। जेएमएम की सांसद महुआ मांझी ने भी समर्थन करने की बात कह रहे है . महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने कहा, महिलाएं सिर्फ ईवीएम का बटन दबाने नहीं बल्कि पुरुषों की तरह बराबर का अवसर पाने की हकदार हैं। गौरतलब है कि बिल के पुराने स्वरूप में एक तिहाई आरक्षण के लिए हर चुनाव में इतनी ही सीटों का चुनाव रोटेशन के आधार पर तय करने का प्रावधान है। मतलब एक बार आरक्षित सीटें दूसरी बार महिलाओं के लिए आरक्षित नहीं होंगी। पुराने बिल में लगातार तीन बार एक तिहाई सीटों के आरक्षण के बाद महिला आरक्षण खत्म करने का प्रावधान था। इस बार पुराने बिल में किस तरह के बदलाव किए गए हैं, इसकी जानकारी बिल के संसद में पेश होने पर ही मिल सकेगी . ज्ञात हो कि पिछले कई दिनों से चर्चा में बन हुआ महिला आरक्षण विधेयक में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटें आरक्षित करने का प्रावधान है। लगभग 27 वर्षों से लंबित महिला आरक्षण विधेयक पर नए सिरे से जोर दिए जाने के बीच आंकड़ों से पता चलता है कि लोकसभा में महिला सांसदों की संख्या 15 प्रतिशत से कम है, जबकि कई राज्य विधानसभाओं में उनका प्रतिनिधित्व 10 प्रतिशत से कम है। यह बिल सबसे पहले 12 सितंबर 1996 को संसद में पेश किया गया था। विधेयक में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटें आरक्षित करने का प्रावधान है। आंकड़ों के अनुसार, मौजूदा समय में लोकसभा में 78 महिला सांसद हैं, जोकि कुल सांसदों का मात्र 14 प्रतिशत है। वहीं राज्यसभा में मात्र 32 महिला सांसद हैं, जोकि कुल राज्यसभा सांसदों का 11 प्रतिशत है।

आपको बता दें कि अगर संसद में महिला आरक्षण बिल पास हो जाता है तो लोकसभा, राज्यसभा और विधानसभाओं में एक-तिहाई यानी 33 फीसदी सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हो जाएंगी. महिला आरक्षण विधेयक के अनुसार, 33 फीसदी कोटा के अंदर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और एंग्लो-इंडियन की महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटें आरक्षित होंगी. इन आरक्षित सीटों को राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में अलग-अलग क्षेत्रों में रोटेशन प्रणाली से आवंटित किया जा सकता है. इस संशोधन अधिनियम के लागू होने के 15 साल बाद महिलाओं के लिए सीटों का आरक्षण खत्म हो जाएगा.

बताया जाता है कि महिला आरक्षण विधेयक को सबसे पहले 1996 में संसद में पेश किया गया था. गीता मुखर्जी की अध्यक्षता में एक जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी ने इस बिल की जांच की थी और सात सिफारिशें की थीं. इसके बाद 1998, 1999 और 2008 में विधेयक को पेश किया गया. 2008 में कमेटी की 7 सिफारिशों में से 5 को विधेयक में शामिल कर लिया गया था. इस मुद्दे पर आखिरी बार 2010 में कदम उठाया गया था. लेकिन कुछ सांसदों के विरोध के चलते यह बिल लोकसभा में पारित नहीं हो सका था. अगर महिला आरक्षण बिल संसद में पास हो जाता है और इस लागू कर दिया जाता है तो 33 फीसदी महिलाओं की भागेदारी होगी. लोकसभा की 545 सीटों में से करीब 180 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी. जबकि राज्यसभा की 246 सीटों में 82 पर महिलाओं की भागीदारी होगी. चलिए, राज्यों के हिसाब से लोकसभा सीट बंटवारे आंकडे.समझते हैं ।

किसानों के घपले की जांच न होने पर होगा आन्दोलनः रुद्र

लघु सिंचाई में किसानों के साथ धोखाधडी

अखंड भारत संदेश
चित्रकूट। माकपा जिला सचिव रुद्र प्रसाद मिश्र एड ने किसानों के साथ कृषि उत्पादन आयुक्त लखनऊ को भेजे पत्र में कहा कि मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना मध्यम गहरे नलकूप में किसानों के साथ धोखाधडी हो रही है।

मंगलवार को माकपा जिला सचिव रुद्र प्रसाद एड ने किसान ललक सिंह, दिनेश सिंह, कुबेर प्रसाद, संजय पाण्डेय, अंगनूराम व रुद्रदत्त मिश्र ब्लाक पहाडी के सुरसेन गांव के किसान हैं, के साथ कहा कि मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना के लाभार्थी हैं। अधिशाषी अभियंता लघु सिंचाई के कार्यालय के सहायक अभियंता लघु सिंचाई के समक्ष कोषागार में 40-40 हजार रुपये जमा कराकर पंजीयन कराया था। किसानों को बोरिंग कराने एवं सिंचाई को उपकरण देने को अनुदान मिलना था। लघु सिंचाई विभाग ने बाहरी जिले कौशाम्बी की चहेती फर्म से घटिया सामग्री देकर उपकरण दिलाये हैं। किसानों ने घटिया सामग्री लेने से इंकार किया तो लघु सिंचाई विभाग के अभियंताओं ने जेल भेजने की धमकी दी। बिना प्रकाशन व टेंडर कराये लघु सिंचाई विभाग ने मनमानी ढंग से चहेती फर्म को सीधे 98 हजार रुपये का भुगतान कर दिया है, जबकि उससे अच्छी गुणवत्ता का सामान 60 हजार रुपये में चित्रकूट में मिल रहा है। इससे जाहिर है कि लघु सिंचाई विभाग ने बडे पैमाने पर करोडों का घोटाला किया है। जिसकी जांच जरूरी है। लाभार्थी किसानों को अनुदान की धनराशि सीधे किसानों को दी जाये।

किसानों ने मांग उठाई कि लाभार्थी किसानों के खातों में अनुदान धनराशि दी जाये। बिना टेंडर के कौशाम्बी के फर्म से किसानों को दी जाने वाली सामग्री क्यों खरीदी गई। लघु सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता व अधिशाषी अभियंता तय करें कि किसानों को मिलने वाली सामग्री उनके स्थल पर या कार्यालय में दी जाये। जांच करें कि किसानों से किन हालातों में यातायात का खर्च वसूला जा रहा है। लाभार्थी किसान संबंधित मिलने वाली फर्म से भुगतान अपने खाते से किसानों के खाते से दिया है। जिला सचिव का रुद्र प्रसाद मिश्र ने किसानों की ओर से भेजे पत्र में बिन्दुवार जांच की मांग की है।

12 किलो हरा गांजा समेत तीन गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश
चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में चैकी प्रभारी सरैंया हारुन रशीद खान की टीम ने मनोज गौतम पुत्र अवधेश गौतम व कल्लू पुत्र रामपाल यादव निवासी हनुआ सरैया के कब्जे से 11 किलो हरा गांजा समेत गिरफ्तार किया है। इनके खिलाफ थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में चैकी प्रभारी सरैंया हारुन रशीद खान, सिपाही दुर्गेश यादव, रोहित यादव व चन्द्रभूषण राय शामिल रहे।

इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा दीपेन्द्र सिंह की अगुवाई में दरोगा शिवमणि मिश्रा की टीम ने रामप्रकाश पुत्र देवनाथ निवासी हरिशनपुर के कब्जे से एक किलो सौ ग्राम गांजा समेत दबोचा है। उसके खिलाफ थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में दरोगा शिवमणि मिश्रा, दरोगा सत्यमपति त्रिपाठी, सिपाही बब्बू राजा, अमित सिंह व राहुल पुरी शामिल रहे।

चित्रकूट में एक दरोगा-दो सिपाही समेत छह पर अवैध वसूली की रिपोर्ट दर्ज

अखंड भारत संदेश
चित्रकूट। पुलिस हिरासत में मारपीट करने व धन उगाही का दबाव बनाने पर पुलिस कर्मियों पर गाज गिरी है। मामले में एक दरोगा व दो सिपाही समेत छह के खिलाफ कोतवाली कर्वी में रिपोर्ट दर्ज हुई है। अदालत के आदेश पर इस मामले की जांच पुलिस ने शुरू कर दी है।

कर्वी कोतवाली क्षेत्र के कैम्प पुरवा डिलौरा निवासी प्रेमचंद्र ने बताया कि 25 जुलाई 2023 की शाम वह खेत से घर लौटा था। इसी बीच तत्कालीन दरोगा मुन्नीलाल, सिपाही जयनारायण व राहुल देव समेत तीन अज्ञात सिपाही उसके घर पहुंचे। गाली देते हुए घर के अंदर आकर उससे पचास हजार रुपये मांगे। रुपये न देने पर एनकाउंटर की धमकी दी। पीड़ित से कहा कि तुमने जमीन बेंची है, उसमें हमारा हिस्सा नहीं दोगे तो फर्जी मामले में फंसा देंगे। परिजनों के विरोध पर उसे घसीटकर पुलिस वाहन में बैठाकर कोतवाली ले गए। वहां मारपीट की गई। आरोप लगाया कि कोतवाली में उससे दबाव बनाकर वीडियो बनवाया और 24 घंटे बाद उसे छोड़ दिया। उसने मेडिकल परीक्षण व कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराने के प्रयास किये। कोई सुनवाई नहीं हुई।

पीड़ित ने अदालत की शरण ली। 19 अगस्त को अदालत के आदेश पर सभी आरोपियों के खिलाफ अनुसूचित जाति/जनजाति निवारण अधिनियम के अलावा मारपीट, गाली-गलौज की रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश हुए। अधिवक्ता रामकृष्ण ने बताया कि अदालत के आदेश के बाद भी कई दिनों तक पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। दुबारा अदालत में प्रार्थना पत्र देने के आधार पर सोमवार को कोतवाली में दरोगा समेत तीन नामजद व तीन अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई। कोतवाल अजीत कुमार पांडेय ने बताया कि मामले की विवेचना की जा रही है।

प्रत्येक केन्द्रों में अस्पतालों की सूची करें प्रदर्शितः सीएमओ

अखंड भारत संदेश
चित्रकूट। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत जिला स्वास्थ समिति की बैठक सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी की अध्यक्षता में सीएमओ कार्यालय में हुई। सीएमओ ने सभी केंद्र, उप केंद्र के अधीक्षकों चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिये कि 17 से दो अक्टूबर तक जारी आयुष्मान भवः कार्यक्रम के तहत योजनाओं का बडे पैमाने पर प्रचार करें।

मंगलवार का सीएमओ ने स्वच्छता अभियान, गोल्डेन कार्ड, ब्लड डोनेशन शिविरों के बारे में प्रतिदिन लाभार्थियों की जानकारी पोर्टल एवं उन्हें देने को कहा, ताकि जिलाधिकारी को प्रतिदिन प्रगति रिपोर्ट दी जा सके। स्वास्थ सम्बंधी सभी बिंदुओं पर समीक्षा हुई। किसी भी केन्द्र, उपकेन्द्र में गंदगी नहीं मिलनी चाहिए। कैंप लगाकर गोल्डेन कार्ड एवं रक्तदान की उपयोगिता की लोगो को जानकारी दे। जिन लाभार्थियों का नाम सूची में हैं, सभी के गोल्डेन कार्ड अनिवार्य रुप से बनवायें। इस कार्य में प्रधान, शिक्षक, एनजीओ, कोटेदार का सहयोग लेकर लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड बनवायें। आयुष्मान ऐप के बारे में पोस्टर-बैनर से लोगों को बतायें। लाभार्थी मोबाइल के जरिए खुद भी अपना गोल्डेन कार्ड बना सकते हैं। तीस वर्ष से अधिक लोगों की स्वास्थ सम्बंधी सभी जांच अनिवार्य रुप से करें। समीपवर्ती जिले प्रयागराज, बांदा, चित्रकूट एवं सतना सभी अस्पताल गोल्डन कार्ड से आच्छादित हैं, उनकी सूची अपने केंद्रों, उप केंद्रों में प्रदर्शित करें। प्रत्येक गांव में दो अक्टूबर को आयुष्मान भवः सभा कर योजनाओं की जानकारी दें। नसबंदी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए फटकार लगाई। बैठक में सभी एसीएमओ, गोल्डन कार्ड प्रभारी, डीपीएमयू बीपीएमयू स्टाफ, केशव शिवहरे सचिव रेडक्रास सोसायटी समेत सम्बंधित लोग मौजूद रहे।

बहिलपुरवा पुलिस ने देशी बन्दूक समेत एक दबोचा

अखंड भारत संदेश
चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में थानाध्यक्ष बहिलपुरवा राम सिंह की अगुवाई में दरोगा नन्दराम की टीम ने ऋषिराज उर्फ छोटा पटेल पुत्र सनद पटेल निवासी कैलहा के कब्जे से एक देशी बंदूक व दो जिन्दा कारतूस समेत गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ थाने में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में दरोगा नन्दराम व सिपाही हेमन्त साहू शामिल रहे।

तीन के कब्जे से 45 क्वार्टर देशी-दस लीटर महुआ शराब बरामद

अखंड भारत संदेश
चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में पुलिस ने तीन लोगों के कब्जे से 45 क्वार्टर देशी शराब व दस लीटर महुआ शराब बरामद की है।

मंगलवार को प्रभारी निरीक्षक सरधुवा दीपेन्द्र सिंह की अगुवाई में दरोगा अनिल कुमार गुप्ता ने दीवान अरविन्द सोनू, सिपाही नरेन्द्र कुशवाहा के साथ शिवकेश निषाद पुत्र भइयालाल निषाद निवासी सुरवल के कब्जे से दस लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

चैकी प्रभारी सीतापुर श्यामदेव सिंह ने सिपाही अभिषेक प्रताप के साथ बिट्टू उर्फ शिवकुमार केवट पुत्र दुलीचन्द्र केवट निवासी जैतपुर जिला आगरा को 25 क्वार्टर देशी शराब समेत गिफ्तार किया है। उसके खिलाफ भी कोतवाली कर्वी में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

इसी क्रम में थानाध्यक्ष भरतकूप सुबेदार बिन्द की अगुवाई में दरोगा शैलेन्द्र सिंह की टीम ने अवधेश कुमार पुत्र रामनिहोर पटेल निवासी मुकुंदपुर के कब्जे से बीस क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में दरोगा शैलेन्द्र सिंह व सिपाही विकास शामिल रहे।

गैर जिले के जिम्मेदार से करायें शिक्षक की जांच

अखंड भारत संदेश
चित्रकूट। जिले के मऊ क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मनका के प्रधानाध्यापक संजीव कुमार केसरवानी के विद्यालय देर से आने के मामले में मनका गांव के पत्रकार अजय कुमार शुक्ल ने सूबे के मुख्यमंत्री पोर्टल में शिकायत दर्ज कराकर शिक्षक की अनैतिक गतिविधियों पर रोक लगाने की मांग की थी। बीएसए ने एबीएसए मऊ से जांच कराई थी। जांच रिपोर्ट में एबीएसए ने कहा कि जांच के समय सब लोग मौजूद थे। जांच कार्यवाही दौरान शिक्षक संजीव कुमार ने बयान में कहा कि अजय कुमार पैसा मांगते हैं। न मिलने पर फर्जी शिकायत करते हैं। गौरतलब है कि शिकायत तीस जनवरी को की गई थी। जांच रिपोर्ट दस दिनों बाद दी गई, जबकि जांच 30 जनवरी के पहले होनी चाहिए। पत्रकार अजय शुक्ल ने रिमाइंडर में पुनः जांच की मांग की। उसी जांच अधिकारी ने जांच कर आख्या में लिखा कि शिकायतकर्ता अधोहस्ताक्षरी के निष्कर्ष से सन्तुष्ट नहीं है। अतः किसी अन्य अधिकारी से जांच करा लें। जिलाधिकारी ने जिला कृषि निदेशक राजकुमार व पंचायत सेक्रेट्री सुरेंद्र प्रताप सिंह की संयुक्त समिति बनाकर जांच करायी। गहन जांचकर जिलाधिकारी को भेजी आख्या में लिखा कि शिकायत की पुष्टि शिकायतकर्ता व ग्रामीणों ने की है, कार्यवाही करें। कार्यवाही न होने पर पत्रकार अजय शुक्ल ने पीजी पोर्टल में पुनः शिकायत की। जांच अधिकारी रमेशचन्द्र पटेल एबीएसए ने मौके पर जाये बिना जांच आख्या आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज करा दी। इसके खिलाफ फिर शिकायत करने पर डीएम ने बीएसए को पुनः जांच के आदेश दिये। बीएसए ने प्राथमिक विद्यालय मनका के शिकायत सन्दर्भ की जगह पहले से निस्तारित पहाड़ी क्षेत्र के सुरवल विद्यालय के शिकायत सन्दर्भ का उल्लेख करते हुए पूरे मामले में दिशा भ्रमित करने के प्रयास किये। बीएसए व उनकी मंडली लगातार दोषी शिक्षक को बचाने व शिक्षा विभाग और सरकार की छवि धूमिल करने में लगी है। इससे क्षुब्ध पत्रकार अजय शुक्ल ने शासन से मांग की है कि मामले की जांच गैर जिले के अधिकारी से करा लें तो दूध का दूध और पानी का पानी कर शिक्षा विभाग में फैली गन्दगी दूर हो सकती है।

भतीजी से छेड़खानी में आरोपी ताऊ को चार साल की सजा, विशेष न्यायाधीश ने सुनाया निर्णय

अखंड भारत संदेश
चित्रकूट। नाबालिक भतीजी के साथ छेड़खानी के आरोपी ताऊ को दोष सिद्ध होने पर विशेष न्यायाधीश ने चार वर्ष की सजा सुनाई है। छह हजार रूपए के जुमार्ना से भी दंडित किया है।

मंगलवार को विशेष लोक अभियोजक तेज प्रताप सिंह ने बताया कि बहिलपुरवा थाना के रूकमा बुजुर्ग गांव के नया पुरवा की एक महिला ने बहिलपुरवा थाने में अपने जेठ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को दी तहरीर में वादिनी ने कहा था कि उसका जेठ घर के सामने रहता है और आए दिन उसकी तेरह वर्षीय पुत्री के साथ छेड़खानी करता है। उसकी बेटी भाई बहनों के साथ सोने जाती है तो वह छुपकर देखता है। इससे बेटी सो नहीं पाती। इसी शिकायत पर आरोपी गाली-गलौज करते हुए जाने से मारने की धमकी देता है। वादिनी के अनुसार उसकी बेटी 16 नवम्बर 2018 को दोपहर 12 बजे शौच को घर से कुछ दूरी पर गई थी। अचानक आरोपी पहुंच गया और बेटी को जबरन पकड़ने लगा। गलत काम करने को पैसा का लालच भी दिया। बेटी वहां से भाग आई। घर आकर जानकारी दी। पूंछताछ पर आरोपी जेठ ने गाली-गलौज करते हुए उसे जूते से मारा। सौ नम्बर डायल कर पुलिस के आने पर आरोपी मौके से भाग गया। थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की जांचकर आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद विशेष न्यायाधीश विनीत नारायण पाण्डेय ने निर्णय सुनाया। दोष सिद्ध होने पर आरोपी को चार वर्ष की सजा व छह हजार रूपए जुमार्ना की सजा सुनाई।

मधुमक्खी पालन का किसान ले सकते हैं प्रशिक्षणः डीएचओ

अखंड भारत संदेश
चित्रकूट। जिला उद्यान अधिकारी प्रतिभा पांडेय ने बताया कि मधुमक्खी पालन कृषि उद्यम के बतौर अहम स्थान है। मधुमक्खियां प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से किसानों के दैनिक जीवन से लेकर उनकी आर्थिक आय बढ़ोत्तरी में सहायक है। मधुमक्खियों से शहद उत्पादन के साथ फसलों में परम-परागत से पौधों की जीवंतता एवं उत्पादन में वृद्धि होती है। पर्यावरण संतुलन में भी इनका महत्वपूर्ण योगदान है।

मंगलवार को डीएचओ प्रतिभा पाण्डेय ने बताया कि किसानों की आय वृद्धि को कृषि के साथ अन्य ऐसे व्यवसाय अपनाने की आवश्यकता है, जिसमें कम भूमि एवं कम पूंजी लगे। मधुमक्खी पालन को कृषि उद्यम के रूप में अपनाकर कम पूंजी व कम समय में अधिक आय ले सकते हैं। उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग से मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने की गरज से वैज्ञानिक ढंग से पालन को औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केन्द्र सहारनपुर व बस्ती एवं अधीक्षक राजकीय उद्यान प्रयागराज में 16 सितम्बर से 15 दिसम्बर तक तीन माह का प्रशिक्षण शुरू हो रहा है। ये प्रशिक्षण विभाग निःशुल्क दिलायेगा। प्रशिक्षण में भाग लेने वाले प्रशिक्षार्थियों को ठहरने एवं खाने की व्यवस्था खुद करनी होगी। इस प्रशिक्षण में पुरूष एवं महिलायें भाग ले सकते हैं। न्यूनतम शैक्षिक योग्यता कक्षा आठ पास होना जरूरी है। मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण में भाग लेने के इच्छुक लोगों को निकटतम सुविधा अनुसार संयुक्त निदेशक, औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केन्द्र सहारनपुर, संयुक्त निदेशक, औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केन्द्र बस्ती एवं अधीक्षक राजकीय उद्यान प्रयागराज से सम्पर्क को 16 सितम्बर तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के साथ दो सभ्रांत लोगों या राजपत्रित अधिकारी से प्राप्त चरित्र प्रमाण आवश्यक है।

किसान की लाठी-डंडों से पीट-पीटकर हत्या, खून से लथपथ शव नलकूप पर मिला

अखंड भारत संदेश
चित्रकूट। मऊ थाना क्षेत्र के अहिरी गांव में बीती रात निजी नलकूप पर सो रहे अधेड़ किसान की अज्ञात लोगों ने लाठी-डंडों से पीटकर हत्या कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद हत्यारे मौके से फरार हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पडताल शुरू कर दी है। मृतक के बेटे ने अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कराया है।

ये हत्या मऊ थाने के अहिरी गांव में बीती रात हुई। बताया गया कि किसान रामबालक (57) का बालापुरवा मार्ग में निजी नलकूप है। वहीं पर खेती करता है। रात में रोजाना रामबालक नलकूप पर जाकर सो जाता था। रोज की भांति सोमवार की शाम भोजन के बाद घर से वह नलकूप में गया था। रात में उसकी अज्ञात लोगों ने लाठी-डंडों से पीटकर हत्या कर दी।

मंगलवार को सवेरे जब वह देर तक घर नहीं लौटा, परिजनों ने नलकूप जाकर देखा तो बिस्तर के पास रामबालक का शव खून से लथपथ पड़ा था। हत्या की जानकारी होते ही इलाके में सनसनी फैल गई। परिजनों की सूचना पर थाना प्रभारी मऊ राजेश द्विवेदी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। सीओ मऊ राजकमल ने भी घटना स्थल का जायजा लिया। पुलिस हत्यारों की तलाश में छानबीन कर रही है। फिलहाल हत्या की वजह सामने नहीं आई। मृतक के बेटे आदित्य ने अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कराया है। घटना के बाद मृतक की पत्नी सुआसिया का रो-रोकर बुरा हाल है।

एसेसमेन्ट परीक्षा हुई सम्पन्नः बीएसए

अखंड भारत संदेश
चित्रकूट। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लव प्रकाश यादव ने बताया कि शासनादेश के अनुपालन में महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा उप्र से प्राप्त निदेर्शों के अनुपालन में जिले के बेसिक शिक्षा परिषद से संचालित कक्षा एक से आठ तक के सभी विद्यालयों में बच्चों का भाषा, गणित एवं विज्ञान में अपेक्षित विकास को त्रैमासिक मूल्यांकन को 15-16 सितम्बर को एसेसमेण्ट टेस्ट परीक्षा पूर्वान्ह 8.50 से 10.20 बजे तक होगी। इस परीक्षा में जिले के परिषदीय स्कूलों के कक्षा एक से तीन तक नामांकित 51801 छात्र-छात्राओं के सापेक्ष 44403 छात्र-छात्रायें एवं कक्षा चार से आठ तक नामांकित 83621 छात्र-छात्राओं के सापेक्ष 71593 छात्र-छात्रायें मौजूद रहे। इस तहत से जिले में कक्षा एक से आठ तक कुल 135422 छात्र-छात्राओं के सापेक्ष 115996 छात्र-छात्रायें मौजूद रहे। इस परीक्षा को सम्पन्न कराने को जिलाधिकारी ने जिले के सभी 1262 विद्यालयों को 49 सेक्टर में बांटते हुए सेक्टर/संकुल/न्याय पंचायत में स्थित विद्यालयों की देखरेख को मजिस्ट्रेट नियुक्त किये थे। जिले के सभी एआरपी, एसआरजी व जिला समन्वयकों को दस-दस विद्यालय आवंटित हुए थे। परीक्षा के निरीक्षण को लगे थे। जिले के सभी विकासखण्डों के खण्ड शिक्षा अधिकारियों ने भी अपने स्तर से प्रत्येक विद्यालय को दूसरे विद्यालय में कार्यरत शिक्षक को पर्यवेक्षक नियुक्त किया था। जिले में निपुण एसेसमेण्ट टेस्ट परीक्षा सकुशल सम्पन्न हुई।

तीन को होगी आयुक्त कार्यालय में पेंशन अदालत

अखंड भारत संदेश
चित्रकूट। वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेश सिंह ने बताया कि आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा की अध्यक्षता में मंडलीय पेंशन अदालत एवं सेवा निवृत अध्यापकों/कर्मचारियों के लंबित देयकों की बाबत जनसुनवाई एक व दो अक्टूबर को रविवारीय अवकाश एवं महात्मा गांधी जयंती होने के कारण तीन अक्टूबर को पूर्वान्ह 11 बजे होगी।

मंगलवार को वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेश सिंह ने बताया कि पेंशन अदालत से संबंधित वाद तीन प्रतियों व जनसुनवाई से संबंधित शिकायत दो प्रतियों में कार्यालय अपर निदेशक कोषागार एवं पेंशन चित्रकूटधाम मंडल बांदा में पंजीकृत डाक से अथवा व्यक्तिगत 23 सितंबर को शाम चार बजे तक दे सकते हैं। पेंशन अदालत से संबंधित वाद पत्र व सुनवाई से संबंधित शिकायती पत्र की प्रति कर्मचारी अपने मूल कार्यालय में प्राप्त करायेंगे।

ऐंचवारा-सरैंया में प्रगति न होने पर नायब चकबन्दी का नहीं मिलेगा वेतनः डीएम

अखंड भारत संदेश
चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने चकबंदी कार्यों की प्रगति बाबत समीक्षा बैठक में कब्जा परिवर्तन बाबत बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी को निर्देश दिये कि जिस गांव में चकबंदी नहीं हो रही है, वहां से एक लेखपाल बगरेही में अटैच करायें। उन्होंने बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी को निर्देश दिये कि कब्जा परिवर्तन को एक टाइम लाइन दिसंबर तक बनायें।

मंगलवार को जिलाधिकारी ने कलेक्टेट्ज सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि जो धारा 52 करा रहे हैं, उसी को करायें। चारों तरफ न फैलायें। कब्जा परिवर्तन के तहत ऐचवारा से बार-बार शिकायत आ रही है। बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी को निर्देश दिये कि किसी लेखपाल को लगाकर कार्य करायें। सरैया-ऐचवारा में कोई प्रगति नहीं है। ऐचवारा में भी एक टाइम लाइन बनायें। नायब तहसीलदार चकबंदी मानिकपुर से कहा कि ऐचवारा व सरैया में बीस दिन में प्रगति नहीं होती तो वेतन नहीं मिलेगा।

उन्होंने हेला गांव की बाबत उपजिलाधिकारी, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी, एसएचओ को निर्देश दिये कि गांव में चैपाल लगाकर कार्य करायें। नहीं मानते तो खातेदार के खिलाफ कार्रवाई करायें। रैपुरा में सर्वे नहीं हुआ, जिलाधिकारी ने एडीएम न्यायिक को निर्देश दिये कि राजस्व परिषद से बातकर सर्वे टीम मंगायें। बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी को निर्देश दिये कि एक पत्र निदेशालय भेजकर बंदोबस्त भूमि चित्र की भी मांग करें। जिलाधिकारी ने धारा 10, 20 में कितने गांव हैं, जानकारी ली। कहा कि धारा 10 और 20 का प्रकाशन भी नहीं हुआ, प्रकाशन करायें। धारा 10 जो पुराने हो गए हैं, धारा 20 में लायें। जिलाधिकारी ने बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी को निर्देश दिये कि धारा 52 में चरदहा, खरौंध, बगरेही, खण्डेहा ग्राम पंचायत लायें। लंबित वाद में कहा कि जो मामले लंबित हैं, जल्द निस्तारण करायें। वरासत बाबत कहा कि किसानों को बहुत परेशानी होती है, निस्तारण करायें। नकल को आवेदन आते हैं तो समझे कि लेखपाल कार्य नहीं कर रहा, निस्तारण करायें। बैठक में धारा 27, नियम 10, 9 व विभागीय कार्य के बारे में विस्तृत चर्चा हुई। इस मौके पर एडीएम न्यायिक बंदिता श्रीवास्तव, एएसडीएम सौरव यादव, बंदोबस्त अधिकारी मनोहर लाल धर्मान, सीओ, एसीओ समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

विदेश संदेश

कोविड संक्रमित होने के बावजूद सहकर्मियों पर खांसने का आरोप, भारतीय मूल के व्यक्ति को हुई जेल

सिंगापुर। सिंगापुर में भारतीय मूल के 64 वर्षीय व्यक्ति को कोरोना नियमों का उल्लंघन करने के आरोप में दो सप्ताह जेल की सजा सुनाई गई है। आरोप हैं कि व्यक्ति ने कोरोना संक्रमित होने के बावजूद मास्क नहीं पहना और अपने सहकर्मियों पर खांसा भी था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, व्यक्ति की पहचान तमिलसेल्वम के रूप में हुई है जो लिओंग हूप सिंगापुर में सफाईकर्मी के रूप में काम कर रहा था।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, 18 अक्तूबर 2021 को तमिलसेल्वम ने काम के दौरान अपने सहायक लॉजिस्टिक मैनेजर को बताया कि वह स्वस्थ महसूस नहीं कर रहे हैं। चूंकि उस समय कोरोना महामारी फैली हुई थी तो तमिलसेल्वम का कोरोना टेस्ट कराया गया। जिसमें तमिलसेल्वम कोरोना संक्रमित पाया गया। इसके बाद तमिलसेल्वम को घर जाने के लिए कह दिया गया। आरोप है कि तमिलसेल्वम तुरंत घर नहीं गया और अपने सहायक लॉजिस्टिक मैनेजर को इसकी सूचना देने उनके कार्यालय पहुंच गया।

सहायक लॉजिस्टिक मैनेजर को पहले ही तमिलसेल्वम के कोरोना संक्रमित होने की जानकारी हो गई थी। ऐसे में उन्होंने तमिलसेल्वम को तुरंत कार्यालय से बाहर निकल जाने को कहा। आरोप है कि तमिलसेल्वम दरवाजे से निकल गया था लेकिन खांसते हुए कार्यालय में दोबारा लौटा। यह पूरी घटना कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। इतना ही नहीं तमिलसेल्वम ने इसके बाद भी मजाक में कई बार मास्क नीचे करके खांसा। इससे सहकर्मी परेशान हो गए। एक सहकर्मी क्लर्क गुर्दे की बीमारी से जूझ रहा था, जिसके चलते उसे काफी परेशानी हुई। हालांकि इस घटना के बाद किसी को कोरोना का संक्रमण नहीं हुआ।

जी-20 शिखर सम्मेलन: पीएम मोदी का मुरीद हुआ व्हाइट हाउस, कहा- बाइडन सकारात्मक कर रहे महसूस

वाशिंगटन। इस साल भारत की अध्यक्षता में हुआ जी-20 शिखर सम्मेलन काफी सफल रहा। दुनियाभर में जी-20 की सफलता की प्रशंसा हो रही है। व्हाइट हाउस सम्मेलन के बाद से ही भारत और पीएम मोदी की तारीफों के पुल बांध रहा है। एक बार फिर अमेरिका ने जी-20 की अध्यक्षता के लिए भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया और कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडन दिल्ली में नेताओं के शिखर सम्मेलन से बहुत सकारात्मक और आशावादी महसूस कर रहे हैं। अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के रणनीतिक संपर्क समन्वयक जॉन किर्बी ने एक सवाल के जवाब में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि बाइडन जी-20 से आने के बाद से ही बेहद सकारात्मक और आशावादी महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेरा मतलब है कि जी-20 में जरूरी मुद्दों पर सफल बात हुई। इसलिए हम सभी जी-20 की सफल अध्यक्षता के लिए प्रधानमंत्री मोदी और भारत के आभारी हैं। किर्बी ने नौ और 10 सितंबर को दिल्ली में हुए शिखर सम्मेलन का जिक्र करते हुए कहा कि यह दो दिन बहुत ही सार्थक रहे। दरअसल, जॉन किर्बी संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78वें उच्च स्तरीय सत्र के लिए अमेरिका की प्राथमिकताओं के साथ-साथ विदेश नीति के अन्य मुद्दों पर सोमवार को न्यूयॉर्क फॉरेन प्रेस सेंटर में संवाददाताओं से बात कर रहे थे। बाइडन आज संयुक्त राष्ट्र महासभा के हॉल में 193 सदस्यीय महासभा के नेताओं को संबोधित करेंगे। किर्बी ने आगे कहा कि उच्च स्तरीय सप्ताह के दौरान भारतीय प्रतिनिधिमंडल के साथ बाइडन के एजेंडे पर कोई द्विपक्षीय चर्चा नहीं हुई है। संयुक्त राष्ट्र महासभा में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की की मौजूदगी से वैश्विक दक्षिण की प्राथमिकताओं से ध्यान हटाने के बारे में पूछे गए एक अन्य सवाल के जवाब में किर्बी ने कहा कि बाइडन वैश्विक दक्षिण के बारे में बात करेंगे।

अमेरिका: राष्ट्रपति पद के लिए रिपब्लिकन पार्टी की बहस में शामिल नहीं होंगे डोनाल्ड ट्रंप

वाशिंगटन। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप रिपब्लिकन पार्टी की दूसरी बहस में भी शामिल नहीं होंगे। दरअसल जिस समय बहस होगी, उस समय डोनाल्ड ट्रंप डेट्रॉयट में यूनियन कार्यकर्ताओं की भीड़ को संबोधित करेंगे। वह ऑटो वर्कर्स को संबोधित करेंगे। बता दें कि ट्रंप रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद के लिए हो रही पहली बहस से भी नदारद रहे थे।

कैलिफोर्निया में होगी दूसरी बहस

डोनाल्ड ट्रंप, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की इलेक्ट्रिक वाहनों की नीति का आलोचक हैं। ट्रंप ने आरोप लगाया है कि जो बाइडन ने इलेक्ट्रिक वाहन जनादेश के द्वारा ऑटो इंडस्ट्री के खिलाफ जंग छेड़ी हुई है। ट्रंप, रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनने की रेस में बहुत आगे हैं। पहले बहस में शामिल ना होने के बावजूद डोनाल्ड ट्रंप 50 प्रतिशत पॉइंट्स के साथ अपने नजदीकी प्रतिद्वंदी से आगे हैं। रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवारों की पहली बहस बीते महीने विस्कोंसिन में हुई थी।

कनाडा ने भारतीय राजनयिक को किया निष्कासित

खालिस्तानी आतंकी निज्जर हत्याकांड में ट्रूडो ने लगाया भारत पर आरोप

ओटावा। भारत के साथ रिश्तों में बढ़ती खटास के बीच कनाडा ने सोमवार को एक शीर्ष भारतीय राजनयिक को निष्कासित कर दिया है। इससे पहले कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत सरकार के संभावित कनेक्शन का आरोप लगाया था।

ट्रूडो के बयान के बाद कनाडा की गृहमंत्री मेलानी जोली ने भारतीय राजनयिक को निष्कासित कर दिया। जोली ने कहा कि प्रधानमंत्री ट्रूडो ने यह मुद्दा अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के समक्ष भी उठाया है। कनाडा सरकार का आरोप है कि भारतीय राजनयिक हरदीप सिंह निज्जर हत्याकांड की जांच में हस्तक्षेप कर रहे थे। जबकि कनाडा की एजेंसी इसकी जांच को लेकर प्रतिबद्ध है। कनाडाई एजेंसियां निज्जर हत्याकांड में भारत की साजिश की संभावनाओं की तलाश में जांच कर रही हैं। इससे पहले ट्रूडो ने ओटावा में हाउस ऑफ कॉमन्स को संबोधित करते हुए कहा कि कनाडा की धरती पर

कनाडाई नागरिक की हत्या में विदेशी सरकार की संलिप्तता अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा कि कनाडा की सुरक्षा एजेंसियां भारत सरकार और कनाडाई नागरिक हरदीप निज्जर की हत्या के बीच की संभावित कड़ी के आरोपों की जांच कर रही है। गौरतलब है कि इसी साल जून में कनाडा के सरे स्थित गुरुनानक सिख गुरुद्वारा के करीब दो अज्ञात हमलावरों ने चरमपंथी संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) का प्रमुख खालिस्तानी नेता हरदीप सिंह निज्जर की गोली मार कर हत्या कर दी थी। भारतीय एजेंसी एनआईए ने निज्जर को भगोड़ा घोषित कर रखा था। निज्जर कनाडा में रहते भारत के खिलाफ खालिस्तानी आतंकी गतिविधियों को संचालित कर रहा था।

भ्रष्टाचार के मामले में यूक्रेन में छह उप रक्षा मंत्रियों को हटाया गया

कीव। यूक्रेन में छह उप रक्षा मंत्रियों को समेत रक्षा मंत्रालय के कई वरिष्ठ अधिकारी भी हटाए गए हैं। इन सभी को हटाए जाने के संबंध में काई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। हालांकि इसका कारण भ्रष्टाचार माना जा रहा है। ज्ञात रहे कि दो सप्ताह पहले भ्रष्टाचार मामले में रक्षा मंत्री ओलेक्सी रेजनिकोव को हटा दिया गया था। वहीं, पूर्वी यूक्रेन में भीषण लड़ाई जारी है।

यूक्रेन के कैबिनेट मंत्रियों के स्थायी प्रतिनिधि तारस मेलनीचुक के टेलीग्राम अकाउंट के मुताबिक, बर्खास्त किए गए उप रक्षा मंत्रियों में हन्ना मलियार, विताली डेनेहा और डेनिस शारापोव शामिल है। इसके अलावा रक्षा मंत्रालय के सचिव कोस्टिएंतिन वाशचेंको को भी बर्खास्त कर दिया गया है। मेलनीचुक ने उन्हें बर्खास्त करने का कोई कारण नहीं बताया है लेकिन सरकार सैन्य साजो सामान खरीद में भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच कर रही है।

रक्षा मंत्री का पदभार संभालने वाले रुसतेम उमेरोव ने तत्काल कोई बयान जारी नहीं किया।

नए रक्षा मंत्री रुस्तम उमराव क्रीमियाई मूल के तातार मुस्लिम हैं। उमराव ने कहा है कि हम रक्षा मंत्रालय का पुनर्गठन कर रहे हैं लेकिन हमारा काम पूर्ववत जारी है। मंत्री पद संभालने के बाद उमराव ने कहा था कि उनकी प्राथमिकता भ्रष्टाचार से लड़ते हुए सैन्य बलों को मजबूत करना है।

नेसमाजसेवा या धर्मांतरण का धंधा, 7 विदेशी एनजीओ का वार्षिक बजट 1128 करोड़

काठमांडू। नेपाल में विभिन्न सामाजिक कार्यों के लिए सात अंतरराष्ट्रीय गैर सरकारी संस्थाओं (एनजीओ) ने अपने सालाना बजट के लिए सरकार से 1128 करोड़ रुपए की स्वीकृति ली है। सरकार के समाज कल्याण परिषद ने इन एनजीओ को विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों पर यह रकम खर्च करने की स्वीकृति दी है। खास बात यह है कि इन विदेशी संस्थाओं के खिलाफ व्यापक स्तर पर ईसाई धर्मांतरण में शामिल होने की शिकायतें रही हैं।

समाज कल्याण परिषद् की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक आर्थिक वर्ष 2023-24 के लिए 7 विदेशी संस्थाओं ने तीस जिलों में विभिन्न कार्यक्रमों के नाम पर 1128 करोड़ रुपए का बजट स्वीकृत कराया है। इन संस्थाओं में लुथरन वर्ल्ड रिलिफ (अमेरिका), कैथोलिक रिलिफ सर्विसेज, एडवेन्टिस्ट डेवलपमेंट एंड रिलिफ एजेन्सी (अमेरिका), वर्ल्ड विजन इंटरनेशनल (अमेरिका), स्ट्रॉम फाउंडेशन (नर्वे), आईएनफ इंटरनेशनल (ऑस्ट्रेलिया) और किंडरनोथ लाइफ (जर्मनी) शामिल है। इन संस्थाओं पर सालों से नेपाल में धर्मांतरण कराने का आरोप रहा है।

समाज कल्याण परिषद के आंकड़ों के मुताबिक इन सात संस्थाओं ने नेपाल के 30 जिलों को विभिन्न सामाजिक और सेवा कार्यों के चयन किया है। इनमें सप्तरी, धनुषा, रौतहट, महोत्तरी, सर्लाही, उदयपुर, नवलपरासी

(बर्दघाट सुस्ता पश्चिम), बर्दिया, कैलाली, रुपन्देही, कपिलवस्तु, काठमाडौं, सिन्धुली, कास्की, लमजुङ, गोरखा, अछाम, बझाङ, डोटी, कञ्चनपुर, सुर्खेत, सल्यान, हुम्ला, मुगु, डोल्पा, रूकुम पश्चिम, दैलेख, जाजरकोट, जुम्ला और कालीकोट शामिल है। इन संस्थाओं ने समाज कल्याण परिषद में जिन कार्यक्रमों का उल्लेख किया है उनमें युवा उद्यमशीलता विकास परियोजना, पोषण और जल सुधार परियोजना, द इनहैंस्ड रूरल एआई प्रोजेक्ट (छोटे डेयरी किसानों के लिए), बाल कल्याण और एकीकृत विकास परियोजना प्रमुख है। इन पर बड़ी रकम खर्च की जाएगी। इसी तरह समुदाय में आधारित विपत जोखिम न्यूनीकरण परियोजना, संवाद कार्यक्रम (युवतियों की शिक्षा और सशक्तीकरण के लिए), अस्पताल परियोजना और महिला सशक्तीकरण तथा बाल अधिकार संरक्षण कार्यक्रम संचालन करने की स्वीकृति ली गई है। समाज कल्याण परिषद के प्रवक्ता संजय कुमार मल्लिक ने बताया कि कोई भी विदेशी एनजीओ नेपाल के किसी एनजीओ के साथ मिलकर ही कार्यक्रमों का संचालन कर सकता है। धर्मांतरण के सवाल पर प्रवक्ता ने बताया कि किसी भी संस्था की तरफ से जो कागजात परिषद में जमा कराया जाता है उनमें कहीं भी धर्मांतरण का उल्लेख नहीं रहता है। लेकिन ईसाई मिशनरी एनजीओ सामाजिक और सेवा कार्यों के नाम पर क्या करते हैं, यह किसी से छिपा नहीं है। मल्लिक ने कहा कि हमारे पास भी इन संस्थाओं को लेकर शिकायतें आती रहती हैं और उनकी जांच भी होती है।

इटली में तेज भूकंप के झटके, धरती हिली तो बिस्तर छोड़कर भागे लोग

रोम। इटली में उस वक्त अचानक भूकंप के तेज झटके लगे, जब अधिकांश लोग सो रहे थे। इन तेज भूकंप के झटकों से धरती हिली तो लोग बिस्तर छोड़कर भाग खड़े हुए। सुबह पांच से नौ बजे के बीच कई बार भूकंप के झटके महसूस किये गए।

जानकारी के मुताबिक इटली में 5.10 बजे अचानक कई हिस्सों में भूकंप के झटके महसूस किए गए। टस्कनी के कुछ हिस्सों में आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.8 दर्ज की गयी। इटली के भूभौतिकी और ज्वालामुखी विज्ञान संस्थान के अनुसार भूकंप का केंद्र फ्लोरेंस के उत्तर-पूर्व में मार्राडी के पास था और यह सुबह 5.10 बजे आया था। बाद में कुछ और छोटे झटके महसूस किए गए। यूरोपियन मेडिटेरेरियन सिस्मोलॉजिकल सेंटर (यूएमएससी) के अनुसार पहले झटके के बाद 5 और 5.1 तीव्रता के दो और बड़े झटके महसूस किये गए। यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे (यूएसजीएस) की रिपोर्ट

के अनुसार सुबह 8.40 बजे 5.1 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किये गए। इस बार भी भूकंप का केंद्र मार्राडी से छह किलोमीटर दूरी पर था। यूएसजीएस के अनुसार भूकंप के कारण दस किलोमीटर गहराई तक धरती कांपी। अचानक आए झटकों से इटली के बचाव दल सतर्क हो गए। इटली की बचाव टीम की ओर से जानकारी दी गयी कि उनके पास कुछ निवासियों के फोन आए थे। वे खासे परेशान भी थे।

अचानक सुबह भूकंप के झटकों के कारण लोग नींद से उठकर भागे और घरों के बाहर निकल आए। दरअसल सुबह पांच बजकर दस मिनट पर पहले झटके के समय ज्यादातर लोग सो रहे थे। बताया गया कि जिस क्षेत्र में भूकंप के झटके महसूस किये गए, वह क्षेत्र भूकंप के लिए उच्च जोखिम वाला माना जाता है। अधिकारियों ने बताया कि समाचार लिखे जाने तक किसी नुकसान या किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

छह अरब डॉलर लेकर ईरान ने आठ साल बाद रिहा किए पांच अमेरिकी नागरिक

तेहरान। ईरान ने आठ साल बाद पांच अमेरिकी नागरिक रिहा कर दिए हैं। इसके बदले में अमेरिका ने ईरान के जब्त किये गए छह अरब डॉलर लौटा दिए हैं। अब अमेरिका की जेलों से भी पांच ईरानी कैदी इन अमेरिकी कैदियों के बदले छोड़े जाएंगे। दरअसल, पांच अमेरिकी नागरिक वर्ष 2015 से ईरान की जेल में बंद थे। इन्हें रिहा करने के लिए ईरानी अधिकारियों ने बताया था कि ईरान के जब्त किए छह अरब डॉलर अमेरिका से मिलने के बाद ही अमेरिकी कैदी रिहा किये जाएंगे। इसे कैदियों की रिहाई की मुख्य शर्तों में से एक बताया गया था। ईरान के साथ कैदियों की अदला-बदली के तहत पांच बंदी तेहरान से रवाना होकर कतर पहुंचे। इनके कतर पहुंचने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने एक बयान में कहा कि ईरान में कैद पांच निर्दोष अमेरिकी आखिरकार अपने घर वापस आ रहे हैं। कतर में अमेरिकी राजदूत ने भी इन अमेरिकी बंदियों से मुलाकात की।

अमेरिकी नागरिकों की रिहाई के लिए पिछले एक साल से चला आ रहा प्रयास छह अरब डॉलर लौटाने के बाद आखिरकार सफल हो गया है और सभी को आजादी मिली है। अब अमेरिका की जेलों से भी पांच ईरानी कैदी इन अमेरिकी कैदियों के बदले छोड़े जाएंगे।

संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में नहीं पहुंचे चीन, फ्रांस, रूस और ब्रिटेन, महासचिव गुटेरेस आहत

न्यूयॉर्क। संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में राष्ट्राध्यक्षों के न पहुंचने से संयुक्त राष्ट्र महासचिव आहत हैं। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के पांच स्थायी सदस्यों में अमेरिकी राष्ट्रपति को छोड़कर किसी राष्ट्राध्यक्ष के न पहुंचने पर संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा है कि यहां कोई मेला नहीं चल रहा है।संयुक्त राष्ट्र महासभा की 78वीं बैठक के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन न्यूयॉर्क पहुंचे हैं। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के पांच स्थायी सदस्यों अमेरिका, चीन, फ्रांस, शी जिनपिंग, ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों उच्च स्तरीय बैठक

में भाग नहीं ले रहे हैं। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव, चीन के उपराष्ट्रपति हान झंग, ब्रिटेन के उप-प्रधानमंत्री ओलिवर डाउडेन और फ्रांस के विदेश मंत्री कैथरीन कोलोना संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने-अपने देशों का प्रतिनिधित्व करेंगे।

प्रमुख नेतृत्व की अनुपस्थिति को लेकर संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि यहां कोई मेला नहीं चल रहा है। वैसे विभिन्न गंभीर वैश्विक मुद्दों पर सरकारों के फैसले, किसी नेता विशेष की उपस्थिति से ज्यादा अहम हैं।

यह एक राजनीतिक निकाय है, जिसमें सरकारों का प्रतिनिधित्व किया जाता है। उन्हें चिंता इस बात की है कि जो देश यहां हैं, वह सतत विकास लक्ष्य की प्रतिबद्धताओं को मानने के लिए तैयार हों। दुर्भाग्य से चीजें सही दिशा में आगे नहीं बढ़ रही हैं और ये एक हकीकत है। हमें कई अहम चीजों पर प्रतिबद्धता की जरूरत है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय को यह समझना होगा कि हमारे पास एक अन्यायपूर्ण, निष्क्रिय और पुरानी अंतरराष्ट्रीय वित्तीय प्रणाली है, जिसे सुधारने की जरूरत है।

रिपोर्ट: पाकिस्तान ने अमेरिका को बेचे हथियार, यूक्रेन को होंगे सप्लाई; पैसों के दबाव में झुका इस्लामाबाद

न्यूयॉर्क। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि यूक्रेन को सप्लाई करने के लिए पाकिस्तान ने एक खुफिया सौदे के तहत अमेरिका को हथियार बेचे। इसके बदले में आर्थिक संकट से घिरे पाकिस्तान को आईएमएफ ने बेलआउट पैकेज दिया है। रिपोर्ट में अपने दावे के पक्ष में पाकिस्तानी और अमेरिकी सरकार के दस्तावेजों का हवाला दिया गया है। हालांकि पाकिस्तानी सरकार ने इन आरोपों को खारिज किया है।

क्या है रिपोर्ट में

ऑनलाइन खोजी वेबसाइट द इंटरसेप्ट ने यह रिपोर्ट प्रकाशित की है। रिपोर्ट में बताया गया है कि यूक्रेनी सेना के इस्तेमाल के लिए पाकिस्तान और अमेरिका के बीच यह सौदा हुआ। रिपोर्ट के अनुसार, इस सौदे के लिए कथित तौर पर अमेरिका ने पाकिस्तान पर दबाव बनाया। बता दें कि आर्थिक तंगी से जूझ रहे पाकिस्तान को आईएमएफ से तीन अरब डॉलर

का बेलआउट पैकेज मिला है। रिपोर्ट के अनुसार, आईएमएफ से इस बेलआउट पैकेज को पाने के लिए ही अमेरिकी दबाव में पाकिस्तान ने यह सौदा किया। हालांकि पाकिस्तान के विदेश विभाग की प्रवक्ता मुमताज जाहरा बलोच ने रिपोर्ट में किए गए दावों को खारिज कर दिया। जाहरा बलोच ने आरोपों को आधारहीन और मनगढ़ंत बताया।

पाकिस्तान ने आरोपों को किया खारिज

बलोच ने कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध में पाकिस्तान की नीति सख्त तौर पर निष्पक्ष रहने की है और किसी भी देश को हथियार या गोला बारूद मुहैया नहीं कराए हैं। पाकिस्तान के हथियार निर्यात के लिए सख्त नियम हैं। गौरतलब है कि जुलाई में यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्री कुलेबा ने पाकिस्तान का दौरा किया था। उस दौरान कुलेबा ने पाकिस्तान द्वारा यूक्रेन को हथियार सप्लाई करने की खबरों को खारिज कर दिया था। पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने भी इन आरोपों को खारिज किया था।

ऐसी भी रिपोर्ट्स आई थी कि पाकिस्तान ने वारसा में हथियारों की बिक्री के लिए एक फर्म भी स्थापित की थी। वहीं अप्रैल में बीबीसी को दिए एक इंटरव्यू में यूक्रेन के एक शीर्ष कमांडर ने बताया था कि उन्हें पाकिस्तान समेत कई देशों से हथियार मिले हैं लेकिन यूक्रेन की सरकार ने इससे इनकार कर दिया था।

बीते साल 24 फरवरी को रूस-यूक्रेन के बीच युद्ध शुरू हुआ था। उसके बाद से ही पाकिस्तान रूस-अमेरिका के बीच संतुलन बनाने की कोशिश कर रहा है। हालांकि ताजा रिपोर्ट की मानें तो साफ लग रहा है कि पाकिस्तान अमेरिकी दबाव के आगे झुक गया है।

आईटीआर-7 दाखिल करने की समय-सीमा बढ़ाना स्वागत योग्य कदम : नारायण जैन

नई दिल्ली। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने करदाताओं को बड़ी राहत देते हुए आईटीआर-7 फाइलिंग समेत ऑडिट रिपोर्ट दाखिल करने की समय-सीमा आगे बढ़ा दिया है। अधिवक्ता नारायण जैन ने उपरोक्त तारीख बढ़ाने के लिए सीबीडीटी के कदम की सराहना की है। अधिवक्ता नारायण जैन ने मंगलवार को इसको स्पष्ट करते हुए बताया है कि सीबीडीटी ने अपने परिपत्र संख्या 16/2023, दिनांक 18 सितंबर, 2023 में आईटीआर-7 और अन्य के लिए आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करने की समय-सीमा बढ़ाया है। जैन ने बताया कि सीबीडीटी ने आकलन वर्ष 2023-24 के लिए सिर्फ फॉर्म 10बी, फॉर्म 10बीबी दाखिल

करने की तारीख 31 अक्टूबर, 2023 तक और आईटीआर-7 दाखिल करने की तारीख 30 नवंबर, 2023 तक बढ़ाई है, न कि अन्य के लिए। जैन ने कहा कि सीबीडीटी की ओर से जारी यह अधिसूचना ट्रस्ट या धर्मार्थ संस्थान आदि द्वारा फॉर्म 10बी, 10बीबी और आईटीआर-7 दाखिल करने तक ही सीमित है। उन्होंने कहा कि सीबीडीटी की समय-सीमा में दी गई यह छूट ट्रस्टों, संस्थानों, फंडों, विश्वविद्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों और चिकित्सा संस्थानों और केवल ऐसी कंपनियों आदि को राहत प्रदान करता है, जिन्हें धारा 139(4ए), 139(4बी), 139(4सी), या धारा 139(4डी) के तहत आईटीआर प्रस्तुत करना जरूरी है।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।